YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-163 | मंगलवार, 15 जुलाई 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12

सनातन आदिकाल से भारत की पहचान रही है, मंदिरों की गूंजती घंटियां, प्रार्थना के स्वर, आस्था के पवित्र स्थल और ईश्वर में अटूट विश्वास, ये भारत का मूल स्वरुप है। हालांकि, कांग्रेस की सरकारों में तुष्टिकरण के लिए करोड़ों लोगों की आस्था को दरकिनार कर दिया गया, जिसके एक नहीं, बल्कि कई उदाहरण हैं। भाजपा

संसद के कामकाज में एआई का प्रवेश 11 | पंजाब कैबिनेट में पवित्र ग्रंथों की बेअदबी के खिलाफ विधेयक मंजूर 12

## संक्षेप

### मुख्तार अंसारी गैंग का शूटर शाहरुख मुठभेड़ में ढेर

**मुजफ्फरनगर।** यूपी एसटीएफ और पुलिस टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए मुख्तार अंसारी गैंग का शूटर शाहरुख पठान मुठभेड़ में सोमवार मारा गिराया। वह गैंगस्टर संजीव माहेश्वरी जीवा गैंग के लिया भी काम करता था। यूपी एसटीएफ की मेरठ इकाई और पुलिस के साथ शाहरुख पठान की बिजोपुरा चौराहे के पास मुठभेड़ हुई। इसमें वह मारा गया। वह खालापार मुजफ्फरनगर का रहने वाला था और उस पर 50 हजार रुपये का इनाम था। उसके पास से कार व पिस्टल बरामद हुई हैं। बदमाश के विरुद्ध लूट व हत्या के कई मुकदमे हैं। एसटीएफ के एएसपी बृजेश कुमार ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि एक सूचना के आधार पर एसटीएफ टीम ने कार सवार बदमाश की घेराबंदी की थी। इसके बाद बदमाश की तरफ से कई राउंड गोलियां चलाई गईं। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने फायरिंग की। गोली लगने से मुख्तार अंसारी का शूटर शाहरुख घायल हो गया। घायल हालात में उसे इलाज के लिया अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके पास से देशी पिस्टल सहित तीन पिस्टल व 50 से अधिक कारतूस बरामद हुए हैं।

### जून में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर 77 महीने के निचले स्तर पर

**नयी दिल्ली।** सब्जियों और दलहनों की कीमतों में भारी गिरावट के कारण जून में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रास्फीति घटकर 77 महीने के निचले स्तर 2.10 प्रतिशत पर आ गयी। जनवरी 2019 के बाद से जून 2025 में खुदरा मुद्रास्फीति अपने न्यूनतम स्तर पर है। जून 2024 में खुदरा मुद्रास्फीति 5.08 प्रतिशत और इस साल मई में यह 2.82 प्रतिशत थी। जून में खाद्य मुद्रास्फीति शून्य से 1.06 प्रतिशत नीचे दर्ज की गई। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की ओर से सोमवार को जारी खुदरा मूल्य सूचकांक की रिपोर्ट के अनुसार पिछले साल जून की तुलना में इस साल जून में सब्जियों के भाव 19 प्रतिशत नीचे थे।

### उत्तराखंड में पंचायत चुनाव नहीं रूकेंगे

**नैनीताल।** पंचायत चुनाव के मद्देनजर राज्य निर्वाचन आयोग को उत्तराखंड उच्च न्यायालय से फिलहाल राहत मिल गयी है। न्यायालय ने सोमवार को साफ कर दिया कि उसने पंचायत चुनाव प्रक्रिया पर कोई स्थगनादेश जारी नहीं किया है।
चुनाव आयोग चुनावी प्रक्रिया को जारी रख सकता है। हाईकोर्ट के स्पष्टीकरण के बाद आयोग ने चुनाव चिन्हों का आवंटन का काम शुरू कर दिया है। राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से आज उच्च न्यायालय के 11 जुलाई के आदेश के खिलाफ एक स्टे वेकेशन एप्लीकेशन दायर की गयी थी। आयोग की ओर से आज सुबह इस मामले को मुख्य न्यायाधीश की अगुवाई वाली पीठ के समक्ष उठाया गया और कहा गया कि न्यायालय के फैसले से चुनाव प्रक्रिया में पशोपेश की स्थिति उत्पन्न हो गयी है।

# जलनिकासी, राहत और बचाव कार्यों में लापरवाही नहीं चलेगी : योगी

**भारी वर्षा के बाद जलभराव और बाढ़ की आशंका पर मुख्यमंत्री ने की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक**

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को निर्देश दिए हैं कि प्रदेश के कई हिस्सों में भारी वर्षा के चलते जलभराव, सड़क क्षति और कुछ क्षेत्रों में नदियों के जलस्तर में तेज वृद्धि देखी गई है।

इस पर सतत निगरानी रखी जाए। जलनिकासी, राहत और बचाव कार्यों में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं कि जाएगी। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में हाल की बरसात के कारण उत्पन्न परिस्थितियों, विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों में जलभराव और नदियों के जलस्तर में आई वृद्धि की सोमवार को उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। उन्होंने संबंधित विभागों, नगर निगमों, विकास प्राधिकरणों और जिला प्रशासन को निर्देश दिए गए कि जलनिकासी की व्यवस्था को तत्काल प्रभाव से सुचारु बनाया जाए। सभी जलभराव प्रभावित क्षेत्रों से जल निकासी यथाशीघ्र की जाए, ताकि नागरिकों को राहत मिल सके। किसी भी शिकायत या आपात सूचना पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, यह सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि बुंदेलखंड सहित प्रदेश के उन क्षेत्रों में, जहां भारी वर्षा हुई है, वहां जलशक्ति मंत्री और विभाग के प्रमुख सचिव स्वयं स्थलीय



**निर्देश**

- बुंदेलखंड सहित भारी वर्षा वाले अन्य क्षेत्रों में जलशक्ति मंत्री और प्रमुख सचिव करें स्थलीय निरीक्षण
- पूर्वी उत्तर प्रदेश के 16 जिलों में औसत से कम वर्षा, सुनिश्चित करें किसानों को न हो कोई परेशानीः मुख्यमंत्री

निरीक्षण करें और जलभराव, बाढ़ की स्थिति तथा जल संरचनाओं की स्थिति का मूल्यांकन कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित कराएं। साथ ही, उन्होंने पूर्वी उत्तर प्रदेश के उन 16 जिलों का विशेष उल्लेख किया जहां अब तक औसत से कम वर्षा हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन क्षेत्रों में किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध हो, इसकी अग्रिम व्यवस्था की जाए ताकि खेती-किसानी पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। मुख्यमंत्री ने नगर निकायों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि सीवर लाइनें और ड्रेनेज सिस्टम नियमित रूप से साफ हों। जलभराव के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की मरम्मत प्राथमिकता पर की जाए। विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया कि जलभराव वाले इलाकों में विद्युत आपूर्ति प्रबंधन अत्यंत सावधानी से करें, ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना न हो। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि बाढ़ ● शेष पेज 11 पर

### किसानों को खाद की कोई कमी न हो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को निर्देश दिए कि प्रदेश में किसानों को खाद की कोई कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि खाद की आपूर्ति श्रृंखला की सघन मॉनीटरिंग सुनिश्चित की जाए और कालाबाजारी या जमाखोरी की किसी भी कोशिश पर कठोरतम कार्रवाई हो। एक उच्चस्तरीय बैठक में योगी ने खरीफ सीजन को देखते हुये किसानों को आवश्यक खाद की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने की व्यवस्था की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश की कृषि अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए यह आवश्यक है कि किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप उर्वरक समय पर और उचित मूल्य पर उपलब्ध कराया जाए। इसके लिए जिलों में नियमित रूप से खाद वितरण की समीक्षा हो और जिलाधिकारी स्तर से इसकी निगरानी हो। यदि किसी क्षेत्र में खाद की कमी की सूचना मिलती है, तो तत्काल वैकल्पिक आपूर्ति की व्यवस्था की जाए। उन्होने ● शेष पेज 11 पर

### कांवड़ यात्रा में विघ्न डालने वालों से सख्ती से निपटें

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को श्रावण मास के दौरान कांवड़ यात्रा को सुगम और सुचारु बनाये रखने के साथ यात्रा में विघ्न डालने वालों के साथ कड़ाई से पेश आने के निर्देश दिये हैं। योगी ने सोमवार को एक उच्च स्तरीय बैठक में कांवड़ यात्रा की तैयारियों और व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि यह पवित्र यात्रा पूरी तरह शांतिपूर्ण, सुरक्षित और श्रद्धामय वातावरण में सम्पन्न हो, इसके लिए शासन-प्रशासन पूरी सजगता, संवेदनशीलता और सक्रियता से कार्य करे। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि यात्रा मार्गों पर साफ-सफाई, चिकित्सा, पेयजल, भोजनालय, विश्रामालय और शौचालयों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित ● शेष पेज 11 पर

## अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की अहमियत समझें नागरिक : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को लेकर अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि नागरिकों को अपनी बोलने और अभिव्यक्ति की आजादी की कीमत समझनी चाहिए और इसके साथ-साथ स्व-नियंत्रण और संयम का पालन करना चाहिए। न्यायालय ने कहा कि सोशल मीडिया पर बढ़ती विभाजनकारी प्रवृत्तियों पर रोक लगाई जानी चाहिए। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि वह सेंसरशिप की बात नहीं कर रहा है, बल्कि चाहता है कि लोग खुद से जिम्मेदारी निभाएं और अपनी बातों में संयम बरतें।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'कोई भी नहीं चाहता कि राज्य (सरकार) इस तरह के मामलों में हस्तक्षेप करे। इसलिए जरूरी है कि लोग खुद जिम्मेदारी लें और सोशल मीडिया या अन्य मंचों पर ऐसा कुछ न कहें जो समाज में तनाव फैलाए।'

शीर्ष अदालत ने नागरिकों के बीच भाईचारे की भावना बनाए रखने की जरूरत पर भी जोर दिया और कहा कि आज के समय में जब अलगाववादी विचार तेजी से फैल रहे हैं, तो नागरिकों को सोच-समझकर बोलना चाहिए। सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा, 'हम अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन इस पर संविधान में पहले से ही युक्तिपूर्ण सीमाएं हैं और लोगों को इन सीमाओं का पालन करना चाहिए।'

सुप्रीम कोर्ट यह टिप्पणी ने एक ऐसे मामले की सुनवाई के दौरान दी, जिसमें सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक और उकसाने वाली पोस्ट को लेकर चिंता जताई गई थी। अदालत इस बात पर विचार कर



रही है कि क्या आचार संहिता बनाई जा सकती है जिससे ऑनलाइन अभिव्यक्ति की आजादी और समाज में सौहार्द के बीच संतुलन बना रहे।

जस्टिस बी. वी. नागरत्ना और जस्टिस के. वी. विश्वनाथन की पीठ सोशल मीडिया पर एक हिंदू देवी के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करने के आरोप में दर्ज कई एफआईआर से राहत मांगने वाले वजाहत खान की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इससे पहले कोर्ट ने 23 जून को वजाहत खान को गिरफ्तारी से अंतरिम राहत दी थी, जिसे अब 14 जुलाई से आगे बढ़ा दिया गया है। वजाहत खान का कहना है कि उनके पुराने ट्वीट्स के कारण उनके खिलाफ असम, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र और हरियाणा जैसे राज्यों में केस दर्ज किए गए हैं। उन्होंने ये भी बताया कि उन्होंने पहले खुद एक सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर शर्मिष्ठा पनौली के खिलाफ सांप्रदायिक टिप्पणी को लेकर शिकायत दर्ज करवाई थी। जवाब में उनके खिलाफ ही कई एफआईआर दर्ज कर दी गईं। कोर्ट ने वजाहत खान को गिरफ्तारी से मिली अंतरिम राहत अगली सुनवाई तक बढ़ा दी है। साथ ही, वकीलों से इस बड़े मुद्दे पर मदद मांगी है कि नागरिकों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कैसे आत्मनियंत्रण और जिम्मेदारी के साथ उपयोग में लाया जाए।

## अशीम हरियाणा तो अशोक गोवा के राज्यपाल बने

एजेंसी

नई दिल्ली। पूर्व नागरिक उड्डयन मंत्री पुसापति अशोक गजपति राजू को सोमवार को गोवा का राज्यपाल और जम्मू-कश्मीर के पूर्व उपमुख्यमंत्री कविंदर गुप्ता को लद्दाख का नया उपराज्यपाल नियुक्त किया गया। इसके अलावा प्रोफ़ेसर अशीम कुमार घोष हरियाणा के नए राज्यपाल होंगे। नियुक्तियां उनके संबंधित पदों का कार्यभार संभालने की तिथि से प्रभावी होंगी।

राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के उपराज्यपाल पद से ब्रिगेडियर बीडी मिश्रा (सेवानिवृत्त) का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। इसमें आगे कहा गया कि कविंदर गुप्ता को लद्दाख का उपराज्यपाल, राजू को गोवा का राज्यपाल और प्रोफ़ेसर अशीम कुमार घोष को हरियाणा का नया राज्यपाल नियुक्त करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू को काफी खुशी हो रही है। पीए गणपति राजू : तेलुगू देशम



- कविंदर गुप्ता होंगे लद्दाख के एलजी

पार्टी से ताल्लुक रखने वाले पीए गणपति राजू गृह 2018 से मामलों की स्थायी समिति के सदस्य हैं। इसके अलावा वे 27 मई 2014 से 10 मार्च 2018 तक केंद्रीय कैबिनेट मंत्री (नागरिक उड्डयन) रहे। मई 2014 में वे 16वीं लोकसभा के लिए निर्वाचित हुए। 1999 से 2004 तक वे आंध्र प्रदेश सरकार में राजस्व मंत्री रहे। 1994 से 1999 तक वे आंध्र प्रदेश सरकार में वाणिज्यिक कर, वित्त एवं विधायी मामलों के कैबिनेट मंत्री रहे। 1985 से 1989 तक वे आंध्र प्रदेश सरकार के आबकारी मंत्री (कैबिनेट मंत्री) रहे। 1983 से ● शेष पेज 11 पर

## आईएसएस से रवाना हुए शुभांशु शुक्ला, आज लौटेंगे धरती पर

नयी दिल्ली। भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला अन्य तीन साथी अंतरिक्ष यात्रियों के साथ सोमवार को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से रवाना हो गये। एग्जिओम स्पेस ने इस बात की पुष्टि की है कि एएक्स 4 मिशन में शामिल स्पेसएक्स का ड्रैगन अंतरिक्षयान भारतीय समय के अनुसार दोपहर बाद 4.35 बजे आईएसएस से अलग हो गया। एग्जिओम स्पेस ने बताया कि अब कई चरणों में अंतरिक्षयान के इंजन को चालू कर उसे आईएसएस से दूर ले जाया जाएगा। सेपरेशन के लगभग 22.5 घंटे बाद सभी यात्री अमेरिका के कैलिफोर्निया तट के पास समुद्र में उतरेंगे। आईएसएस पर जाने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला इस मिशन में पायलट के तौर पर शामिल हुए थे। अपने साथियों के साथ वहां उन्होंने कई अनुसंधान मिशनों को अंजाम दिया, जिनमें इसरो द्वारा तैयार किए गए मिशन भी शामिल थे। खास बात यह है कि भारतीय वायु सेना में टेस्ट पायलट शुक्ला देश के पहले अंतरिक्ष मिशन 'गगनयान' के ● शेष पेज 11 पर

## 'बिना रुकावट के कारोबार सिर्फ हमारे नहीं, पूरी दुनिया के हित में : जयशंकर

एजेंसी

बीजिंग/नई दिल्ली 2020 में गलवान में हुई हिंसक झड़प के बाद पहली बार विदेश मंत्री एस। जयशंकर चीन के यात्रा पर गए हैं। यहां वह एससीओ सम्मेलन 2025 (शंघाई सहयोग संगठन) में हिस्सा लेने के लिए गए हैं। साथ ही जयशंकर की इस यात्रा का उद्देश्य सीमावर्ती विवादों को शांति और स्थिरता के साथ हल करना, व्यापारिक और तकनीकी सहयोग को बढ़ावा देना। एस। जयशंकर ने चीन के विदेश मंत्री वांग यी के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने व्यापार, सीमा विवाद से लेकर शांति बहाली जैसे मुद्दों पर चर्चा की।

उन्होंने कहा कि अगर भारत और चीन के आम लोग आपस में मिलते-जुलते रहेंगे, तो इससे सहयोग बढ़ेगा और रिश्ते मजबूत होंगे। जयशंकर ने कहा कि भारत-चीन संबंधों को आपसी सम्मान, साझा हित और एक-दूसरे की संवेदनाओं को समझने के आधार पर संभालना चाहिए। उन्होंने



- चीन के नेताओं के साथ बातचीत से द्विपक्षीय संबंधों में 'सकारात्मक प्रगति' की उम्मीद
- 2020 के गलवान घाटी विवाद के बाद पहली बार विदेश मंत्री एस. जयशंकर चीन के शंघाई सहयोग संगठन सम्मेलन में भाग लेने के लिए बीजिंग पहुंचे

कहा कि भारत और चीन के बीच अच्छे और स्थिर रिश्ते सिर्फ इन दोनों देशों के लिए ही नहीं, पूरी दुनिया के लिए भी फायदेमंद हैं। पूरी दुनिया भारत और चीन के रिश्ते पर नजरें टिकी रहती हैं। जयशंकर ने कहा कि सीमा पर हालात शांत और ठीक रहने की वजह से दोनों देशों के रिश्तों में सुधार हुआ है। दोनों देश अब व्यापार पर ज्यादा साझेदारी कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि पिछले नौ महीनों में भारत और चीन के रिश्तों में अच्छा सुधार हुआ है और बातचीत के जरिए रिश्तों को सामान्य करने की दिशा में आगे बढ़ा गया है। जयशंकर ने बताया कि पिछले साल कजान में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात के बाद से दोनों देशों के रिश्तों में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा कि भारत और चीन को अपने रिश्तों को बेहतर करने के लिए दूरदृष्टि (विजन) से काम लेना होगा और आगे की सोच के साथ आगे बढ़ना होगा। डॉ. जयशंकर ने उपराष्ट्रपति हान के साथ बैठक के दौरान अपनी प्रारंभिक टिप्पणी में कहा कि पिछले वर्ष अक्टूबर में कज़ान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ● शेष पेज 11 पर

## अन्याय रोकने को साक्ष्य एकत्र करना अदालत का दायित्व : हाईकोर्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपने पारित एक आदेश में कहा कि न्यायालय को यह उत्तरदायित्व निभाना चाहिए कि वह स्वयं साक्ष्य एकत्र करने की दिशा में जरूरी कदम उठाए, जिससे किसी प्रकार का अन्याय न हो। हाईकोर्ट ने यह आदेश तब पारित किया जब बीमारियों से पीड़ित एक 80 वर्षीया महिला द्वारा केस में दाखिल राजीनामा कोर्ट में उसके न आने के चलते सत्यापित नहीं हो पा रहा था।

जस्टिस शेखर कुमार यादव ने सिविल जज सीनियर डिवीजन झांसी को आदेश दिया कि वह इस आशय का एक अनुरोध पत्र मध्य प्रदेश होशंगाबाद क्षेत्र के क्षेत्राधिकार प्राप्त न्यायिक मजिस्ट्रेट को भेजकर अनुरोध करें कि वह एक सप्ताह के भीतर पक्षकार जया पुरोहित का कथित राजीनामा सत्यापित कर अगली नियत तिथि से पूर्व इस न्यायालय में प्रेषित करें। हाईकोर्ट ने यह आदेश राधा कृष्ण शर्मा की



- बीमारियों के चलते 80 वर्षीया महिला का दाखिल राजीनामा केस में नहीं हो रहा था सत्यापित

तरफ से दायर द्वितीय अपील पर पारित किया है। हाईकोर्ट के पूर्व पारित आदेश के क्रम में सिविल जज झांसी, दिव्या चौधरी ने आख्या प्रस्तुत कर कहा कि काफी प्रयास के बावजूद, वाद में पक्षकार जया पुरोहित का राजीनामा सत्यापित नहीं हो पा रहा है। कोर्ट की नोटिस तामील होने के बाद भी न तो वह स्वयं अथवा वकील के मार्फत उपस्थित हुईं। अपीलार्थी के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि ● शेष पेज 11 पर

**केजीएमयू परिसर में 941 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित सात परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास**

# 'चिकित्सा अनुसंधान का ग्लोबल सेंटर बनेगा केजीएमयू'

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लखनऊ स्थित किंग जार्ज मेडिकल यूनीवर्सिटी (केजीएमयू) निकट भविष्य में चिकित्सा अनुसंधान का वैश्विक केंद्र बन कर उभरेगा। मुख्यमंत्री ने सोमवार को केजीएमयू परिसर में 941 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित सात परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया।

इस अवसर पर उन्होंने वॉर्ड में जाकर न सिर्फ मरीजों का हालचाल लिया, बल्कि डॉक्टरों से संवाद करते हुए भावी स्वास्थ्य विस्तार की योजनाओं पर भी चर्चा की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए योगी ने कहा कि यह सिर्फ एक संस्थान नहीं, बल्कि एक युग की चिकित्सा परंपरा और राष्ट्र सेवा की प्रेरणा का प्रतीक है। 120 वर्ष की अपनी इस शानदार यात्रा में केजीएमयू ने अनेक मील के पत्थर गढ़े हैं। यह यात्रा सामान्य नहीं रही इसने पिछली सदी की महामारी से लेकर कोविड-19 जैसी वैश्विक त्रासदी का मुकाबला कर प्रदेश और देश का मार्गदर्शन किया।

योगी ने कहा कि यह संस्थान महामारी में अग्रणी रहा, चिकित्सा शिक्षा के विस्तार में सहायक बना और अब टेक्नोलॉजी के साथ भविष्य के लिए तैयार हो रहा है। आज जब 941 करोड़ की परियोजनाएं धरातल पर उतर रही हैं, तो यह महज निर्माण नहीं, बल्कि स्वस्थ उत्तर प्रदेश, समर्थ भारत'' की दिशा में एक नए युग की शुरुआत है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब कोविड-19 का प्रकोप प्रारंभ हुआ था, उस समय केजीएमयू प्रदेश का पहला संस्थान था, जहां कोविड जांच की सुविधा शुरू की गई। पहले 100 कोविड संदिग्ध मरीजों की जांच यहीं से प्रारंभ हुई थी। इसी साहसिक और त्वरित पहल से यूपी ने समय रहते महामारी से मुकाबले की रणनीति विकसित की। उन्होने यहां ऑर्थोपेडिक सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक और न्यू कार्डियोलॉजी विंग का लोकार्पण किया। साथ ही 500 बेड वाले ट्रॉमा सेंटर, जनरल सर्जरी विभाग के नवीन भवन, प्रशासनिक परिसर और पेशेंट यूटिलिटी कॉम्प्लेक्स का शिलान्यास



किया। योगी ने कहा कि यह अपने आप में किसी भी चिकित्सा संस्थान के लिए बड़ी उपलब्धि है। एक साथ करीब एक हजार करोड़ रुपये की लागत से परियोजनाएं शुरू होना इस बात का प्रमाण है कि डबल इंजन की सरकार प्रदेश के स्वास्थ्य ढांचे को विश्वस्तरीय बनाने के लिए कितनी गंभीर हैं।

उन्होने कहा कि पिछले 11 वर्षों में भारत ने हर क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति की है। स्वास्थ्य क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं है। देश में एम्स जैसी संस्थाएं जो कभी गिनी-चुनी थीं, आज उनकी संख्या 23 हो गई है। उत्तर प्रदेश भी पीछे नहीं है, 75 जिलों में 75 मेडिकल कॉलेज की परिकल्पना अब साकार हो रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि 2024 में ही 17 नए मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की पढ़ाई शुरू हुई है, जिनमें से 13 शासकीय हैं। यह उस परिवर्तन का संकेत है जो प्रदेश के स्वास्थ्य तंत्र में आमजन को राहत देने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार उल्लेखनीय रहा है। पहले डेंगू व इंसेफ़ेलाइटिस जैसी बीमारियों का इलाज लखनऊ तक ही सीमित था, लेकिन अब हर जनपद में प्लेटलेट्स और डायलिसिस की सुविधाएं उपलब्ध हैं। योगी ने बताया कि बलरामपुर में केजीएमयू का सेटेलाइट सेंटर स्थापित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि महानगरीय चिकित्सा सेवाएं छोटे शहरों तक पहुंचे। इससे लखनऊ स्थित स्वास्थ्य संस्थानों पर दबाव कम होगा और मरीजों को स्थानीय स्तर पर ही उपचार मिल सकेगा। मुख्यमंत्री ने आईआईटी कानपुर के साथ मेडिकल टेक्नोलॉजी पर केंद्रित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की पहल की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास हैं कि केजीएमयू और एसजीपीजीआई इस सेंटर से जुड़कर नई रिसर्च करें और भारत को हेल्थ टेक्नोलॉजी में आत्मनिर्भर बनाएं।

योगी ने मरीजों से संवाद के दौरान उनकी संतुष्टि पर प्रसन्नता जाहिर की। उन्होंने कहा कि यह सामान्य बात नहीं है कि एक मरीज का आत्मविश्वास उसका इलाज कर रहा होता है। केजीएमयू में भर्ती मरीजों की आंखों ● शेष पेज 11 पर

# भारत विकास परिषद के 63वें राष्ट्रीय स्थापना दिवस पर सम्मान समारोह संपन्न

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

प्रयागराज। संपर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा और समर्पणङ्क की भावना के साथ भारत विकास परिषद त्रिवेणी शाखा प्रयागराज द्वारा संस्था के 63वें राष्ट्रीय स्थापना दिवस एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन सिविल लाइंस स्थित वात्सल्य सभागार में किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता अरविंद भार्गव ने की, संचालन डॉ. रश्मि मिश्रा ने किया जबकि संयोजन दीपक अग्रवाल, असीम मुखर्जी व कन्हैया अग्रवाल ने संभाला। समारोह में मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति सुधीर नारायण अग्रवाल, मुख्य वक्ता डॉ. चंपा श्रीवास्तव एवं विशिष्ट अतिथि पद्मश्री श्याम बिहारी अग्रवाल, डॉ. आनंद शंकर सिंह, डॉ. नीरज अग्रवाल और रमाशंकर सिंह मंचासीन रहे।दीप प्रज्वलन, भारत माता, स्वामी विवेकानंद और संस्थापक डॉ. सूरज प्रकाश के चित्र पर माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। ''वंदे मातरम्''




और ''भारत माता की जय'' के जयघोष से सभागार गूंज उठा।मुख्य वक्ता डॉ. चंपा श्रीवास्तव का स्वागत लालू मित्तल द्वारा किया गया। उन्होंने डॉ. चंपा के जीवनवृत्त और अंतरराष्ट्रीय उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उन्होंने भारत की साहित्यिक विरासत को मॉरिशस, वियतनाम, बेल्जियम जैसे देशों तक पहुँचाया।मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति सुधीर नारायण अग्रवाल ने परिषद की राष्ट्र निर्माण में भूमिका को महत्वपूर्ण बताया और इसे समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचाने वाली संस्था कहा। डॉ. आनंद शंकर सिंह ने संस्थापक डॉ. सूरज प्रकाश के योगदान की सराहना करते हुए सामाजिक समर्पण की भावना को प्रेरणास्रोत बताया।इस अवसर पर परिषद के विभिन्न शाखाओं के 22 पदाधिकारियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य अतिथि, समाजसेवी, चिकित्सक, शिक्षाविद, महिला कार्यकर्ता एवं व्यापारी मौजूद रहे।अंत में धन्यवाद ज्ञापन अरविंद भार्गव ने किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान, ''भारत माता की जय'' के नारों और सामूहिक प्रीतिभोज के साथ उल्लासपूर्वक संपन्न हुआ।

# मंत्री नंदी के पुनरप्राप्त जन्मोत्सव पर व्यापार मंडल ने किया सेवा कार्यों का आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' के पुनरप्राप्त जन्मोत्सव के अवसर पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा विविध सेवा कार्यों का आयोजन किया गया। इस दौरान वृक्षारोपण, फल वितरण, धार्मिक आयोजन और भंडारों के कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की गई।जिलाध्यक्ष लालू मित्तल के नेतृत्व में 11 जुलाई को 12 पौधे रोपित किए गए तथा जरूरतमंदों को फल वितरित किए गए। आगामी 12 जुलाई को रुद्राभिषेक, सुंदरकांड पाठ और अखंड कीर्तन के साथ कार्यक्रमों की शुरुआत होगी, जिसके पश्चात प्रयागराज जनपद के प्रत्येक प्रमुख बाजार में विशाल भंडारों का आयोजन किया जाएगा।सेवा कार्यों की यह श्रृंखला श्रृंगवेरपुर धाम में आयोजित अखंड रामायण पाठ और भंडारे के साथ संपन्न होगी। इसके अलावा, स्थानीय अस्पतालों में भर्ती मरीजों को फल वितरित कर स्वास्थ्य लाभ की कामना की



जाएगी।गंगापार जिलाध्यक्ष राजेन्द्र केसवानी 'पप्पू भैया' ने बताया कि झूंसी से लेकर जनपद की अंतिम सीमा तक सभी बाजारों में कार्यक्रमों की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। महिला मंडल अध्यक्ष रत्ना जायसवाल ने कहा, ङ्कमंत्री नंदी ने मृत्यु को परास्त कर नया जीवन पाया है, यह ईश्वर की कृपा है और समाज के लिए प्रेरणा भी।ङ्कइस आयोजन में क्षेत्रीय प्रभारी विपिन गुप्ता, जिला मंत्री गोपाल अग्रवाल, महामंत्री योगेश भार्गव, महिला कार्यकर्ता मीनू, मंजू, गया प्रसाद सहित बड़ी संख्या में व्यापारी व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने मंत्री नंदी के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की।

## मानसिक रूप से विक्षिप्त किशोर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**उन्नाव।** औरास थाना क्षेत्र के मुस्लियावां गांव में एक 16 वर्षीय युवक ने पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान सोबरन के पुत्र पारुल के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, पारुल मानसिक रूप से विक्षिप्त था। घटना रविवार की देर रात की है। जब परिजन धान की रोपाई के लिए खेतों में गए थे, तब पारुल ने घर के बरामदे में पंखे से लटककर अपनी जान दे दी। पारुल तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। परिजनों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी औरास भवन सिंह मौर्य ने बताया कि परिजनों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है।[7/14, 5:28?घ्ख्र] राजू श्रीवास्तवः डिवाइडर से टकराए बाइक सवार एक की मौत दो घायल अमन लेखनी समाचार उन्नाव लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर बाराबंकी के लोधेश्वर महादेव मंदिर से जल चढ़ाकर लौट रहे तीन दोस्तों की बाइक डिवाइडर से टकरा गई। हादसा सोमवार दोपहर को औरास थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक्सप्रेसवे पर हुआ। टक्कर में तीनों दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। यूपीडा और एंबुलेंस की मदद से सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास में भर्ती कराया गया। घायलों में कानपुर के मनुवरपुर निवासी 23 वर्षीय अजय कुमार को गंभीर हालत में जिला अस्पताल उन्नाव रेफर किया गया। कन्नौज के जयसिंहपुर निवासी 25 वर्षीय आलोक भी गंभीर रूप से घायल हैं। कानपुर के नेवरा खेड़ा निवासी 25 वर्षीय संदीप को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तीनों युवकों ने हेलमेट नहीं पहना था। बाइक मृतक संदीप चला रहा था। तीनों दोस्त लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे के रास्ते अपने घर लौट रहे थे।सूचना पर औरास पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को सूचना देकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजने का काम कर रही है।

## निशुल्क भोजन वितरण के साथ सदर विधायक से मिलकर दी शुभकामनाएं

**उन्नाव।** कर्म क्रांति सेवा फाउंडेशन के संस्थापक एवं अध्यक्ष चेतन मिश्रा ने संस्था के 143 वे निशुल्क भोजन वितरण अपनी टीम के साथ सदर विधायक पंकज गुप्ता के स्वास्थ्य लाभ हेतु भोजन वितरण स्थल से ईश्वर से प्रार्थना करी वह अपनी टीम के साथ भोजन वितरण कार्यक्रम के समाप्त होने के बाद टीम के साथ उनके आवास पर जाकर भेंट कर गुलाब का फूल भेंट किया वह उनका हाल चाल जान , इस मौके पर सदर विधायक ने सभी का अभिवादन स्वीकार किया एवं कर्म क्रांति सेवा की अन्नपूर्णा रसोई के बारे में भी चर्चा की एवं स्वस्थ हो जाने के बाद अन्नपूर्णा रसोई को आगे बढ़ाने हेतु अपना योगदान देने की बात कही।

## कांवड़ियों के दर्शन और आवागमन को लेकर अपर पुलिस आयुक्त ने किया निरीक्षण



**वाराणसी।** अपर पुलिस आयुक्त, कानून-व्यवस्था एवं मुख्यालय, कमिश्नरेट वाराणसी श्री शिवहरी मीना, द्वारा कमिश्नरेट वाराणसी द्वारा श्रावण मास के प्रथम सोमवार पर आए श्रद्धालुओं/कांवड़ियों/दर्शनार्थियों के सुगम/सुरक्षित दर्शन एवं यातायात के दृष्टिगत श्री काशी विश्वनाथ तीर्थक्षेत्र परिसर, श्री काशी विश्वनाथ कारीडोर, गोदौलिया चौराहा, चौक क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहकर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान श्रवण मास के प्रथम सोमवार को सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत ड्यूटीरत समस्त अधिकारीगण, पुलिस बल, पीएसी बल को ड्यूटी स्थल पर ही ब्रीफ करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।उक्त निरीक्षण के दौरान पुलिस उपायुक्त जोन काशी श्री गौरव वंसवाल, अपर पुलिस उपयुक्त काशी श्री सरवणन टी., अपर पुलिस उपयुक्त महिला अपराध श्रीमती नमृता श्रीवास्तव, अपर पुलिस आयुक्त श्री सुशील कुमार गंगा प्रसाद, सहायक पुलिस आयुक्त, चेतगंज श्री ईशान सोनी आदि राजपत्रित अधिकारीगण मौजूद रहे।

## दलित किशोरी के धर्मांतरण मामले में वांछित अभियुक्त मोहम्मद ताज गिरफ्तार

**प्रयागराज।** जिले में दलित किशोरी को बहला-फुसलाकर धर्मांतरण कराने के सनसनीखेज मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। इस केस में वांछित चल रहा 19 वर्षीय मोहम्मद ताज को फूलपुर क्षेत्र के परासिनपुर नहर के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी प्रयागराज के बहरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत भनेवरा गांव का निवासी है।मोहम्मद ताज पर आरोप है कि उसने अपने साथियों दरकशा बानो और कैफ के साथ मिलकर एक 15 वर्षीय दलित किशोरी को बहलाया, लालच दिया और केरल ले जाकर जबरन धर्मांतरण कराया। इस गंभीर मामले में पहले ही दरकशा बानो और कैफ को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।किशोरी के परिजनों की शिकायत पर तीनों आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। पुलिस अब मामले की विस्तृत जांच में जुटी है और पीड़िता के बयान के आधार पर अन्य पहलुओं की भी छानबीन की जा रही है।

## परिचालनिक कारणों से 27 ट्रेनों के स्टेशनों पर ठहराव समय में संशोधन

**प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा और ट्रेनों के सुगम संचालन हेतु 27 ट्रेनों के ठहराव के समय में आंशिक परिवर्तन किया गया है। यह संशोधन 15 सितंबर 2025 से प्रभावी होगा और चयनित स्टेशनों पर ट्रेनों के आगमन एवं प्रस्थान समय में मामूली परिवर्तन किया गया है। इससे ट्रेनों की समयबद्धता सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।संशोधित समय सारणी के अनुसार, प्रयागराज स्टेशन से गुजरने वाली महत्वपूर्ण ट्रेनों में 11062 जयनगर-लोकमान्य तिलक ट., 12559 बनारस-नई दिल्ली, 12792 दानापुर-सिकंदराबाद, 11034 दरभंगा-पुणे, 15004 गोरखपुर-कानपुर, 22132 बनारस-पुणे सहित कई ट्रेनों के समय में 5 से 15 मिनट तक का परिवर्तन किया गया है।इसी प्रकार कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर भी कुछ ट्रेनों जैसे 12595 और 12571 गोरखपुर-आनंद विहार ट. के प्रस्थान समय में संशोधन किया गया है।रेल प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा से पूर्व संशोधित समय की जानकारी अवश्य प्राप्त कर लें ताकि किसी असुविधा से बचा जा सके। अपडेटेड समय की जानकारी रेलवे की वेबसाइट और पूछताछ केंद्रों पर उपलब्ध रहेगी।

## न्यायमूर्ति विवेक चौधरी और न्यायमूर्ति ओ.पी. शुक्ला दिल्ली हाईकोर्ट में नियुक्त

**प्रयागराज ।** भारत सरकार के विधि एवं न्याय मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी अधिसूचना के अनुसार, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति विवेक चौधरी एवं न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला को दिल्ली उच्च न्यायालय में स्थानांतरित कर नियुक्त किया गया है।यह नियुक्ति सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की 26 मई 2025 की सिफारिश के आधार पर की गई है। कॉलेजियम ने अपने प्रस्ताव में दोनों न्यायाधीशों के स्थानांतरण की अनुशंसा की थी, जिसे केंद्र सरकार ने स्वीकृति प्रदान करते हुए अधिसूचित कर दिया है।न्यायमूर्ति विवेक चौधरी और न्यायमूर्ति ओ.पी. शुक्ला दोनों ही अपने न्यायिक दृष्टिकोण, विधिक विवेक और कुशल निर्णय क्षमता के लिए जाने जाते हैं।

# श्रावण मास के प्रथम सोमवार पर काशी विश्वनाथ की भव्य मंगला आरती का आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



वाराणसी। श्री काशी विश्वनाथ धाम में श्रावण मास के प्रथम सोमवार का आरम्भ दिनांक 14 जुलाई 2025 को प्रातः कालीन बेला में भगवान श्री काशी विश्वनाथ की मंगला आरती के साथ श्रद्धापूर्वक किया गया। आरती के उपरांत धाम के बाहर मैदागिन एवं गोदौलिया की तरफ पंक्तिबद्ध श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। पुष्प वर्षा में पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट, वाराणसी, श्री मोहित अग्रवाल, जिलाधिकारी वाराणसी श्री सत्येन्द्र कुमार, मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री विश्व भूषण, विशेष कार्याधिकारी श्री पवन प्रकाश पाठक, नायब तहसीलदार श्री मिनी एल शेखर, तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारीगणों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।इस पावन पर्व पर श्री काशी विश्वनाथ धाम में देश भर से आने वाले श्रद्धालुओं के दर्शन एवं पूजन की व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए प्रशासन द्वारा धाम क्षेत्र में व्यापक पर्याप्त पेयजल काउंटर्स, चिकित्सा हेल्प डेस्क, खोया पाया केंद्र, तथा अन्य सुविधा एवं सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास सभी श्रद्धालुओं का सुव्यवस्थित एवं सुगम दर्शन सुनिश्चित कराने हेतु सभी संभव एवं आवश्यक व्यवस्थाएं निरंतर सुनिश्चित कर रहा है।

# लेखपाल संघ ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

महराजगंज, रायबरेली। तहसील लेखपाल संघ के पदाधिकारियों ने जनपद हापुड़ में लेखपाल के साथ हुई घटना को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी सचिन यादव को सौंपा। दिए गए ज्ञापन में लेखपाल संघ के पदाधिकारियों ने कहा है कि जनपद हापुड़ में जिला अधिकारी के दमनात्मक व्यवहार एवं उत्पीड़ात्मक कार्यवाही से तनाव ग्रस्त लेखपाल की हृदयविदारक मृत्यु की घटना निंदनीय है। जिस पर प्रभावी कार्यवाही किया जाए। तो वहीं लेखपाल संघ ने यह भी कहा है कि जिलाधिकारी हापुड़ द्वारा अधीनस्थ लेखपाल के प्रति अपमानजनक एवं दमनात्मक व्यवहार एवं बिना जांच के ही झूठी शिकायत पर उत्पीड़ात्मक कार्यवाही के तनाव में लेखपाल सुभाष मीणा की मृत्यु हो गई है। इस हृदय विदारक घटना से प्रदेश के समस्त लेखपाल आहत हैं तथा आजकल कुछ अधिकारियों में सोशल मीडिया, प्रिंट मीडिया एवं आम जनता के मध्य पब्लिसिटी पाने की इच्छा के कारण बैठक में तहसील दिवस, थाना दिवस व समाधान



दिवस तथा ग्राम चौपाल के दौरान अधीनस्थ लेखपालों को सार्वजनिक रूप से अपमानित करने एवं दंडित करने की प्रवृत्ति बढ़ रही है, जिससे कर्मचारी तनाव व डिप्रेशन के मध्य नौकरी कर रहे हैं। जिसकी लेखपाल संघ घोर निंदा करता है तथा मृतक लेखपाल पर आश्रितों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाए तथा मृतक के परिवार को योग्यता के अनुसार सरकारी सेवा में तत्काल नियुक्ति दिलाई जाए व जांच रिपोर्ट प्राप्त कर दोषी के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही की जाए। लेखपाल संघ यही मांग करता है, अन्यथा मांगे न मानी जाने पर लेखपाल संघ आर पार की लड़ाई लड़ेगा। इस मौके पर जिला अध्यक्ष अभिषेक पटेल तहसील मंत्री राजीव मिश्रा तहसील अध्यक्ष अवनीश प्रताप सिंह, अमित कुमार शुक्ला, सुशील शर्मा, शिव प्रकाश मौर्य संतोष पटेल, रमेश पटेल, समीर यादव रणविजय सिंह, दर्शिता श्रीवास्तव, विवेक प्रताप सिंह, प्रिया सिंह आदि।

# सावन के प्रथम सोमवार को गंगा तटों पर शिव भक्तों का उमडा जनसैलाब

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



उन्नाव। सावन के प्रथमसोमवार को जनपद के विभिन्न गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए पहुंचने लगे। हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों से घाट और मंदिर परिसर गूंजायमान हो उठे। गंगाघाट, शुक्लागंज, बक्सर, बांगरमऊ और परियर सहित जनपद के प्रमुख घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी। श्रद्धालुओं ने स्नान के बाद गंगा मैया की आरती की। शिव मंदिरों में बेलपत्र, धतूरा, भांग, फूल और दूध से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया गया। गंगाघाट स्थित बड़े हनुमान मंदिर और शिव मंदिरों में विशेष भीड़ देखी गई।जिला प्रशासन न सुरक्षा क पुख्ता इतजाम किए। गंगा घाटों पर गोताखोर तैनात किए गए। जल पुलिस की निगरानी में श्रद्धालुओं को सुरक्षित स्नान कराया गया। महिला श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए महिला पुलिसकर्मी भी तैनात रहीं। नगर पालिका और नगर पंचायतों ने घाटों की सफाई करवाई। घाटों पर चूने का छिड़काव किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने प्राथमिक उपचार की व्यवस्था की। प्रशासन ने मार्ग संकेतक, लाउडस्पीकर और पेयजल की व्यवस्था की। कई स्थानों पर कांवड़ यात्रा के श्रद्धालु भी दिखे। शिवभक्तों ने जल लेकर नजदीकी शिवालयों में जलाभिषेक किया।पूरे सावन माह में हर सोमवार को इसी तरह की भीड़ जुटने की संभावना है। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से गहरे पानी में न उतरने और सुरक्षा मानकों का पालन करने की अपील की है। बच्चों को अकेला न छोड़ने की भी हिदायत दी गई है।

## प्रयागराज में आकाशीय बिजली गिरने से युवक की मौत, दूसरा घायल

प्रयागराज। करछना थाना क्षेत्र के बोथा का पूरा में दोपहर तेज बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।मिली जानकारी के अनुसार, अपसर अली और अंकित कोटार्य बकरी के लिए पत्तियाँ तोड़ने बगीचे में गए थे। इस दौरान अचानक तेज बारिश शुरू हो गई और दोनों पर बिजली गिर गई। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई।स्थानीय लोगों ने दोनों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) करछना पहुँचाया, जहाँ डॉक्टर ने अंकित को मृत घोषित कर दिया। अंकित गोसाई का पूरा गाँव का रहने वाला था। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।सीएचसी अधीक्षक डॉ. वाई. पी. सिंह ने बताया कि आकाशीय बिजली की चपेट में आए दो व्यक्तियों को लाया गया था, जिनमें से एक की मौत हो गई है, जबकि दूसरे की हालत गंभीर बनी हुई है। मृतक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है।

# झूठे आकड़ों और धमकी के बल पर निजीकरण करने की कोशिश कामयाब नहीं होने दी जायेगी: संघर्ष समिति

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोरखपुर। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, गोरखपुर ने कहा है कि झूठे आकड़ों, धमकी और दमन के बूते निजीकरण की साजिश कामयाब नहीं होने दी जायेगी। संघर्ष समिति द्वारा आगरा में टैरिफ की सुनवाई के दौरान निजीकरण का मुद्दा नियामक आयोग के सामने उठाकर निजीकरण की प्रक्रिया निरस्त करने की मांग की जायेगी। आज लगातार 229 वें दिन बिजली कर्मियों ने प्रान्तव्यापी विरोध प्रदर्शन जारी रखा। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, गोरखपुर के पदाधिकारियों इस्माइल खान, पुष्पेन्द्र सिंह, जीवेश नन्दन , जितेन्द्र कुमार गुप्त, शिवम चौधरी, अमित यादव, विजय सिंह, प्रभुनाथ प्रसाद, संगमलाल मौर्य, संदीप श्रीवास्तव, श्याम सिंह, एन के सिंह, मनोज यादव, राकेश चौरसिया, विजय बहादुर सिंह, करुणेश त्रिपाठी, राजकुमार सागर आदि ने आज यहां बताया कि निजी घरानों को मदद देने के लिए विद्युत वितरण निगमों ने निजीकरण के पहले ही टैरिफ में 45 प्रतिशत तक वृद्धि का प्रस्ताव नियामक आयोग को भेज कर निजीकरण के बाद बिजली दरों में होने वाली बेतहाशा वृद्धि का संकेत दे दिया है। उन्होंने बताया कि विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उप्र के पदाधिकारी और बिजली कर्मी 15 जुलाई को आगरा में नियामक आयोग के सामने दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण का मुद्दा जोर.शोर से उठायेंगे।

# सड़क पर पड़ी नाले की सिल्ट बनी लोगों की मुसीबत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। कागजों पर स्वच्छता में बेहतर रैंकिंग पाने वाला लखनऊ नगर निगम ज़मीनी हकीकत में फ़ेल होता दिख रहा है। बारिश की शुरुआत के साथ ही शहर में जलभराव और गंदगी की तस्वीरें नगर निगम की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रही हैं। ताजा मामला ज़ोन-6 के अंबरगंज वार्ड का है, जहां हुब लाल मंदिर के पास नाले की एक हफ्ते पहले निकाली गई सिल्ट अब तक सड़क पर ही पड़ी है। लगातार हो रही बारिश के चलते यह सिल्ट बहकर दोबारा नाले में जा रही है, जिससे न केवल सफाई पर खर्च किया गया सरकारी धन बर्बाद हो रहा है, बल्कि क्षेत्र में जलभराव की स्थिति और भी गंभीर होती जा रही है। स्थानीय लोगों ने नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग और पार्षद पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। इस नाले की सफाई की जिम्मेदारी नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग पर है, लेकिन स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पार्षद ने भी समय रहते सिल्ट को हटवाने की कोई ठोस पहल नहीं की। वहीं, अंबरगंज वार्ड की पार्षद ने नगर निगम पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पहले इन नालों की सफाई के लिए बाकायदा टेंडर जारी किए जाते थे, लेकिन अब वह प्रक्रिया बंद हो चुकी है। पार्षद के मुताबिक, अब अपने कर्मचारियों से नाले की सिल्ट निकलवाई जाती है, लेकिन उसे उठवाने के लिए जो वाहन नगर निगम की ओर से आता था, वह पिछले 13 दिनों से खराब पड़ा है। इसकी मरम्मत के लिए कई बार आरआर विभाग से संपर्क किया गया, लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। पार्षद ने सवाल उठाते हुए कहा, ''जब नगर निगम में हम पार्षदों की ही सुनवाई नहीं हो रही है, तो आम जनता की समस्याएं कौन सुनेगा?'' सड़क पर पड़ी सिल्ट जहां एक ओर गंदगी और दुर्गंध फैला रही है, वहीं दूसरी ओर लोगों की आवाजाही में भी मुश्किलें पैदा हो रही हैं। बारिश होने पर फिसलन और जलभराव से हादसों का खतरा बढ़ गया है।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (ईएलपीओएच), उत्तर रेलवे, चारबाग, वर्कशाप लखनऊ द्वारा निम्न कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित है। **निविदा संख्याः** डब्लू-सी- बी.-सी. सी. टी. वी. -2025-02; **कार्य का विवरणः** 850 एम.ई.एम.यू. (MEMU), डी. ई.एम.यू. (DEMU) और ई.एम.यू. (EMU) कोचों तथा 3-फेज एयर कंडीशंड ए.सी. ई.एम.यू. (AC/EMU) कोचों में IP आधारित वीडियो निगरानी प्रणाली (VSS) की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं कमीशनिंग (SITC)"; **कार्य की अनुमानित लागत : ₹** 63,45,62,700/- मात्र; **अग्रिम धनराशि(अर्नेस्ट मनी): ₹** 33,22,800/- मात्र (नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के द्वारा); **निविदा फार्म का मूल्य :** शून्य; **कार्य पूरा होने की अवधि :** 08 माह; **निविदा भरने का समय :** दिनाँकः 29.07.2025 से 12.08.2025 समय 15:00 बजे तक। **निविदा खुलने की तिथि तथा समय :** दिनाँकः- 12.08.2025 को 15:15 बजे के बाद। • निविदा प्रपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** द्वारा दिनाँकः- 29.07.2025 से 12.08.2025 (15:00 बजे तक) भरा जा सकता है। • मैनुअल ऑफर पर विचार नहीं किया जायेगा। • निविदाकर्ता, निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। • निविदा निर्धारित दिन एवं समय पर खोला जायेगा यदि किसी कारण वश उक्त दिनांक को अवकाश होगा तो ठीक दूसरे कार्य दिवस मे उसी समय पर खोला जायेगा। • तकनीकी और वाणिज्यिक प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेजों की प्रस्तुति एवं उससे संबन्धित निविदा उपरांत किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नहीं किए जाएंगे। निविदादाता के निविदा उपरांत पत्रों को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जायेगा। **निविदा सूचना सं.: उ.रे. /आर.यम. डब्लू/जुलाई/सी. सी. टी. वी. /2025/02 दिनांकः 11.07.2025**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ** 2123/25



**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई-निविदायें सिंगिल पैकेट सिस्टम द्वारा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं० | 106-टेली/टेंडर/03/2025-26 |
| कार्य का नाम | लखनऊ मंडल में पीआरएस/यूटीएस नेटवर्किंग उपकरणों की विश्वसनीयता में सुधार और उन्नयन का कार्य। |
| अनुमानित लागत | रु. 4,45,47,174.91/- |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | रु. 3,72,700.00/- |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 180 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 04.08.2025 15.30 Hrs |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/ मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/लखनऊ |

ठेकेदारों को ई-निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुउल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेगी। **निविदा सू0 सं0 - 106-टेली/टेंडर/03/2025-26 दिनांकः 11.07.2025** 2120/2025

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

# भंवरेश्वर मंदिर में सावन के पहले सोमवार को उमड़ा आस्था का सैलाब

## सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सई नदी में लगाईं आस्था की डुबकी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहां , लखनऊ । सावन मास का पहला सोमवार आते ही तीन जनपदों के बीच स्थित भंवरेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। लखनऊ, रायबरेली और उन्नाव की सीमा पर स्थित इस प्राचीन शिवधाम में लाखों श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया और दर्शन लाभ लिया। यह मेला पूरे सावन भर चलता है और हर सोमवार को लाखों की संख्या में दूर-दराज़ से श्रद्धालु यहाँ पहुंचते हैं।रविवार देर रात से ही श्रद्धालुओं का सैलाब मंदिर की ओर बढ़ने लगा था। लोगों ने परंपरा के अनुसार सई नदी में स्नान कर कलश में जल भरा और लगभग 6 किलोमीटर लंबे कठिन व जर्जर मार्ग से मंदिर तक की यात्रा की। हर तरफ बम-बम भोले और हर-हर महादेव की गूंज सुनाई दी।मेले के दौरान मंदिर मार्ग और परिसर में दर्जनों भंडारे भी लगे रहे। विभिन्न सामाजिक संगठनों, स्थानीय निवासियों व व्यापारियों ने मिलकर श्रद्धालुओं के लिए भोजन, जल और शीतल पेय की उत्तम व्यवस्था की। श्रद्धालु भंडारों में बैठकर भोजन करते नजर आए और स्वयंसेवकों की सेवा भाव की सराहना करते रहे।

**तीनों जिलों की पुलिस और प्रशासन रहा मुस्तैद......**

श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनजर रायबरेली, लखनऊ और उन्नाव जिलों की पुलिस के साथ-साथ पैरा मिलिट्री बल भी तैनात रहा। निगोहां थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी के नेतृत्व में पुलिस बल लगातार गश्त करता रहा। रायबरेली पुलिस ने मंदिर परिसर की निगरानी की, जबकि उन्नाव के मौरावां थाना क्षेत्र की पुलिस सई नदी घाट तक सक्रिय रही।जगह-जगह सी सी टीवी कैमरे लगाए गए, बेरिकेडिंग की गई और कंट्रोल रूम के माध्यम से भीड़ पर नजर रखी गई। इस बार भी प्रशासन ने पूरी सतर्कता के साथ सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कीं।

**जेबकतरे रंगे हाथ पकड़े गए, कुछ सड़क दुर्घटनाएं भी हुईं**

श्रद्धालुओं की भीड़ में जेबकतरे भी सक्रिय रहे, लेकिन सतर्क पुलिस बल ने कई जेबकतरों को रंगे हाथ पकड़ लिया उनके पास से नकदी, मोबाइल और पर्स बरामद हुए। वहीं कुछ हल्की सड़क दुर्घटनाएं भी दर्ज की गईं, मगर कोई गंभीर जनहानि नहीं हुई।

**नदी स्नान और जलाभिषेक के लिए तय की गईं सीमाएं**

श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए सई नदी में स्नान की सीमाएं निर्धारित की गई थीं। गहरे जल में प्रवेश पर प्रतिबंध था। मंदिर में जलाभिषेक के लिए अलग प्रवेश और निकास व्यवस्था की गई, जिससे भीड़ नियंत्रित रही और दर्शन सुचारु रूप से सम्पन्न हुए।

**ऐतिहासिक मान्यता से जुड़ा है भंवरेश्वर धाम**

भंवरेश्वर मंदिर सिर्फ श्रद्धा का केंद्र ही नहीं, बल्कि इतिहास का गवाह भी है। मान्यता है कि मुगल शासक औरंगजेब की सेना ने जब शिवलिंग को खंडित करने का प्रयास किया, तब उसमें से भंवरे (काले ततैया) निकलकर सैनिकों पर टूट पड़े। चमत्कारिक घटना से भयभीत होकर सेना पीछे हट गई और तभी से इस स्थान को ल्लभंवरेश्वरङ्क कहा जाने लगा।प्रशासन ने मेले की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि पूरे सावन भर प्रत्येक सोमवार को इसी तरह की सुरक्षा और सेवा व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि वे प्रशासन के निर्देशों का पालन करें और शांतिपूर्वक दर्शन करें।

# बिजली चोरी में 7 उपभोक्ताओं पर एफआईआर दर्ज



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। राजधानी में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बिजली विभाग सतर्कता के साथ अभियान चला रहा है। इसी क्रम में सोमवार को बिजली चोरी पर अंकुश लगाने के लिए लखनऊ मध्य क्षेत्र में मॉर्निंग रेड अभियान चलाया गया। ठाकुरगंज डिवीजन में चलाए गए इस अभियान का नेतृत्व अधिशासी अभियंता दीपक कुमार के निर्देशन में उपखंड अधिकारी रामू गुप्ता ने किया। यह अभियान लखनऊ मध्य क्षेत्र के मुख्य अभियंता रवि कुमार अग्रवाल एवं चौक सर्किल के अधीक्षण अभियंता रमेश चंद्र पांडे के आदेश पर चलाया गया था। चेकिंग टीम में अवर अभियंता दुर्गेश चंद्र, अभय कुमार, अवर अभियंता मीटर और इंटेलिस्मार्ट कंपनी के प्रतिनिधि भी शामिल रहे।

अधिकारियों ने बताया कि उपकेंद्र राधाग्राम के अंतर्गत आने वाले गौघाट, रौजा गांव, नाना पीर मजार इलाके में करीब 25 स्मार्ट मीटरों की जांच की गई थी। इस दौरान 7 उपभोक्ताओं को मीटर की टीपी बाईपास कर 12 किलोवाट तक बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया। बिजली चोरी में लिप्त पाए गए सभी उपभोक्ताओं की कनेक्शन लाइन पोल से काट दी गई है और उनके खिलाफ संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई गई है। अधीक्षण अभियंता रमेश चंद्र पांडे ने बताया कि बिजली चोरी पर रोक लगाने और उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# प्रतिनिधि मंडल ने अध्यक्ष उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड के साथ की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। विद्युत पेंशनर्स परिषद उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधि मंडल का मा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड से मांगो एवं समस्याओं पर द्विपक्षीय वार्ता सौहार्द पूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। बैठक में प्रबंधन द्वारा सभी जायज मांगों समस्याओं का समाधान कराने का आश्वासन व्यक्त किया। मीटर लगने के सम्बन्ध में प्रबंधन द्वारा जोर दिया गया तथा अध्यक्ष महोदय द्वारा आस्वस्त किया गया मीटर लगने से रियायती बिजली का बिल फिक्स चार्ज पर 20प्रतिशत की छूट के साथ जमा हो गा जैसा कि 07फरवरी 2018के आदेश में निहित है ?। पेन्शनर्स परिषद की तरफ से आर बी लाल एवं बी बी मिश्रा उपाध्यक्ष, कप्तान सिंह प्रमुख महासचिव,हरीश पंत महासचिव एवं ए एस प्रसाद सदस्य प्रबंध कार्यकारिणी समिति उपस्थित रहे। पदाधिकारियों ने बैठक में अध्यक्ष उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड से अपील किया किसी पेन्शनर्स के यहां जबरन मीटर न लगाया जाय उससे मीटर लगने के गुण एवं दोष से समझाया जाय।जो अधीक्षण अभियंता पेन्शनरों से बार्ता न कर मीटर लगवाने का एकतरफा कार्य कर रहे है उनको चिन्हित कर कार्यवाही की जाये गी। बैठक में प्रबंधन की तरफ से अध्यक्ष श्री अशीष गोयल , प्रबंध निदेशक श्री पंकज कुमार, निदेशक श्री डा जांन मथाई एवं अन्य निगम के निदेशक अधिकारी उपस्थिति रहे। कप्तान सिंह प्रमुख महासचिव विद्युत पेंशनर्स परिषद उत्तर प्रदेश ।

# राजकीय नलकूप संख्या–85 की मोटर फिर हुई खराब, धान की फसल के लिए जूझ रहे किसान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहां, लखनऊ । निगोहां क्षेत्र के हरिहरपुर पटसा गांव में स्थित राजकीय नलकूप संख्या-85 की मोटर एक बार फिर खराब हो गई है, जिससे गांव के दर्जनों किसान बुरी तरह प्रभावित हैं। खासकर धान की फसल की रोपाई कर रहे किसानों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हैरानी की बात यह है कि यह मोटर करीब एक सप्ताह पूर्व ही विभाग द्वारा मरम्मत कराकर चालू कराई गई थी, लेकिन अब फिर से खराब हो जाने से किसानों की परेशानी और बढ़ गई है।वर्तमान में धान की रोपाई का समय चल रहा है और किसानों के लिए यह समय अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। गांव के अधिकतर किसान सिंचाई के लिए इस नलकूप पर ही निर्भर हैं। लेकिन मोटर खराब होने के कारण खेतों में पानी नहीं पहुंच पा रहा है। जिससे समय से रोपाई नहीं हो पा रही और रोपित फसलें सूखने की कगार पर हैं।गांव के किसान रामकुमार, महेश, अजीत यादव, शिवनाथ आदि ने बताया कि उन्होंने धान की नर्सरी तैयार कर ली थी और जैसे ही रोपाई का समय आया, ट्यूबवेल की मोटर फिर खराब हो गई। ''हमारा एकमात्र भरोसा यही नलकूप है। जब यही बार-बार खराब होता रहेगा तो खेती कैसे करेंगे?'' किसान रामकुमार ने नाराजगी जताते हुए कहा।

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि इस नलकूप की मोटर लंबे समय से बार-बार खराब होती रही है, लेकिन सिंचाई विभाग की ओर से स्थायी समाधान नहीं किया जा रहा। सिर्फ अस्थायी रूप से मरम्मत करवा दी जाती है, जो कुछ ही दिन चलती है और फिर वही दिक्कत सामने आ जाती है। इससे किसानों को बार-बार फसल के नुकसान का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि विभागीय अधिकारियों से कई बार शिकायत की गई है, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही। अब किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही मोटर को दुरुस्त नहीं किया गया और सिंचाई की व्यवस्था बहाल नहीं हुई, तो वे सिंचाई खंड कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।किसानों ने जिला प्रशासन और क्षेत्रीय विधायक से भी अपील की है कि वे इस समस्या का तत्काल संज्ञान लें और नलकूप की मरम्मत कराकर किसानों को राहत दिलवाएं। इस समस्या के समाधान में हो रही देरी से गांव की बड़ी आबादी की आजीविका खतरे में पड़ सकती है।

# सीएम योगी आदित्यनाथ ने भारी वर्षा के बाद जलभराव और बाढ़ की आशंका पर की समीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**सीएम योगी आदित्यनाथ ने भारी वर्षा के बाद जलभराव और बाढ़ की आशंका पर की समीक्षा**

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में हाल की बरसात के कारण उत्पन्न परिस्थितियों, विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों में जलभराव और नदियों के जलस्तर में आई वृद्धि की सोमवार को उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, यह सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के कई हिस्सों में भारी वर्षा के चलते जलभराव, सड़क क्षति और कुछ क्षेत्रों में नदियों के जलस्तर में तेज वृद्धि देखी गई है। इस पर सतत निगरानी रखी जाए। संबंधित विभागों, नगर निगमों, विकास प्राधिकरणों और जिला प्रशासन को निर्देश दिए गए कि जलनिकासी की व्यवस्था को तत्काल प्रभाव से सुचारु बनाया जाए। सभी जलभराव प्रभावित क्षेत्रों से जल निकासी यथाशीघ्र की जाए, ताकि नागरिकों को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि किसी भी शिकायत या आपात सूचना पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि बुंदेलखंड सहित प्रदेश के उन क्षेत्रों में, जहां भारी वर्षा हुई है, वहां जलशक्ति मंत्री और विभाग के प्रमुख सचिव स्वयं स्थलीय निरीक्षण करें। जलभराव, बाढ़ की स्थिति तथा जल संरचनाओं की स्थिति का मूल्यांकन कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित कराएं। साथ ही, उन्होंने पूर्वी उत्तर प्रदेश के उन 16 जिलों का विशेष उल्लेख किया जहां अब तक औसत से कम वर्षा हुई है। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध हो, इसकी अग्रिम व्यवस्था की जाए ताकि खेती-किसानी पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

मुख्यमंत्री ने नगर निकायों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि सीवर लाइनें और ड्रेनेज सिस्टम नियमित रूप से साफ हों। जलभराव के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की मरम्मत प्राथमिकता पर की जाए। विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया कि जलभराव वाले इलाकों में विद्युत आपूर्ति प्रबंधन अत्यंत सावधानी से करें, ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना न हो।

मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि बाढ़ की आशंका वाले संवेदनशील इलाकों में पहले से ही पर्याप्त प्रबंध कर लिए जाएं। राहत और बचाव दलों को सतर्क रखा जाए और नाव, सर्च लाइट, जीवन रक्षक उपकरण, मेडिकल किट जैसी सभी आवश्यक सामग्रियां पूरी तत्परता के साथ तैयार रहें। तटवर्ती क्षेत्रों में एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों को सक्रिय मोड में रखा जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी स्थिति में जनहानि या पशुहानि न हो, इसके लिए प्रशासन पूर्ण सतर्कता और संवेदनशीलता के साथ कार्य करे। संकट की घड़ी में प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित करने, उन्हें भोजन, पेयजल, चिकित्सा आदि मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने में कोई लापरवाही न हो।

मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारी और नगर निकाय प्रमुखों को अपने क्षेत्रों में जलभराव और बाढ़ की स्थिति की भौतिक समीक्षा करने और 24 7 नियंत्रण कक्षों के माध्यम से निरंतर निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि जनसामान्य को मौसम, वर्षा और जलस्तर से जुड़ी अद्यतन जानकारी समय-समय पर दी जाए। इसके लिए स्थानीय मीडिया, सोशल मीडिया और आपदा प्रबंधन ऐप का उपयोग प्रभावी ढंग से किया जाए, ताकि लोग पहले से सतर्क और सावधान रह सकें। पशुपालन, कृषि और राजस्व विभाग को भी निर्देश दिए गए कि बारिश और जलभराव से फसलों, पशुधन या संपत्ति को जो नुकसान हुआ है।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

बंथरा कैनविज टाइम्स संवाददाता । इलाके में सोमवार की सुबह एक ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई और गाड़ी पर मौजूद उसका साथी घायल हो गया। हादसे की जानकारी पुलिस को हुई तो वह तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया वहीं मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। उन्नाव जनपद का रहने वाला संजय पाल 28 वर्ष किसी काम से लखनऊ आया था । बताया गया कि सोमवार की सुबह वह यहां से एक अपने एक साथी के साथ मोटरसाइकिल से वापस लौट रहा था। इसी बीच बंथरा थाना क्षेत्र के बनी स्थित प्रधान ढाबा के पास कानपुर हाईवे पर उसकी एक ट्रक से टक्कर हो गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल संजय की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसका साथी भी घायल हो गया। हादसे के चलते कुछ देर के लिए यहां पर यातायात भी प्रभावित रहा।

## नाले में पड़ा मिला अज्ञात युवक का शव

सरोजनीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता । बिजनौर इलाके में सोमवार की शाम एक अज्ञात युवक (30) का शव पेट के बल गंदे नाले में पड़ा मिला। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नाले से बाहर निकाल कर आस पास के लोगों से उसकी पहचान कराने की कोशिश की लेकिन मृतक की शिनाख्त नही हो सकी। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राणा के मुताबिक शाम करीब 6 बजे सूचना मिली कि बिजनौर कस्बे के मोहल्ला कहारन टोला स्थित गंदे नाले में एक अज्ञात व्यक्ति का शव पेट के बल पड़ा हुआ है द्य सूचना पर तत्काल प्रभारी निरीक्षक मय हमराह पुलिस बल के साथ .मौके पर पहुंचे तो पाया कि एक व्यक्ति का शव गन्दे नाले में पेट के बल पड़ा हुआ है । उशव को नाले से बाहर निकाला गया । मृतक नीले रंग की हॉफ बाजू टी–शर्ट तथा काले रंग का लोवर पहने हुए था । शव की खाल शरीर से अलग हो रही है और वह शव सड़ चुका है तथा तेज दुर्घन्ध आ रही है । पुलिस का कहना है शव करीब तीन से चार दिन पुराना है और शव पर कोई चोट के निशान नही मिले हैं।

## उत्तर प्रदेश में विभिन्न दैवीय आपदाओं में 14 लोगों की मौत

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश में इन दिनों हो रही झमाझम बारिश और आकाशीय बिजली लोगों के लिए कॉल बन रही है। इसके साथ ही बारिश में सर्पदंश की घटनाएं भी सामने आ रही हैं। बीते 24 घंटे में उत्तर प्रदेश में विभिन्न दैवीय आपदाओं में 14 लोगों की मौत हुई है। राहत आयुक्त कार्यालय लखनऊ की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार बीते 24 घंटे में जौनपुर जनपद में एक लोग की मौत आकाशीय बिजली गिरने से हुई है। रायबरेली जनपद में एक लोग की मौत आकाशीय बिजली गिरने से हुई है। चंदौली जनपद में एक लोग की मौत आकाशीय बिजली व एक लोग की मौत सर्पदंश से हुई है। चित्रकूट जनपद में दो लोगों की मौत पानी में डूबने से हुई है। प्रतापगढ़ में एक लोग की मौत सर्पदंश से हुई है। गोरखपुर जनपद में आकाशीय बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हुई है। गाजीपुर जनपद में सर्पदंश से दो लोगों की मौत हुई है। बांदा जनपद में डूबने से एक लोग की मौत हुई है। कुशीनगर जनपद में आकाशीय बिजली गिरने से एक लोग की मौत हुई है। वहीं कानपुर देहात जनपद में भी एक लोग की मौत आकाशीय बिजली गिरने से हुई है। कार्यालय के अनुसार इन सभी दैवीय आपदाओं में मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

## बिहार में कानून व्यवस्था चौपट, एक करोड़ रोजगार देने का ऐलान सिर्फ छलावाः मायावती

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता । बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने सोमवार को बिहार की गठबंधन सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि बिहार में कानून-व्यवस्था की स्थिति चरमरा गई है। मुख्यमंत्री का एक करोड़ नौकरियां देने का वादा महज़ एक जुमला और चुनावी छलावा है। मायावती ने सोमवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट कर कहा कि बिहार में कानून-व्यवस्था की स्थिति बदहाल है। राज्य की घटनाओं पर राष्ट्रीय स्तर पर हो रही चर्चाओं के बीच लोगों का ध्यान भटकाने के लिए बिहार की गठबंधन सरकार ने घोषणा की है कि अगर चुनाव के बाद उनकी सरकार बनती है, तो वे अगले पांच सालों में एक करोड़ लोगों को नौकरी और रोज़गार देंगे। मायावती ने लिखा कि उनका मानना है कि नीतीश कुमार ने लोगों को नौकरी और रोज़गार देने की घोषणा वास्तविकता से कोसों दूर है। यह 'अच्छे दिन' की तरह एक जुमलाबाज़ी और चुनावी जुमला ज़्यादा है। जनता विभिन्न राजनीतिक दलों के चुनावी वादों, घोषणाओं और छल-कपट के साथ-साथ कानून-व्यवस्था और क्रियाकलापों आदि के बारे में उनके चाल, चरित्र और चेहरे से भली-भांति परिचित हैद्य फिर भी छल-कपट और कपटपूर्ण राजनीति की अपनी आदत से मजबूर विपक्षी दल चुनाव से पहले ऐसे अनेक लोकलुभावन वादे करने से ज़रा भी नहीं डरते या घबराते हैं।

## सपा प्रमुख अखिलेश यादव के भाई प्रतीक यादव से धोखाधड़ी, केस दर्ज

लखनऊ । उत्तर प्रदेश महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव के पति प्रतीक यादव के साथ धोखाधड़ी का मामला सामने आया है।उन्होंने आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। प्रतीक सपा प्रमुख अखिलेश यादव के भाई हैं। पीड़ित की तहरीर पर गौतमपल्ली थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि प्रतीक यादव ने इस संबंध में रविवार को तहरीर दी थी। उन्होंने आरोप लगाया कि रियल स्टेट कारोबारी कृष्णानंद राय से उनकी मुलाकात वर्ष 2011-12 में हुई थी। उसने 2015 में शहीद पथ पर कुछ जमीन खरीदकर उसे बेचकर पैसा कमाने के लिए एक कंपनी बनायी, जिसमें यूएस बिष्ट को निदेशक और प्रतीक यादव को प्रमोटर बनाते हुए उनके पैसे कंपनी में निवेश कराए। कोविड-19 और माता-पिता के देहांत के बाद जब उनकी आर्थिक स्थिति बिगड़ी तो उन्होंने अपने निवेश का पैसा मांगा तो वह बहाने करने लगा। इतना ही नहीं, उन्हें पॉक्सो एक्ट जैसे गंभीर मामलों में फंसाने की धमकी दी।

# प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों ने डीजीपी से की मुलाकात, पुलिस के साथ समन्वय के सीखे गुर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । पुलिस मुख्यालय में सोमवार को पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण से भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के उत्तर प्रदेश संवर्ग (2024 बैच) के 19 प्रशिक्षु अधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट की। इस दैरान डीजीपी ने प्रशिक्षु अधिकारियों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के मध्य बेहतर तालमेल का होना बहुत जरूरी है। बेहतर तालमेल के आधार पर ही कानून व्यवस्था के दौरान मौके की स्थिति के अनुसार पुलिस बल का व्यस्थापन एवं निरोधात्मक कार्यवाहियों के द्वारा ही कानून व्यवस्था की स्थिति को संभाला जा सकता है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश ही नहीं सम्पूर्ण भारत वर्ष में साइबर क्राइम से रोकथाम की दिशा में बहुत अधिक कार्य किया गया है। भारत सरकार की हेल्प लाइन नम्बर 1930 साइबर रोकथाम की दिशा में बहुत कारगर सिद्ध हो रही है।डीजीपी ने प्रशिक्षु अधिकारियों से कहा कि जमीन सम्बंधी जो प्रकरण होते हैं उनके निस्तारण में आप लोगों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। जमीन सम्बंधी प्रकरणों को प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप पूर्ण पारदर्शिता के साथ निस्तारित करना चाहिये क्योंकि ज्यादातर घटनायें जमीन के विवाद के कारण होती हैं। इन विवादों का समय रखते सही निस्तारण होने से काफी घटनाओं को होने से रोका जा सकता है। जमीन सम्बंधी सभी अभिलेखों का अनलाइन अभिलेखीकरण होने से भी निस्तारण में काफी सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी आपसी समन्वय से गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण करते हैं।

डीजीपी ने प्रशिक्षु आईएएस अधिकरियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है। प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों के साथ भ्रमण पर आये हुए श्री वेंकटेश्वर लू, प्रमुख सचिव ट्रांसपोर्ट, उत्तर प्रदेश शासन को मोमेन्टो भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों ने पुलिस मुख्यालय भ्रमण किया। पुलिस प्रशिक्षण निदेशालय में तिलोत्तमा वर्मा, पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण, दीपेश जुनेजा, पुलिस महानिदेशक अभियोजन एवं बीडी पॉल्सन, अपर पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण से पुलिस प्रशिक्षण, पुलिस रेगुलेशन, अभियोजन एवं सीबीसीआईडी सम्बन्धित कार्यों की जानकारी ली। तकनीकी सेवाएं मुख्यालय में भ्रमण के दौरान नवीन अरोड़ा, अपर पुलिस महानिदेशक तकनीकी सेवाएं से सीसीटीएनएस, प्रचलित एप्स एवं फॉरेन्सिंक विभाग की जानकारी व उपलब्धियों के सम्बन्ध में प्रस्तुतिकरण के माध्यम से बताया गया।

# अध्यक्ष प्रतिनिधि और अधिशाषी अधिकारी ने किया नगर भ्रमण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



खैराबाद । श्रावण मास के पवित्र महीने को लेकर आज नगरपालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि व अधिशाषी अधिकारी प्रेमशंकर गुप्ता ने नगर का भ्रमण किया ।भ्रमण के दौरान जलभराव और गंदगी को लेकर कर्मचारियों को निर्देशित किया अध्यक्ष प्रतिनिधि ने बताया कि बरसात में होने वाली बारिश से नगर में कही भी जलभराव व कीचड़ व गंदगी न हो श्रावण मास में किसी भी श्रद्धालु को कोई परेशानी न हो मंदिरों पर विशेष सफाई और लाइटिंग के लिए अपने कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए बताया कि नगर की साफ सफाई हम सभी की जिम्मेदारी है खास कर जो लोग पॉलीथीन बैग और नष्ट न होने वाली सामग्री को नाले में डाल देते है उनसे अपील हैं कि ये नगर हम सभी का है और नाले में ये सामग्रियां नाले को चोक कर देती है जिस से नगर की नलियों का पानी रोड पर आ जाता है।किसी भी कावड़ यात्री को कोई भी असुविधा न हो इसलिए नगर में प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए कर्मचारी तैयार रहे।पानी की सप्लाई नियमित व तय समय पर हो ।नगर के प्रमुख मार्गों पर सफाई का खास ध्यान रखा जाए मार्ग पर पड़ने वाली मीट की दुकानों को श्रावण मास तक बंद रखा जाए या ऐसी जगह पर उन दुकानों को ले जाया जाए जहां से किसी भी श्रद्धालु को कोई परेशानी न हो। नगर की हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से नगर पालिका के अंदर खाली पड़ी जमीन और नालों के किनारे बृहद वृक्षारोपण भी कराया जाएगा ।

# मनरेगा भ्रष्टाचार ने तोड़े रिकॉर्ड : महिलाओं की फर्जी हाजिरी, एक ही व्यक्ति कर रहा तीन-तीन जगह काम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। विकास खण्ड मछरेहटा की ग्राम पंचायत मधवापुर में मनरेगा योजना के तहत भारी भ्रष्टाचार सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि योजना में फर्जी हाजिरी और एक ही मजदूर को तीन-तीन जगह कार्यरत दिखाकर सरकारी धन की खुलकर बंदरबांट की जा रही है।

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि महिलाओं की उपस्थिति दर्ज की जा रही है, जबकि अपलोड की गई कार्यस्थल की फोटो में महिलाएं कहीं भी नजर नहीं आ रहीं। इससे यह साफ जाहिर होता है कि काम करवाए बिना ही भुगतान किया जा रहा है।

इतना ही नहीं, कई मजदूरों के नाम पर एक ही दिन में तीन अलग-अलग स्थानों पर कार्य दिखाकर हाजिरी दर्ज की गई है, जो तकनीकी रूप से संभव ही नहीं है।

*फोटो में सच्चाई उजागर

अपलोड की गई उपस्थिति फोटो में केवल कुछ पुरुष मजदूर दिख रहे हैं

फोटो का बार-बार उपयोग कर एक जैसे दृश्य में अलग-अलग हाजिरी बनाई गई



**विकास खंड मछरेहटा की मनरेगाग्राम पंचायत मधवापुर विकास खंड मछरेहटा में मनरेगा में बड़ा भ्रष्टाचार**

**ब्लॉक स्तर के संबंधित अधिकारी दे रहे पूर्ण संरक्षण कौन करे कार्यवाही**

महिलाओं की उपस्थिति सूची में नाम तो हैं, लेकिन ग्राउंड पर कोई मौजूद नहीं

ग्रामीणों का आरोप

ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम प्रधान, रोजगार सेवक और संबंधित अधिकारी मिलीभगत कर मनरेगा के नाम पर सरकारी धन का बंदरबाँट कर रहे है। यह घोटाला न केवल सरकारी धन का दुरुपयोग है, बल्कि गांव के असली मजदूरों के हक पर डाका है। जिसमे ब्लाक स्तर से एपीओ , तकनिकी की अहम भूमिका है। जिसमे कमीशन बाजी के चलते कोई किसी पर कार्यवाही करने को तैयार नही।फिलहाल मामला जांच का है देखते है क्या जांच होती है या ऐसे ही चलता मनरेगा योजना की बलि चढ़ती रहेंगी।

# ग्राम पंचायत मिर्ज़ापुर भ्रष्टाचार की राह पर, ग्रामीणों में आक्रोश

**वित्तीय धनराशि से लेकर मनरेगा योजना तक बंदरबाँट जारी , जिम्मेदार बने अनजान**

**विकास खण्ड परसेंडी की ग्राम पंचायत मिर्ज़ापुर का मामला**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। विकास खंड परसेंडी के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत मिर्ज़ापुर में भ्रष्टाचार चरम पर है। सरकारी योजनाओं के नाम पर धन का खुलेआम बंदरबांट किया जा रहा है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी आंख मूंदे बैठे हैं। ग्रामीणों के अनुसार, मनरेगा, नल मरम्मत , नल रिबोर , हियूम पाइप , दवा छिड़काव सहित विभिन्न विकास योजनाओं में भारी गड़बड़ी सामने आ रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि काम के नाम पर सिर्फ कागजों पर हेराफ़ेरी हो रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि ग्राम प्रधान और सचिव की मिलीभगत से सरकारी धन का जमकर बंदबाँट किया जा रहा है। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि वित्तीय वर्ष 2024 - 25 में हैंडपम्प रिबोर व मम्मत के नाम पर लगभग बारह बार मे 324000 रुपयों का भुगतान कराया गया। यही नही ग्राम पंचायत में एंटीलार्वा , चूना , ब्लीचिंग छिड़काव के नाम पर लगभग चार बार मे 57000 रुपयों का भुगतान कराया गया। वही ग्राम पंचायत में स्वच्छता किट के नाम पर भी लगभग 19800 रुपयों का भुगतान कराया गया । जिसमें काफी भारी अनिमिताये बर्ती गयी। जिसपर ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से जांच की मांग की है। अब देखना होगा कि प्रशासन कब इस मामले में संज्ञान लेकर दोषियों पर कार्रवाई करता है या फिर यह मामला भी अन्य मामलों की तरह फाइलों में ही दफन हो जाएगा।

# चोरी की मोटरसाइकिल व अवैध तमंचा व कारतूस बरामद करके अभियुक्त को किया गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी । पुलिस अधीक्षक खीरी संकल्प द्वारा जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी धौरहरा के कुशल मार्गदर्शन एवं प्रभारी निरीक्षक थाना धौरहरा के नेतृत्व में थाना धौरहरा पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल चोरी की घटना का सफल अनावरण करके चोरी की मोटरसाइकिल नं0 ठघ 31-3367 तथा एक अदद देशी तमंचा मय 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ एक नफर अभियुक्त अशरफ अली उर्फ अफसर पुत्र सैय्यद अली नि0 ग्रा0 रामनगर लहबड़ी थाना धौरहरा खीरी उम्र 22 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। संक्षिप्त विवरण ऽ थाना धौरहरा क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 10.7.2025 को



मोटर साईकिल नं0 ठघ 31 एक्क3367 राइडर काले रंग की भारतीय स्टेट बैक शाखा धौरहरा के पास नाई मजहर की दुकान के पास से चोरी हो गई थी, जिसके संबंध में थाना हाजा पर वादी उत्तम कुमार पुत्र शिवकुमार नि0ग्रा0 डिहुआकलां थाना धौरहरा जनपद खीरी के तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 368/2025 धारा 303(2) वीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत था, जिसकी विवेचना उ0नि0 विरेन्द्र सिंह द्वारा की जा रही थी, जिसकी सुरागरशी पतारशी की जा रही थी, विवेचक के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था, विवेचना के क्रम में विवेचक द्वारा मय हमराही कर्मचारीगण के अभियुक्त अशरफ अली उर्फ अफसर पुत्र सैय्यद अली नि0 ग्रा0 रामनगर लहबड़ी थाना धौरहरा खीरी उम्र 22 वर्ष को हरदुआ नाले से घटना उपरोक्त में चोरी गई मोटर साईकिल नं0 ठघ 31ए 3367 एवं एक अदद देशी तमंचा मय 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार कर लिया गया, विधिक कार्यवाही करने के पश्चात अभियुक्त को मा0 न्यायालय लखीमपुर खीरी भेज दिया।

# सवर्ण आर्मी सीतापुर द्वारा चलाया गया जनसंपर्क अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर । सवर्ण आर्मी सीतापुर के पदाधिकारियों ने संगठन की नीतियों एवं उद्देश्यों व सामाजिक सरोकारों को जन-जन तक पहुँचाने हेतु एक व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। इस अभियान में जिलाध्यक्ष अमित मिश्रा,जिला संयोजक शिवम तिवारी,जिला उपाध्यक्ष दीपांन्शू दीक्षित, जिला उपाध्यक्ष समरेन्द्र सिंह, महोली ब्लाक अध्यक्ष सत्यम मिश्रा,आदि पदाधिकारियों ने विभिन्न गांवों एवं शहरी क्षेत्रों का भ्रमण कर लोगों से संवाद स्थापित किया और संगठन के कार्यो की जानकारी दी। इस जनसंपर्क कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में सामाजिक समरसता, सवर्ण हितों की रक्षा, तथा सामाजिक न्याय की दिशा में जागरूकता फैलाना रहा। इस अवसर पर संगठन के जिलाध्यक्ष अमित मिश्रा ने बताया कि सवर्ण आर्मी सदैव संविधान की मर्यादा में रहकर समाज के प्रत्येक व्यक्ति के सम्मान एवं अधिकारों की रक्षा के लिए संकल्पित है। जनसंपर्क के दौरान जनता से मिले व्यापक समर्थन और उत्साह ने पदाधिकारियों को और अधिक सक्रियता से कार्य करने की प्रेरणा दी है। सवर्ण आर्मी का संदेश ऽ एकता, सम्मान और अधिकार की रक्षा के लिए हम सदैव प्रतिबद्ध हैं।

# जनपद स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित शादी अनुदान योजना के अन्तर्गत अनुदान की स्वीकृति हेतु गठित जनपद स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने विकास खण्ड स्तर पर शादी अनुदान योजना के अन्तर्गत लम्बित आवेदनों की समीक्षा कर समस्त प्रकरणों का समयान्तर्गत निस्तारण करते हुये पात्रों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये। पहला, परसेण्डी एवं सिधौली विकास खण्ड स्तर पर सर्वाधित आवेदन लम्बित होने पर संबंधित सहायक विकास अधिकारी (समाज कल्याण) को सुधार के निर्देश भी दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाये, जिससे अधिक से अधिक पात्र इससे लाभान्वित हो सकें। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वीकृत किये जाने से पूर्व आवेदकों की पात्रता की गहन जांच की जाये। किसी अन्य विभाग द्वारा संचालित शादी अनुदान योजना अथवा सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत पूर्व में लाभ प्राप्त कर चुके व्यक्ति तथ्यों को छिपाकर योजना का लाभ प्राप्त न पाये, इसके लिये संबंधित दस्तावेजों की गहन जांच आख्या अवश्य की जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि आवेदन किसी भी स्तर पर लम्बित न हों, इसके लिये नियमित रूप से समीक्षा भी की जाये। ऑनलाइन आवेदनों की हार्डकापी समस्त संलग्नकों एवं आवश्यक आख्या के साथ जनपद स्तर पर समय से उपलब्ध कराने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये।

बैठक के दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी मोती लाल ने एजेण्डा प्रस्तुत करते हुये योजना, पात्रता की शर्तों, प्राप्त आवेदनों एवं स्वीकृति आवेदनों के संबंध में समिति के समक्ष सम्पूर्ण विवरण प्रस्तुत किया। बैठक के दौरान समस्त विकास खण्ड के सहायक विकास अधिकारी (समाज कल्याण) सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## श्री रामचरितमानस पाठ के साथ विशाल भंडारे का हुआ आयोजन

कमलापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र कमलापुर के अंतर्गत ग्राम सिंहपुर में पत्रकार छोटू मिश्रा अपने निज निवास पैतृक शिव मंदिर पर विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्रावण मास के प्रथम सोमवार के पावन पर्व पर श्रीरामचरितमानस पाठ के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालु भक्त ग्रामवासी व क्षेत्रवासी प्रतिष्ठित सम्भ्रांत व्यक्तियों ने भोलेनाथ का प्रसाद पाकर भोले बाबा के दरबार में अपनी अमूल्य उपस्थिति देकर मानव जीवन को कृतार्थ किया।

## विकास खण्ड खैराबाद की ग्राम पंचायत परसेहरा में मनरेगा में बड़ा फर्जीवाड़ा

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । विकास खंड खैराबाद की ग्राम पंचायत परसेहरा में मनरेगा योजना के तहत फर्जी हाजिरी का बड़ा खेल सामने आया है। ग्रामीणों के अनुसार, कार्यस्थल पर एक ही दिन की एक फोटो को कई बार अपलोड कर हाजिरी दर्ज की जा रही है, जबकि ज़मीनी स्तर पर मजदूरों की उपस्थिति संदिग्ध है। मनरेगा जैसी महत्त्वपूर्ण योजना, जिसका उद्देश्य ग्रामीणों को रोजगार देना है, अब भ्रष्टाचार का अड्डा बनती जा रही है। काम न होने के बावजूद मजदूरों की उपस्थिति दर्ज की जा रही है, और इसके लिए एक ही फोटो का बार-बार उपयोग किया जा रहा है। ग्रामीणों ने मांग की है मामले की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। अब देखना है कि प्रशासन इस घोटाले को संज्ञान में लेकर कोई ठोस कार्रवाई करता है या नहीं।

## दहेज की मांग में विवाहिता की संदिग्ध मौत

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । जनपद के थाना महमूदाबाद क्षेत्र के बनेहरा वीर बल गांव निवासी हरीश चंद्र ने अपनी बहन सीमा यादव की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत को लेकर ससुराल पक्ष पर दहेज हत्या का गंभीर आरोप लगाया है। सीमा की शादी इसी वर्ष 7 मार्च को पुरवा रेवान गांव निवासी सोभित सिंह यादव के साथ हुई थी। परिजनों का आरोप है कि शादी के बाद से ही सीमा को कार की मांग को लेकर लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। 13 जुलाई की सुबह ससुराल पक्ष ने फोन पर सूचना दी कि सीमा की तबीयत खराब है और उसे अस्पताल लाया जा रहा है। जब मायके पक्ष के लोग महमूदाबाद के सरकारी अस्पताल पहुंचे, तो सीमा मृत अवस्था में मिली।

# छोटी काशी में उमड़ा शिवभक्तों का सैलाब प्रशासन ने किया पुष्पवर्षा से स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



श्रावण के पहले सोमवार पर गोला शिव मंदिर में भक्ति और सेवा का अनूठा संगम

लखीमपुर खीरी। श्रावण मास के पहले सोमवार को लखीमपुर खीरी की ''छोटी काशी'' कहे जाने वाले गोला शिव मंदिर में शिवभक्तों और कांवरियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। अलसुबह से ही हर-हर महादेव के जयघोषों के बीच मंदिर परिसर में श्रद्धा, आस्था और अनुशासन का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। अपर जिलाधिकारी नरेंद्र बहादुर सिंह ने श्रद्धालुओं का नगर पालिका परिषद अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू के साथ फूल बरसाकर स्वागत किया और कांवरियों को सुरक्षा, सुविधा और श्रद्धा का भरोसा दिलाया। उन्होंने मंदिर परिसर एवं मार्ग में की गई व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया और स्वयं व्यवस्थाओं में लगे पुलिसकर्मियों एवं वालंटियर्स से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर एसडीएम युगांतर त्रिपाठी, सीओ अर्चना ओझा, नगर पालिका व स्वास्थ्य विभाग की टीमें तथा बड़ी संख्या में प्रशासनिक और स्थानीय लोग मौजूद रहे। अधिकारियों ने साफ-सफाई, पेयजल, चिकित्सा, ट्रैफिक व्यवस्था और सुरक्षा इंतजामों की बारीकी से समीक्षा की और मौके पर मौजूद अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए। श्रावण माह के बाकी सोमवारों के लिए भी प्रशासन ने सुरक्षा और सुविधा को लेकर व्यापक रणनीति तैयार की है। जिलेभर से आने वाले भक्तों के लिए समर्पण और सेवा की यह मिसाल, गोला शिव मंदिर की परंपरा को और अधिक भव्य बना रही है।

# 100 आंगनबाड़ी केंद्रों पर सबसे कमजोर बच्चों की होगी जांच

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। संभव अभियान 5.0 के तहत लखीमपुर खीरी में कमजोर और नाटे बच्चों की पहचान और उनके पोषण स्तर के यथार्थ मूल्यांकन के लिए बड़ा कदम उठाया गया है। जिले के 100 ऐसे आंगनबाड़ी केंद्रों को चिह्नित किया गया है, जहां सर्वाधिक संख्या में स्टंटिंग (नाटापन) से पीड़ित 0 से 5 वर्ष तक के बच्चे हैं। इन केंद्रों पर 15 जुलाई से ग्रोथ मेजरमेंट (लंबाई, ऊंचाई व वजन) का कार्य शुरू किया जाएगा। इससे पहले सोमवार को अटल सभागार में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में नोडल अधिकारियों के लिए विशेष प्रशिक्षण आयोजित किया गया, जिसमें लखनऊ से ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर मेजरमेंट प्रक्रिया के सभी बिंदुओं पर जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण की अध्यक्षता करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि पोषण ही बच्चे के संपूर्ण विकास की बुनियाद है। अगर ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस में कोई तकनीकी दिक्कत आती है, तो तुरंत दूसरी मशीन से रिप्लेस किया जाए। किसी भी हाल में अभियान की रफ्तार न रुके। हर नोडल अधिकारी समय से केंद्र पहुंचे और कोई भी बच्चा मापन से वंचित न रहे। बच्चों को केंद्र लाने की जिम्मेदारी सहायिका की होगी, जिसकी निगरानी सीडीपीओ करेंगे। डीएम ने कहा कि सभी अफसर जिम्मेदारी को निजी रुचि से निभाएं।

**मापन कैसे होगा? डीपीओ भारत प्रसाद ने समझाया तरीका**

डीपीओ भारत प्रसाद ने बताया कि नोडल अधिकारी संबंधित आंगनबाड़ी केंद्रों पर उपलब्ध कराई गई नामवार सूची के अनुसार बच्चों का वजन एवं ऊंचाई अपने सामने मापेंगे। यदि पोषण ट्रैकर पर दर्ज पुराने आंकड़ों में कोई अंतर पाया गया तो संशोधित आंकड़े पोषण ट्रैकर पर अपडेट किए जाएंगे और रिपोर्ट में इस अंतर का स्पष्ट उल्लेख भी किया जाएगा। यदि कोई बच्चा 15 जुलाई को मेजरमेंट से छूट जाता है तो उसका मापन 16 जुलाई को किया जाएगा, जिससे कोई भी बच्चा इससे वंचित न रहे।

संभव अभियान : हर केंद्र पर तैनात नोडल अधिकारी, बीडीओ होंगे पर्यवेक्षक*

जिले में ग्रोथ मेजरमेंट के लिए मजबूत इंतजाम किए गए हैं। हर आंगनबाड़ी केंद्र पर एक नोडल अधिकारी तैनात किया गया है, जबकि बच्चों के मापन की जिम्मेदारी सीएचओ को दी गई है। 4ऽ5 केंद्रों पर एक सेक्टर अधिकारी नियुक्त किया गया है, जिनमें खंड शिक्षा अधिकारी और आपूर्ति निरीक्षक शामिल हैं। ब्लॉक स्तर पर बीडीओ को पर्यवेक्षक बनाया गया है। लॉजिस्टिक सपोर्ट के लिए सीडीपीओ और मुख्य सेविकाएं जिम्मेदार होंगी। सभी 100 केंद्रों पर ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस उपलब्ध करा दी गई हैं।

**जिला स्तर पर वॉर रूम की व्यवस्था**

मापन कार्य को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए जनपद स्तर पर एक वॉर रूम भी स्थापित किया गया है। किसी भी समस्या की स्थिति में संबंधित अधिकारी दूरभाष नंबर 05872-314989 या मोबाइल नंबर 9451564101, 9415513172 पर संपर्क कर सकते हैं।इस प्रशिक्षण कार्यशाला में सभी बीडीओ, बीईओ, आपूर्ति निरीक्षक, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी मौजूद रहे।

# डीएम ने अधिकारी एवं कार्मिक को पंचायत चुनाव की तैयारियों के लिए दिये उचित दिशा–निर्देश

**निर्धारित समय सारिणी के अनुसार निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण का कार्य कराया जाए पूर्णः हर्षिता माथुर**

**बीएलओ 14 अगस्त से 29 सितम्बर तक घर–घर जाकर करेंगे गणना व सर्वेक्षण का कार्यः डीएम**

**5 दिसम्बर 2025 को अन्तिम मतदाता सूची के आलेख का होगा प्रकाशन 15 जनवरी 2026 को निर्वाचक**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। राज्य निर्वाचन आयोग, उ0प्र0, लखनऊ की अधिसूचना के क्रम में जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) हर्षिता माथुर ने निर्देश दिये है कि जनपद में त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली का समय सारिणी के अनुसार वृहद पुनरीक्षण किया जायेगा। निर्धारित तिथि के अनुसार 18 जुलाई से 13 अगस्त 2025 तक किसी ग्राम पंचायत के आंशिक भाग के अन्य ग्राम पंचायत अथवा नगरीय निकाय में समाहित होने की स्थिति में विलोपन एवं मतदाता सूची के प्रिंट करने की कार्यवाही बी0एल0ओं0 एवं पर्यवेक्षकों को उनके कार्य क्षेत्र का आवंटन, उन्हें तत्सम्बन्धी जानकारी देना तथा स्टेशनरी आदि का वितरण उपर्युक्त दोनों कार्यवाही पृथक-पृथक तथा समानान्तर चलेगी।



जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) हर्षिता माथुर ने निर्देश दिये है कि जनपद स्तर पर बी0एल0ओं0 द्वारा घर-घर जाकर गणना और सर्वेक्षण करने की अवधि 14 अगस्त से 29 सितम्बर 2025 तक तिथि निर्धारित है तथा ऑनलाइन आवेदन करने की अवधि 14 अगस्त से 22 सितम्बर 2025 तक एवं ऑनलाइन प्राप्त आवेदन पत्रों की घर-घर जाकर जांच की अवधि 23 सितम्बर से 29 सितम्बर 2025 तक, निर्वाचक गणना पत्रक के आधार पर परिवर्धन, संशोधन एवं विलोपन की तैयार हस्तलिखित पाण्डुलिपि सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में जमा करने की अवधि 30 सितम्बर से 06 अक्टूबर तक, ड्राफ्ट नामावलियों की कम्प्यूटरीकृत पाण्डुलिपि तैयार करना 7 अक्टूबर से 24 नवम्बर 2025 तक, निर्वाचक नामावलियों के कम्प्यूटरीकरण के उपरान्त मतदान केन्द्र/स्थलों का क्रमांकन, मतदाता क्रमांकन, मतदेय स्थलों के वार्डो की मैपिंग आदि 25 नवम्बर से 04 दिसम्बर 2025 तक, अनन्तिम मतदाता सूची के आलेख का प्रकाशन 05 दिसम्बर 2025 निर्धारित है। आलेख्य के रूप में प्रकाशित अनन्तिम मतदाता सूची का निरीक्षण एवं दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने की निर्धारित तिथि 6 दिसम्बर से 12 दिसम्बर 2025 तक, दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण 13 दिसम्बर से 19 दिसम्बर 2025 तक, दावे और आपत्तियों के निस्तारण के उपरान्त हस्तलिखित पाण्डुलिपिया तैयार कर जमा करने की अवधि 20 दिसम्बर से 23 दिसम्बर 2025 तक, दावे और आपत्तियों के निस्तारण के उपरान्त पूरक सूचियों की कम्प्यूटीकरण की तैयारी एवं उन्हें मूल सूची में यथा स्थल समाहित करने की कार्यवाही 24 दिसम्बर 2025 से 08 जनवरी 2026 तक, पूरक सूचियों की पाण्डुलिपियों की तैयारी तथा उन्हें मूल सूची में यथा स्थान समाहित करने की कार्यवाही की तिथि 09 जनवरी 2026 से 14 जनवरी 2026 तक, निर्वाचक नामावलियों का जनसामान्य के लिए अन्तिम प्रकाशन 15 जनवरी 2026 निर्धारित तिथि है। जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) ने निर्देश दिये है कि निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) एवं समस्त उपजिलाधिकारी/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, जनपद रायबरेली एवं समस्त खण्ड विकास अधिकारी/समन्वयक अधिकारी द्वारा अपने क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा तथा सार्वजनिक जानकारी हेतु समस्त सम्बन्धित कार्यालयों के सूचना पट्ट पर भी यह कार्यकम प्रदर्शित किया जाएगा। निर्धारित समय सारणी के अनुसार निर्वाचक नामावली के वृहद् पुनरीक्षण के दौरान पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाश दिवसों में सम्बन्धित कार्यालय खुले रहेंगे तथा निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण का कार्य पूर्ण कराया जायेगा। किसी भी परिस्थिति में समय सीमा नहीं बढ़ायी जाएगी।

## पृथ्वी की हरियाली के लिए पौधारोपण अत्यंत आवश्यक हैः शाह आलम रौनक

**एएम पब्लिक स्कूल में स्कूली बच्चों ने किया पौधारोपणः इरशाद हुसैन**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मुरादाबाद। रामनगर माजरा स्थित आम पब्लिक स्कूल में वन महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत पौधारोपण किया गया जिसमें स्कूली बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया वन महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित वन पौधा रोपण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि पृथ्वी को हरा भरा रखने हेतु पौधों का लगाया जाना बहुत ज्यादा जरूरी है। इसी क्रम में प्रधानाचार्य शाह आलम रौनक ने पौधारोपण कार्यक्रम आयोजन के बाद छात्र छात्राओं को किया अधिक से अधिक वृक्ष लगाए जाने हेतु प्रेरित करते हुए कहा कि पृथ्वी पर लगाता बढ़ते जनाधिक्य और वृक्षों की कमी से बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग को दूर करने हेतु पौधारोपण किया जाना अत्यंत आवश्यक है जिससे पृथ्वी पर बढ़ते प्रदूषण को कम किया जा सके और पृथ्वी को हरा भरा रखा जा सके। पौधारोपण कार्यक्रम के बाद में भाग लेने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इसमें मोहम्मद रैयान,शिल्पी, आलिश, मानसी,अक्षित, अलायरा, निमरा,खुशी आदि शामिल रहे। इस अवसर पर स्कूली बच्चों के साथ पूर्व विधायक बलराम सिंह सैनी,प्रधानाचार्य शाह आलम रौनक, अभिनव सैनी, प्रीति चतुर्वेदी,सुखविंदर कौर,मोहम्मद दानिश,ज्योति सैनी,ईशा परवीन, कशिश, नीतू, इकरार अहमद, रितिका, राशि, इंशा, एमन, पूजा गौतम,,आफरीन,ईशा परवीन,शिवानी एवं शगुन, रश्मि,पूजा आदि सम्मिलित रहे। पौधारोपण कार्यक्रम ईशा परवीन की देखरेख में हुआ।

## किसानों को बिजली और खाद की समस्या, 16 जुलाई को करेंगे पंचायत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मुरादाबाद, गुन्नौर। भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को उपजिलाधिकारी डॉ. वंदना मिश्रा को ज्ञापन सौंपकर ब्लॉक जुनावई क्षेत्र की बिजली और खाद की समस्या को उठाया। ज्ञापन में बताया गया कि लगभग 280 गांवों के किसान बिजली की भारी किल्लत का सामना कर रहे हैं, जिससे धान की रोपाई प्रभावित हो रही है। किसानों ने आरोप लगाया कि जुनावई विद्युत उपकेंद्र पर क्षमता से अधिक लोड होने के कारण क्षेत्र में नियमित बिजली आपूर्ति नहीं हो रही है। विभाग को पूर्व में भी कई बार अवगत कराया गया है, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। ज्ञापन में यह भी बताया गया कि नौ प्रस्तावित बिजलीघरों के निर्माण की योजनाएं अधर में लटकी हुई हैं और विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा।इसके अलावा खाद की समस्या भी किसानों के लिए गंभीर बनी हुई है। डी.ए.पी. न तो सहकारी दुकानों पर उपलब्ध है और न ही निजी दुकानों में मिल रही है। यूरिया भी आसानी से नहीं मिल रहा, जिससे किसान बेहद परेशान हैं। किसान यूनियन ने चेतावनी दी है कि अगर समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ तो 16 जुलाई को पतारिया बाइपास रोड पर पंचायत का आयोजन किया जाएगा और आंदोलन को तेज किया जाएगा। इस मौके पर कौशल क्रांतिकारी, सत्यवीर मास्टर, श्रीपाल, नेत्र पाल, मेघ सिंह, रूप किशोर, सुरेश, उमा शंकर शर्मा, विनोद यादव, रमेश चंद्र शर्मा, रामनिवास यादव सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सूचना आयोग का अधिकारी बनकर कई ग्राम प्रधानों से लाखों का ऑनलाइन ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



आजमगढ।. पुलिस ने फर्जी सूचना आयोग का अधिकारी बनकर राज्य के विभिन्न ग्रामप्रधानों से लगभग लाखों की ठगी करने वाले 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। 02 मोबाइल फोन व 3200 रुपये नगद बरामद किया है।वादी मुकदमा मो0 आरिफ खाना निवासी ग्राम गोछा थाना मुबारकपुर प्रधानपति द्वारा तहरीर दिया गया कि उनके साथ फर्जी राजभवन का सेक्रेटरी हर्षवर्धन सिंह राठौर (ऋष्ट्ट) बनकर एक व्यक्ति द्वारा 8,26,995/- रुपये का फ्राड कर लिया गया है। जिसके आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 41/2024 धारा 318(4),319(2), 317 बीएनएस व 66सी, 66डी आईटी एक्ट बनाम अज्ञात के विरुद्ध पंजीकृत किया गया। विवेचना के क्रम में अभियुक्त पंकज यादव पुत्र रामलखन यादव का नाम प्रकाश में आया। गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा पूँछताछ में बताया गया कि इन्टरनेट से गऋए के वेबसाइट से ग्राम प्रधानों व पूर्व प्रधानों की सूची निकालकर सम्पर्क करता हूँ। जनसूचना अधिकारी व सचिवालय अधिकारी व राजभवन का फर्जी सेक्रेटरी हर्षवर्धन सिंह राठौर (ऋष्ट्ट) बनकर उनको कॉल करता था तथा उनके खिलाफ भ्रष्ट्राचार व जांच आदि के आरोप लगाकर डरा धमकाकर उनसे अपने खाते तथा बताये गये जनसेवा केंद्र के खातों में पैसा मंगा लेता हूँ। वर्ष 2024 जून मे मैने इसी प्रकार फर्जी राजभवन का सेक्रेटरी बनकर आजमगढ़ के ग्राम गोछा के प्रधान आरिफ खान को फोन किया व बताया कि आपके गांव के कई लोगों द्वारा आपकी शिकायत की गयी है जिसकी जांच हो रही है।

## डीएम ने किया टाटा टेक्नोलॉजी द्वारा स्थापित आधुनिक ट्रेनिंग सेंटर व रोजगार मेले का निरीक्षण

**रोजगार मेले में 432 युवाओं को मिला रोजगार**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने राजकीय आईआईटी गोरा बाजार स्थित टाटा टेक्नोलॉजी सेंटर द्वारा स्थापित आधुनिक ट्रेनिंग सेंटर का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने यहाँ आयोजित हो रहे विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अंतर्गत वृहद रोजगार मेले का भी अवलोकन किया। जिसमें बेरोजगार युवाओं को निजी कंपनियों में प्लेसमेंट दिया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि मेले में जिन युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है, उनका लगातार फोलोअप भी लें। इस रोजगार मेले में 14 कम्पनियों, पेटीएम सर्विसेज प्रालि, जय भारत मारूति, डीलक्श बीयरिंग प्रालि, एजईएएस फ़ेडरल लाईफ इंस्योरेन्स, वर्धमान ग्रुप, पैरेन्ट्स केयर लखनऊ, अमूल्य स्वास्थ्य मित्र, पोर्टिया, इंस्टा ह्यूमन्स मैनेजमेंट प्रालि, केयर हेल्थ सर्विसेज प्रालि, ब्राईट फ्यूचर, सुजुकी मोटर, पीपल ट्री आनलाईन, फ्रीडम इम्प्लायबिलिटी एकेडमी ने प्रतिभाग किया। रोजगार मेले में लगभग 730 अभ्यर्थियों के भाग लिया, जिसमें से लगभग 432 युवाओं को विभिन्न कम्पनियों द्वारा साक्षात्कार कर रोजगार से जोड़ा गया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, उपायुक्त उद्योग, जिला सेवायोजन अधिकारी, प्रधानाचार्य महिला आईटीआई, राजीव कुमार सिंह, वन्दना सिंह एमआईएस प्रबन्धक कौशल विकास सहित आईटीआई के समस्त कार्यदेशक एवं अनुदेशक उपस्थित रहे। मंच का संचालन सीएम श्रीवास्तव कार्यदेशक राआईटीआई द्वारा किया गया।

## मुंबई से आजमगढ़ तक की लव स्टोरी का हुआ दुखद अंत

**पेड़ पर दुपट्टा से लटके प्रेमी युगल, परिजन अब लगा रहे आरोप, पुलिस गुत्थी सुलझाने में जुटी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



आजमगढ़। जनपद के गंभीरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत चकपाठा गांव के सिवान में सोमवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब ग्रामीणों ने एक प्रेमी युगल का शव नीम के पेड़ से लटकता देखा। सूचना पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने जांच-पड़ताल करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतकों की पहचान मेहनगर थाना क्षेत्र के पंदहा गांव निवासी घनश्याम यादव (25) और जौनपुर जनपद के कोटवा निवासी नंदनी यादव (16) के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि नंदनी बीते दस वर्षों से अपने ननिहाल पंदहा में रह रही थी और पढ़ाई कर रही थी। इसी दौरान उसका प्रेम संबंध घनश्याम से हो गया। दोनों एक-दूसरे से विवाह करना चाहते थे, लेकिन परिजन इस रिश्ते के सख्त खिलाफ थे। यह प्रेमी युगल लगभग एक वर्ष पहले भी घर से भाग चुके थे, पर बाद में वापस लौट आए थे। इस बार परिजनों के लगातार विरोध से तंग आकर दोनों ने आत्मघाती कदम उठाया। सोमवार सुबह करीब 10 बजे ग्रामीणों ने शव देख पुलिस को सूचना दी। एसपी सिटी मधुबन कुमार सिंह ने बताया कि युवती 23 जून 2025 से मुंबई से लापता थी और इसको लेकर स्थानीय थाने में गुमशुदगी का मुकदमा भी दर्ज कराया गया था। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्ट्या मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, फिर भी सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है।

## हज 2026 पर जाने वाले हज यात्रियों के लिए आवश्यक निर्देश व समय सीमा निर्धारित : महिमा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी महिमा ने हज-2026 पर जाने वाले समस्त हज यात्रियों को सूचित किया है कि अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा हज सत्र 2026 की घोषणा के बाद ऑनलाइन हज आवेदन हज कमेटी ऑफ इण्डिया की वेबसाइट http://www.hajcommittee.gov.in व हज सुविधा एप पर आनलाईन आवेदन करने की तिथि 07 जुलाई 2025 से अन्तिम तिथि 31 जुलाई, 2025 तक किये जायेगे। उन्होंने कहा है कि हज-2026 (1447हि0) की आवश्यक तैयारियों के निर्देश व समय-सीमा निर्धारित की गयी है, जिसमें पासपोर्ट मशीन पठित होना आवश्यक है, हस्तलिखित पासपोर्ट मान्य नहीं होगा तथा आवेदन की अन्तिम तिथि 31 जुलाई 2025 या उससे पूर्व का हो, जिसकी वैद्यता तिथि 31 दिसंबर 2026 तक होना अनिवार्य है। हज-2020 सामान्य 40 दिवस की यात्रा के अतिरिक्त छोटी 20 दिवसीय हज यात्रा हेतु आवेदन करने का विकल्प रखा गया है जिसमे कम सीटें उपलब्ध है एवं व्यय अधिक होने की सम्भावना है तथा ऐसा विकल्प चयनित करने वालो हेतु केवल सात (07) उड़ान स्थल निर्धारित है। (अहमदाबाद, बैंगलोर, चेन्नई, कोच्चिन, दिल्ली, हैदराबाद व मुम्बई) सामान्य यात्रा हेतु निर्धारित शर्ते हज 2025 की भांति ही रहेगी। आनलाईन आवेदन करते समय हज आवेदकों को पासपोर्ट साइज फोटो, पासपोर्ट का प्रथम पृष्ठ, अन्तिम पृष्ठ, ऐडरेस प्रूफ, बैंक खाते का विवरण जिसमे कैंसल्ड चेक अथवा बैंक पासबुक की प्रति अपलोड की जायेगी। विस्तृत दिशा-निर्देश हज कमेटी ऑफ इण्डिया, मुम्बई की वेबसाइट http://hajcommittee.gov.in व उ0प्र0 राज्य हज समिति की वेबसाइट http://hajcommittee.up.gov.in पर उपलब्ध है। फार्म भरने से पूर्व इसका अवलोकन अवश्य कर लें।

### महादलित परिसंघ की बैठक सम्पन्न



**चन्दौसी।** रविवार को महादलित परिसंघ द्वारा बैठक आयोजित कर अक्टूबर माह में प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर बरेली एवं चन्दौसी के पदाधिकारियों द्वारा चर्चा की गई जिसमें प्रत्येक जिम्मेदारी के लिए टीमों को गठन किया गया। बताया गया कि अक्टूबर माह में चन्दौसी में महादलित जातियों के अधिकार, उनके पिछड़ेपन, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार तथा राजनैतिक अधिकारों को लेकर सभी महादलित एंव सफाई कामगार जातियां एकत्र होंगी जिनके समर्थन में बहुत सारी संस्थाएं एवं जनप्रतिनिधि का समर्थन प्राप्त हुआ है। कार्यक्रम की अध्यक्षता बरेली नि0 श्यामसुंदर कठेरिया ने की। बैठक में शिशुपाल कठेरिया, हरीशबाबू वाल्मीकि, हरवंश सिंह, जिलाध्यक्ष बरेली मंगूसिंह, जयदीप चौधरी, शिवप्रसाद, जितेन्द्र, मुकेश बाबू, श्याम, अमरीश कठैरिया, तिलक राज, मिलन कुमार, राजकुमार, अजय राजौर, चंद्रपाल सिंह, एड. अनुराग, डी.के. भैया, उमेश प्रधान, मुकेश सोनू एड., संजय राजौरिया, देवकांत चौहान, राहुल चौधरी, रिंकू चौहान, सुरेन्द्र, शंकर, कमल कुमार, मनीष कुमार, हरीसिंह वरदान, मदनलाल चौहान, देवकांत शर्मा, शहबाज खान, पुष्पेन्द्र मौर्य, जसवंत प्रधान आदि मौजूद रहे।

### नामकरण में जा रही महिला की हादसे में मौत, भतीजा गंभीर घायल

**मुरादाबाद , गुन्नौर।** रविवार शाम मेरठ–बदायूं स्टेट हाईवे पर सैंजना मुस्लिम गांव के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में नामकरण समारोह में शामिल होने जा रही महिला की जान चली गई, जबकि उसका भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, जुनावई थाना क्षेत्र के गांव काशीपुर में सोमवार को कुमरसैन के पुत्र का नामकरण संस्कार आयोजित था। समारोह में शामिल होने के लिए काशीपुर निवासी दिनेश अपनी बुआ पानवती (62) पत्नी जालिम, निवासी फैजपुर, को लेने गया था। दोनों बाइक से काशीपुर लौट रहे थे।शाम करीब सात बजे जैसे ही उनकी बाइक सैंजना मुस्लिम गांव के पास पहुंची, तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार टाटा मैजिक ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में पानवती की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दिनेश गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल भिजवाया तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई शुरू की।पुलिस वाहन को कब्जे में ले लिया है और मामले की जांच की जा रही है।

### सावन माह के प्रथम सोमवार पर पाकबड़ा में चला सफाई अभियान



**मुरादाबाद।** नगर पंचायत पाकबड़ा ने सावन माह के प्रथम सोमवार को मंदिरों के आसपास सफाई व्यवस्था को पूर्ण रूप से व्यवस्थित करने के लिए विशेष प्रयास किए। इस दौरान नगर पंचायत के कर्मचारियों ने मंदिरों के आसपास के क्षेत्रों में साफ–सफाई की और कूड़ा–कचरा हटाया। इस दौरान मंदिरों के आसपास साफ–सफाई , नगर पंचायत पाकबड़ा के कर्मचारियों ने मंदिरों के आसपास के क्षेत्रों में साफ–सफाई की और कूड़ा–कचरा हटाया, नगर पंचायत पाकबड़ा ने सावन माह के प्रथम सोमवार को विशेष प्रयास किए ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो , नगर पंचायत पाकबड़ा के प्रयासों से श्रद्धालुओं को साफ–सुथरे वातावरण में पूजा–अर्चना करने का अवसर मिला। इस तरह के प्रयासों से नगर पंचायत पाकबड़ा ने श्रद्धालुओं के लिए एक स्वच्छ और पवित्र वातावरण प्रदान किया।

### अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन बैठक सम्पन्न



**चन्दौसी।** सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन द्वारा बैठक का आयोजन किया गया जिसमें पूर्व उपमुख्यमंत्री जम्मू कश्मीर व अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के सरंक्षक कविन्द्र गुप्ता को केंद्र शासित राज्य लद्दाख़ का उपराज्यपाल नियुक्त जाने पर हर्ष व्यक्त किया गया। सभी ने एक–दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। युवा प्रदेश अध्यक्ष अमित वार्ष्णेय डी. आर. ने कहा कि माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा कविंद्र गुप्ता को उपराज्यपाल बनाकर वैश्य समाज का मान रखा है। जिलाध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल ने बताया कि कविन्द्र गुप्ता को ये जिम्मेदारी देकर वैश्य समाज में खुशी की लहर दौड़ गई है। जिला प्रभारी गिरीश रतन ने कहा कि आज वैश्य समाज गौरान्वित महसूस कर रहा है। कविन्द्र गुप्ता इससे पूर्व में भी कई जिम्मेदारियों का निर्वाहन कर चुके हैं। इस दायित्व को भी बखूबी निभाकर अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन का नाम रोशन करेंगे। बैठक में युवा प्रदेश अध्यक्ष अमित वार्ष्णेय, जिला प्रभारी गिरीश रतन, जिलाध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल, युवा प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अरुण अन्नू रतन, अर्चित अग्रवाल, जस्टी गुप्ता, शिखर गोयल, विनय अग्रवाल मोनू, सार्थक अग्रवाल, गौरव गोयल, अमित मित्तल आदि लोग मौजूद रहे।

### बदायूं में कछला घाट पर स्नान के दौरान गंगा में डूबा कांवड़िया

**बदायूं।** कछला घाट पर गंगा में स्नान करते समय एक कांवड़िया डूब गया। हाथरस जिले से जत्थे के साथ गंगाजल भरने आए कांवड़िये रविवार रात करीब एक बजे गंगा स्नान कर रहे थे। इसी दौरान पानी के तेज बहाव में कांवड़िया अभिषेक बह गया। साथी कांवड़ियियों ने पुलिस को सूचना दी। रात में ही चौकी इंचार्ज ने गोताखोरों को भेजा और तलाश कराई, लेकिन अभिषेक का पता नहीं चला। रात में खबर मिलते ही अभिषेक के पिता व अन्य परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए। उनका रो–रोकर बुरा हाल था। वही आपको बता दे कि खबर लिखने तक कावड़िया का कोई सुराग नहीं लगे। वही उझानी इंस्पेक्टर का कहना है कि कावड़िया की तलाश में कई टीम लगी है जल्दी ढूंढ लिया जाएगा।

### तहसील स्तरों पर आज होगा धरना प्रदर्शन

**बदायूं।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के राष्ट्रीय आभार पर आज मंगलवार को 15 जुलाई को जिले की सभी तहसीलों पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। यह जानकारी मंडल प्रवक्ता राजेश कुमार सक्सेना ने देते हुए बताया सभी तहसीलों पर धरना प्रदर्शन होगा। ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम संबोधन तहसील पर दिया जाएग। उन्होंने कहा कि सभी तहसील अध्यक्ष अपने तहसीलों पर धरना प्रदर्शन करेंगे बदायूं के सदर तहसील अध्यक्ष बदायूं में धरना प्रदर्शन करेंगे। बिसौली तहसील अध्यक्ष बिसौली तहसील पर धरना प्रदर्शन करेंगे। सहसवान तहसील अध्यक्ष सहसवान की तहसील पर धरना प्रदर्शन करेंगे। बिल्सी तहसील अध्यक्ष बिल्सी पर अपनी तहसील पर धरना प्रदर्शन करेंगे। तहसील अध्यक्ष दातागंज पर धरना प्रदर्शन करेंगे। बदायूं का धरना प्रदर्शन पर मंडल प्रवक्ता राजेश कुमार सक्सेना व मंडल की वरिष्ठ उपाध्यक्ष चौधरी सौदान सिंह जिला के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ठाकुर अजय पाल सिंह व सदर तहसील अध्यक्ष अर्जुन सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष सलारपुर पप्पू सैफी, ब्लॉक अध्यक्ष उझानी सोमवीर सिंह, जिला उपाध्यक्ष जोगिंदर सिंह, जिला उपाध्यक्ष पंडित रामकुमार शर्मा समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

### चंद्रिका देवी इंटर कॉलेज में रोजगार मेले का आयोजन

**बदायूँ।** बदायूं–उझानी रोड पर स्थित चंद्रिका देवी इंटर कॉलेज में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा आयोजित वृहद रोजगार मेले का सदर विधायक /पूर्व राज्यमंत्री महेश चंद्र गुप्ता द्वारा उद्घाटन करआयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया और कार्यक्रम में उपस्थित छात्र छात्राओं को संबोधित किया। उक्त कार्यक्रम में सुधीर श्रीवास्तव ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में चंद्रिका देवी इंटर कॉलेज के संस्थापक रामशरण मिश्र, कॉलेज के प्रबंधक अजय कुमार मिश्रा, प्राचार्य आईध टी ध आई सुरेंद वार्ष्णेय ,कौशल विकाश केंद्र प्रबंधक एवं कार्यक्रम आयोजक सुधीर यादव , संचालक अमरदीप, ग्लोबल आई टी आई से वीरपाल पटेल सहित विभिन्न लोग उपस्थित रहे। वहीं सदर विधायक महेश चंद गुप्ता ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार का भाव है कि कोई भी युवा बेरोजगार ना रहे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री कई योजना ऐसी चलाई है कि उसमें युवा उद्योग लगाकर अपना रोजगार खुद कर सकते है। वहीं उन्होंने बताया कि 2047 में भारत विश्व गुरु बनेगा और इनमें से कई युवा देश को आगे ले जाएंगे।और युवाओं को उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दीं।

### राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर सेंटर में तब्दील, अब होगा धरना प्रदर्शन

**बदायूं।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के मंडल प्रवक्ता राजेश कुमार सक्सेना ने राजकीय मेडिकल कॉलेज में सीटी स्कैन की मशीन व एम आर आई की मशीन में लगने को पड़ी है मेडिकल कॉलेज का बुरा हाल मरीज को नहीं मिल रही है सुविधा उन्होंने कहा राजकीय मेडिकल का इलाज भारतीय किसान यूनियन टिकैत करेगी विगत वर्षों में भी धरना प्रदर्शन करके राजकीय मेडिकल कॉलेज के हालात सही करने के लिए संघर्ष किया गया था। उन्होंने कहा कि राजनेता ध्यान नहीं दे रहे है राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर सेंटर में तब्दील कर दिया गया है डॉक्टरों की लापरवाही काफी हद तक है राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य मशीन लगाने में लापरवाही कर रहे हैं।

# राजस्व वाद निस्तारित न करने वाले अधिकारी को किया जाएगा निलंबित

**आयुक्त ने डीएम को दिए निलंबन की संस्तुति भेजने के निर्देश**

**आयुक्त ने चेताया, लापरवाह अधिकारियों पर जल्द गिरेगी गाज**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। देवीपाटन मण्डल आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने मंडल के सभी जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी,अपर जिला अधिकारी एवं राजस्व से जुड़े अन्य अधिकारियों के साथ वीसी के माध्यम से बैठक कर राजस्व वादो के निस्तारण, वृक्षारोपण, बीज व खाद वितरण सहित अन्य विकास कार्यों की समीक्षा की ।राजस्व वादों के बढ़ते मामलों को देखते हुए आयुक्त ने राजस्व से जुड़े सभी अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि आने वाले समय में राजस्व वादों के निस्तारण में सुधार नहीं हुआ तो सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले राजस्व अधिकारी के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई हो सकती हैउन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी के स्पष्ट निर्देश हैं कि राजस्व से जुड़े माम लों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। अतः सभी राजस्व अधिकारी इसको गंभीरता से ले अन्य था उनके खिलाफ कभी भी कार्रवाई हो सकती है।आयुक्त ने वीसी में सभी जिलाधिकारियों के निर्देश दिये कि राजस्व वादों के निस्तारण में सबसे खराब प्रदर्शन वाले नायब तहसीलदार, तहसीलदार या अन्य संबंधित अधिकारी के निलंबन की संस्तुति भेजें जिसे शासन को प्रेषित किया जाये,उन्होंने कहा कि सभी राज स्व अधिकारी रोस्टर बनाकर राजस्व वादों को जल्द से जल्द निपटाए।वीसी के माध्यम से आयुक्त ने वृक्षारोपण कार्य की भी समीक्षा की। इस संबंध में उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए वृक्षारोपण अभियान में लगाए गए सभी वृक्षों को जीवित रखा जाए। स्कूल एवं आंगनबाड़ी केदो में सहजन का वृक्ष लगाया जाए, साथ ही उन्होंने सीएचसी पीएचसी में खाली पड़े स्थान में भी सहजन का वृक्ष लगाने और डॉक्टर के परामर्श के अनुसार मरीजों को सहजन की सब्जी भोजन में दिन के निर्देश दिए।खाद व बीज वितरण के संबंध में उन्होंने सभी जनपदों के उप कृषि निदेशक एवं जिला कृषि अधिकारी को निर्देश दिए की जनपद में कहीं भी खाद व बीज निर्धारित रेट से ज्यादा में नहीं बिकना चाहिए।जो दुकानदार इसकी अवहेलना करें उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करते हुए दुकान सीज किया जाए। बीज एवं खाद की दुकान प्रत्येक दिन खुलनी चाहिए एवं मानक के अनुसार बिक्री होनी चाहिये।उन्होंने वीसी में सभी आंगनबाड़ी केदो के समय से खुलने एवं सैम बच्चों की संख्या में कमी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सैम बच्चों की संख्या में बढ़ोतरी न हो इसके लिए पर्याप्त कदम उठाये जाये।इस दौरान जिलाधि कारी गोंडा नेहा शर्मा,अपर आयुक्त कमलेश चंद्र, संयुक्त विकास आयुक्त मौजूद रहे।

# दो दिन से लापता किशोर का खेत में मिला शव, हत्या की अशंका

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। जिले कोतवाली देहात के सालपुर चौकी अन्तर्गत सिसई टिकरिया गाँव में एक चौदह वर्षीय किशोर का सोमवार को शव मिलने से सनसनी फैल गई।परिजनों ने किशोर की हत्या का आरोप लगाया है।वह शनिवार दोपहर गांव के बाहर से एकाएक लापता हो गया।रविवार को परिजनों ने सालपुर पुलिस चौकी पर गायब होने की सूचना दी थी।सोमवार की सुबह लगभ ग पांच बजे किशोर का शव गांव से बाहर एक गन्ने के खेत में मिला है।परिजनों की सूचना पर पहुंचकर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।किशोर की मां सालिया ने बताया कि मेरा चौदह वर्षीय बेटा विशाल शनिवार को गांव में स्थित मदरसा में पढ़ने गया था।सुबह करीब 11,बजे लौटकर घर आया और खाना खाने के बाद घर से थोड़ी ही दूर बाहर पेड़ के नीचे बच्चों के साथ खेलने लगा।वहीं से अचानक गायब हो गया।जब बच्चा कुछ देर घर नहीं लौटा तो हम लोगों में अनहोनी की आशंका हो गई और खोजबीन शुरू हुई।जब देर रात तक नहीं मिला तो पुलिस चौकी सालपुर में सूचना दी गई।सोमवार को बेटे का शव गन्ने के खेत में मिला है।किशोर की एक मुकदमे में 17 जुलाई को गवाही होनी थी।इसी रंजिश में उसकी बेर हमी से हत्या की गई है।इस संबंध में एएसपी पूर्वी मनोज कुमार रावत ने बताया कि घटना की सभी पहलुओं की पड़ताल की जा रही है। मामले में कुछ लोगों को हिरासत लेकर पूछ ताछ की जा रही है।

# लोको पायलट सेन्टर प्रमोशन के लिए अधिकारियों से मिला कर्मचारी संघ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ की मांग है कि कर्मचारियों का प्रमोशन उनका नुकसान फायदा देखकर किया जाए और ट्रांसफर पोस्टिंग का खेल बंद किया जाए आज तक कैसे गाड़ियां चल रही थी जबकि गाड़ियां बहुत ज्यादा बढ़ चुकी है**

गोरखपुर । पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के महामंत्री सहायक महामंत्री एनएफआईआर नई दिल्ली विनोद राय ने प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर मंडल रेल प्रबंधक प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी सीनियर डी ई ई ओपी से लगातार लोको पायलट सेंटर के प्रमोशन के बारे में लिखित रूप से मौखिक रूप से वार्ता किया जा रहा है 2016 से प्रमोशन नहीं हुआ सेंटर की पोस्ट बीच में पूरा खत्म करने का प्रयत्न किया गया बहुत बार वार्ता करने के बाद रोका गया सेंटर फर्स्ट की जगह कई वर्षों से खाली है लेकिन प्रमोशन नहीं दिया गया सेंटर फर्स्ट में प्रमोशन न देकर के गुड्स में प्रमोशन करके लोगों को ट्रांसफर किया जा रहा है संघ ने मांग किया था

पहले एलपीएस फर्स्ट का प्रमोशन किया जाए क्योंकि जगह खाली हैं एलपीएस फर्स्ट में प्रमोशन करने पर तत्काल वेतन में वृद्धि होकर की लग जाता है एलपीजी में प्रमोशन करने पर 3 महीने का कंपनटेंसी देना पड़ता है प्रशासन की मंशा साफ नहीं हो रही है एलपीजी में प्रमोशन करने के बाद जो लोग ज्वाइन कर लेंगे उसके बाद एलपीएस फर्स्ट में अगर प्रमोशन किया जाता है तो भारी नुकसान कर्मचारियों का होगा गोंडा में रनिंग रूम की व्यवस्था ठीक नहीं है अस्पताल की व्यवस्था नहीं ठीक है रहने की व्यवस्था नहीं ठीक है कोई गाइडलाइन नहीं बनाया गया कि कौन कितना दिन रहेगा गोंडा में जो लोग वहां पोस्ट हुए वह आज तक उनको वापस नहीं किया गया इस बात कोई भी जाना नहीं चाहता है लखनऊ से गोरखपुर गाड़ी चलाई जा सकती है गोरखपुर से लखनऊ चलाई जा सकती है गोरखपुर से सीतापुर चलाई जा सकती है जानबूझकर के कुछ लोग मंडल कार्यालय में ऐसे हैं की जो गलत फिटिंग करके कर्मचारियों का उत्पीड़न करवा रहे हैं ऐसा नहीं होना चाहिए तमाम लोग बॉटम सीनियरिटी पर अपने परिवार के परिस्थितियों के कारण आए अपना प्रमोशन छोड़ें पूरे भारतवर्ष में रेलवे बोर्ड की गाइडलाइन है कि कोई भी अगर समस्या है किसी स्थिति ठीक नहीं है उसके लिए नियम कानून बने हुए हैं उसको भी पूर्वोत्तर रेलवे पर नहीं माना जाता है गोंडा के ट्रांसफर के नाम पर डरा करके लोगों का उत्पीड़न किया जा रहा है।

पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ मांग करता है कर्मचारियों का प्रमोशन देकर के उनका नुकसान फायदा देखकर के किया जाए और ट्रांसफर पोस्टिंग का खेल बंद किया जाए आज तक कैसे गाड़ियां चल रही थी जबकि गाड़ियां बहुत ज्यादा बढ़ चुकी हैं फिर भी सुचारू रूप से गाड़ियां चल रही है लगभग 30 परसेंट सैंक्शन पोस्ट से अधिक कर्मचारी होना चाहिए कि अकस्मात कोई छुट्टी ले लिया कोई परेशानी आ गई कोई प्रॉब्लम आ गया तो गाड़ी का संचालन बंद ना हो पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ यह मांग करता है कर्मचारियों की काउंसलिंग हर साल उनके परिवार से बैठकर करके मीटिंग करके किया जाता है।

लोको पायलट सेंटर और सभी कर्मचारियों को व्यक्तिगत रूप से उनकी समस्या सुनकर के ही निदान किया जाए पूरे कर्मचारी में दहशत का माहौल बना हुआ है सैमसंग पोस्ट की जांच करना पड़ेगा कि कहां पर कितना आवश्यकता है महामंत्री ने सभी के पास पत्र लिखकर के दिया है कर्मचारी हित में जो सही है उसको किया जाए ।

# हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठे शिवालय

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा। सावन के पहले सोमवार को शहर से लेक र ग्रामीण क्षेत्रों के शिवालयों में आस्था का सै लाब उमड़ पड़ा।बोलबम व हर-हर महादेव के जयकारों से शिवमंदिर गूंज उठे।शहर के दुख हरणनाथ मंदिर, खरगूपुर के पृथ्वीनाथ मंदिर सहित जिलेभर के शिव मंदिरों में जलाभिषेक के लिए भोर से ही भक्तों का तांता लग गया।दुखहरणनाथ मंदिर में सोमवार भोर कपाट खुलने से पहले ही जलाभिषेक के लिए महिला व पुरुष श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं। आरती के बाद कपाट खुलते ही भक्तों ने शिव लिंग पर जलाभिषेक कर भांग,धतूरा,बेलपत्र, दूध, अक्षत चढ़ाया।पूरा मंदिर बोलबम के जय कारों से गूंज उठा।जलाभिषेक का सिलसिला दोपहर तक चलता रहा।शाम को भी मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा।श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए बड़गांव पुलिस चौकी व गुरुनान क चौराहे से रूट डायवर्ट किया गया था।खर गूपुर के पृथ्वीनाथ मंदिर में भी भोर से ही महि ला-पुरुष श्रद्धालुओं की कतारें लग गईं। श्रद्धा लुओं के ओम नमः शिवाय, बमबम भोले, जय महाकाल के उद्घोष से पूरा गर्भगृह गुंजायमान रहा।श्रद्धालुओं ने जल,दूध,बेलपत्र,पुष्प, शमी, भांग,धतूरा आदि के साथ पूजन-अर्चन किया।मंदिर के महंत जगदंबा प्रसाद तिवारी ने बताया कि मान्यता है कि सावन माह में भोलेनाथ का जलाभिषेक तथा पूजन के साथ ही रुद्राभिषेक, शृंगार आदि करने से श्रद्धालुओं की मनोकाम ना जरूर पूरी होती है।मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह पुलि स टीम के साथ मुस्तैद रहे।मनकापुर के करोहा नाथ शिव मंदिर,मनोकामना शिव मंदिर व अन्य मंदिरों में भी जलाभिषेक के लिए श्रद्धालु उमड़ पड़े।करनैलगंज के बरखंडीनाथ मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लग गया। जलाभिषे क के साथ लोगों ने रुद्राभिषेक कराया। नवाब गंज के सिद्धेश्वरनाथ मंदिर,मसकनवा के बाबा बटेश्वरनाथ मंदिर,वजीरगंज के बलेश्वरनाथ मंदिर,परसपुर के नर्वदेश्वरनाथ मंदिर,मोतीगंज के जुगेश्वरनाथ मंदिर,राजापुर परसौरा के कोटे श्वरनाथ मंदिर,चांदपुर में खदरननाथ,सुभागपुर में सुभगनाथ शिवमंदिर,जयप्रभाग्राम स्थित पंचमुखी महादेव मंदिर में भी जलाभिषेक के लिए भक्तों का तांता लगा रहा।

# चेतन अग्रवाल अध्यक्ष तो अशोक त्रिपाठी बने सचिव

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा। रोटरी क्लब गोंडा ग्रीन की नई कार्य कारिणी का इंस्टालेशन सेरेमनी गोल्डन फ़ेयरी रिजॉर्ट्स में आयोजित हुई।समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।मुख्य अतिथि के रूप में रोटरी के पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर के.के.श्रीवास्तव एवं विशिष्ट अतिथि असिस्टेंट गवर्नर डॉ.देवेश चंद्र श्रीवास्तव ने नई टीम को पदभार ग्रहण करने की बधाई देते हुए समाज सेवा के लिए प्रेरित किया। उन्हें स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।पास्ट गवर्नर के.के. श्रीवास्तव ने रोटरी क्लब के मूल सिद्धांतों व सेवा कार्यों की महत्ता पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि के रूप असिस्टेंट गवर्नर डॉ.देवेश चंद्र श्रीवास्तव ने रोटरी के ''एक और एक मिलकर ग्यारह'' के सिद्धांत को समझाते हुए कहा कि रोटरी व्यक्तिगत प्रयासों को संगठित कर समाज में बड़ा परिवर्तन लाने की क्षमता रखती है। अगर कोई व्यक्ति अपने शहर में सकारात्मक बदलाव लाना चाहता है तो रोटरी प्लेटफॉर्म सबसे उपयुक्त माध्यम है।इस दौरान रोटरी क्लब गोंडा ग्रीन के नए अध्यक्ष चेतन अग्रवाल व सचिव अशोक त्रिपाठी सहित अन्य पदाधिकारियों को कालर पहना कर पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।नवनियुक्त अध्यक्ष चेतन अग्रवाल ने कहा कि क्लब को और अधिक सक्रिय एवं सामाजिक कार्यों में अग्रणी बनाने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने आगामी सेवा प्रोजेक्ट की रूपरेखा भी प्रस्तुत किया। सचिव अशोक त्रिपाठी ने क्लब द्वारा किए गए कार्य की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत किया। वहीं चार्टर्ड प्रेसीडेंट डॉ.आलोक अग्रवाल ने कहा रोटरी क्लब गोण्डा ग्रीन एक नियम पर काम करती है अगर शहर में बड़ा परिवर्तन लाना है तो एकजुट होकर समाज सेवा करनी होगी। कार्यक्रम में रोटरी क्लब बलरामपुर व बहराइच, मारवाड़ी युवा मंच, दुख निवारण गुरुद्वारा सभा, लायंस क्लब, श्री चित्रगुप्त सभा, कायस्थ समाज सहित तमाम समाजसेवी व रोटेरियन उपस्थित रहे।

## सदर तहसील लेखपालों ने हापुड़ डीएम के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन ,सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। झूठी प्रार्थना पत्र पर बिना जांच कराई हापुड़ जिलाधिकारी द्वारा किए गए उत्पीड़नात्मक कार्यवाही से लेखपाल सुभाष मीणा तनाव में आ गये जिससे लेखपाल की मृत्यु हो गई लेखपाल के मृत्यु से आहत लेखपालों ने सदर तहसील संयोजक अनिल राय के नेतृत्व में सदर तहसील के लेखपालों ने तहसील कैंपस में हापुड़ जिलाधिकारी के विरोध में धरना प्रदर्शन कर एसडीएम सदर के मार्फत मुख्यमंत्री को संबोधित चार सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा लेखपालों ने मांग किया कि मृतक लेखपाल के परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की जाए मृतक आश्रित को योग्यता अनुसार सरकारी सेवा में नियुक्ति तत्काल दी जाए जांच रिपोर्ट शीघ्र प्राप्त कर दोषियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जाए समस्त अधिकारियों को अधीनस्थ के साथ मानवीय एवं सम्मानजनक व्यवहार करने के निर्देश निर्गत किए जाएं मुख्य सचिव द्वारा निर्गत शासनादेशों जिनमें समस्त प्रांतीय मंडलीय जनपदीय तहसील स्तरीय अधिकारियों को प्रति माह कर्मचारी संगठन के साथ अधिकारियों के साथ बैठक कर कर्मचारी समस्याओं को सुनने एवं समाधान करने के निर्देश निर्गत किए।

# बिना अनुमति हो रहा पैथोलॉजी लैब का संचालन,अनजान बना स्वास्थ्य महकमा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा। प्रशासनिक उदासीनता व विभागीय ला परवाही के चलते जिले में मरीजों से जांच के नाम पर मोटी रकम वसूली जा रही है। प्रशासनिक अनदेखी के चलते शहर से लेकर गांव त क बिना पेथॉलोजिस्ट व बिना रजिस्ट्रेशन के पैथोलॉजी लैब संचालित हो रहे हैं।ऐसे पैथालॉ जी संचलकों के पास मेडिकल वेस्ट और प्रदूष ण नियंत्रण बोर्ड का अनापत्ति प्रमाण पत्र भी नहीं है। इसके बावजूद आज तक स्वास्थ्य विभा ग ने किसी भी पैथोलॉजी लैब के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की है।जिले में अधिकांश पैथालॉ जी जिला अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के आसपास संचालित हैं।पैथालॉजी संचा लकों को अस्पताल के चिकित्सक सीधे तौर पर लाभ मेहरबान हैं।अस्पताल के चिकित्सक बाहर के लैब से मरीजों को जांच कराने की सलाह देते हैं।बता दें कि जिला स्वास्थ्य विभाग के अभिलेखों में करीब चालीस पैथोलॉजी लैब दर्ज है।लेकिन जिले में सैकड़ो से अधिक अवैधपैथोलॉजी संचालित हो रही है।गौरतलब है कि शहर में करीब चालीस दर्जनों से अधिक अवैध पैथोलॉजी नियम कानून को दरकिनार कर सं चालित किए जा रहे हैं।अहम बात यह है कि इसकी जानकारी प्रशासनिक और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को भी है।इसके बाद भी जिम्मेदार अंजान बने हुए हैं।कार्रवाई नहीं होने मरीजों से मोटी कमाई कर रहे हैं।इन लैब में कराई गई जांच की रिपोर्ट कितनी सही होगी इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है।

### विश्वनीयता पर सवाल

आम लोगों को बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था मुहैया कराने के लिए सरकार द्वारा भले ही लाख दावे किए जा रहे हों,लेकिन हकीकत यही है कि आज भी जिले में संचालित अधिकांश पैथालॉजी व क्लिनिक बिना अनुमति के संचालित हो रहे हैं।आलम यह है कि यहां अप्रशिक्षित कर्मियों द्वारा ही मरीजों का खून, पेशाब व अन्य जांच की जा रही है।हैरान करने वाली बात तो यह है कि इसी आधार पर चिकित्सकों द्वारा मरीजों का इलाज व दवा लिखी जा रही है।जिसका खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ रहा है।

## उरुवा के खण्ड शिक्षा अधिकारी ने गैर मान्यता प्राप्त स्कूल कराया बन्द, बांटा किताब




गोरखपुर । उरुवा विकासखण्ड में संचालित परिषदीय विद्यालयों में सघन निरीक्षण कर नवीन नामांकन, छात्रों कीउपस्थित एवं पठन-पाठन प्रक्रिया पर जोर देते शिक्षकों को गांव टोले मजरों में पहुंच कर अभिभावकों से संपर्क जारी करते रहने पर जोर दिये। तथा वहीं विना मान्यता के चल रहे स्कूलों को बन्द करने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान खण्ड शिक्षाअधिकारी ने बढ़?यापार में चल रहे गैर मान्यता प्राप्त स्कूल को बन्द कराकर वहां के छात्र छात्राओं का नामांकन स्थानीय परिषदीय प्राथमिक विद्यालय में कराकर बेहतर सन्देश दिया।मालूम हो कि उरुवा के खण्ड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार सिंह लगातार शासन के निर्देश पर परिषदीय स्कूलों को बढ़ाने पर जोर देते चले आरहे है। निरीक्षण के दौरान नवीन नामाकन की बढ़ोत्तरी पर लगनता से कार्य चलने पर शिक्षकों को लगाव के साथ कार्य करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जब शिक्षक मनोयोग से छात्र हित में शिक्षण दिये जाने एवं नवीन नामांकन हेत लगातार अभिभावकों के बीच पहुंचने बेहतर होगी नामांकन की स्थिति बतादें कि खण्ड शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में परिषदीय शिक्षकों में जागरुकता बेहतरीन हो रही लेकिन वहीं कहीं-कहीं अब भी सिर्फ नौकरी की लौ पर नौकरी चल रही है। फिल हाल परिषदीय स्कूलों की दिशा व दशा में बदलाव की कड़ी देखने को मिल रही है।

# त्रिस्तरीय मतदाता सूची के पुनरीक्षण के लिये की गई समयसारिणी जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) मोनिका रानी ने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण हेतु राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित की गई समयसारिणी के अनुसार किसी ग्राम पंचायत के आंशिक भाग के किसी अन्य ग्राम पंचायत अथवा नगरीय निकाय में समाहित होने की स्थिति में विलोपन एवं मतदाता सूची के प्रिन्ट करने की कार्यवाही 18 जुलाई से 13 अगस्त 2025 तक की जाएगी। जबकि 14 अगस्त से 29 सितम्बर 2025 तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना और सर्वेक्षण एवं हस्तलिखित पाण्डुलिपि तैयार करने की अवधि (01 जनवरी, 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी अर्ह व्यक्तियों के नाम सम्मिलित किए जाएंगे)। डीएम ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन करने की अवधि 14 अगस्त से 22 सितम्बर 2025 तक निर्धारित है।ऑनलाइन प्राप्त आवेदन पत्रों की घर-घर जाकर जाँच करने की अवधि 23 से 29 सितम्बर 2025 तक, निर्वाचक गणना पत्रक के आधार पर परिवर्धन, संशोधन एवं विलोपन की तैयार हस्तलिखित पाण्डुलिपि सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में जमा करने की अवधि 30 सितम्बर से 06 अक्टूबर 2025 तक, ड्राफ्ट नामावलियों की कम्प्यूटरीकृत पाण्डुलिपि तैयार करना (निर्वाचक नामावलियों के कम्प्यूटरीकरण की कार्यवाही) 07 अक्टूबर से 24 नवम्बर 2025 तक, निर्वाचक नामावलियों के कम्प्यूटरीकरण के उपरान्त मतदान केन्द्र/स्थलों का क्रमांकन, मतदाता क्रमांकन, मतदेय स्थलों के वाडी की मैपिंग, मतदाता की डाउनलोडिंग, फोटोप्रतियों कराने आदि 25 नवम्बर से 04 दिसम्बर 2025 तक तथा अनन्तिम मतदाता सूची के आलेख का प्रकाशन 05 दिसम्बर 2025 को किया जायेगा।

आलेख्य के रूप में प्रकाशित अनन्तिम मतदाता सूची का निरीक्षण 06 से 12 दिसम्बर 2025 तक, दावे एवं आपत्तियाँ प्राप्त करने का कार्य 06 से 12 दिसम्बर, 2025 तक किया जायेगा इस दौरान 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी निर्वाचकों के भी दावे स्वीकार किये जाएंगे।दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण की तिथि 13 से 19 दिसम्बर 2025 तक तथा दावे/आपत्तियों के निस्तारण के उपरान्त हस्तलिखित पाण्डुलिपियाँ तैयार करना, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में जमा करने की अवधि 20 से 23 दिसम्बर, 2025 तक, दावे और आपत्तियों के निस्तारण के उपरान्त पूरक सूचियों की कम्प्यूटरीकरण की तैयारी तथा उन्हें मूल सूची में यथा स्थल समाहित करने की कार्यवाही 24 दिसम्बर से 08 जनवरी, 2026 तक, पूरक सूचियों की कम्प्यूटरीकरण के उपरान्त मतदान केन्द्र/स्थलों का क्रमांकन, मतदाता क्रमांकन, मतदेय स्थलों के वाडी की मैपिंग मतदाता सूची की डाउनलोडिंग, फोटो प्रतियां कराने आदि का कार्य 09 जनवरी से 14 जनवरी 2026 तक एवं निर्वाचक नामावलियों का जनसामान्य के लिए अन्तिम प्रकाशन 15 जनवरी, 2026 तक किया जाएगा।

# श्रावण माह के प्रथम सोमवार को भ्रमणशील रहे डीएम व एसपी

**पौराणिक सिद्धनाथ मन्दिर पहुंचकर विधि-विधान के साथ किया जलाभिषेक**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । श्रावण मास के प्रथम सोमवार के अवसर पर कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह तथा जिले के अन्य प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी निरन्तर भ्रमणशील रहकर व्यवस्थाओं का जायज़ा लेते रहे। नगर क्षेत्र के भ्रमण के दौरान डीएम व एसपी ने पौराणिक सिद्धनाथ मन्दिर पहुंचकर महामण्डलेश्वर श्री रवि गिरि जी महाराज के नेतृत्व में जलाभिषेक कर विधिवत पूजा अर्चना भी की। डीएम ने बताया कि श्रावण मास के दृष्टिगत जिले के शिवालयों एवं घाटों पर साफ-सफाई एवं सुरक्षा के माकूल बन्दोबस्त किये गये है। इस अवसर पर डीएम व एसपी ने जनपदवासियों को पवित्र श्रावण मास की बधाई दी है।

# बीडीओ रिसिया की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बाल संरक्षण समिति की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । विकास खण्ड रिसिया में खण्ड विकास अधिकारी रिसिया सुरेश प्रसाद गौतम की अध्यक्षता में ब्लॉक बाल संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान मिशन वात्सल्य (बाल संरक्षण), बाल श्रम, शिक्षा सुरक्षा, बाल विवाह, आवश्यकता एवं देख-रेख, दत्तक ग्रहण प्रकिया, बाल सेवा योजना, प्रर्वतकता (स्पानसरशिप), बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, कन्या सुमंगला योजना को प्रभावी बनाने पर विचार-विमर्श के साथ-साथ बच्चों के अधिकारों, विकास एवं बाल संरक्षण से सम्बंधित हेल्प लाईन नम्बर 1098 (चाइल्ड हेल्प लाइन), 181, 1090, 112 आदि तथा किशोर न्याय बोर्ड एवं बाल कल्याण समिति के क्रियाकलापों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। खण्ड विकास अधिकारी श्री गौतम ने निर्देश दिया कि ब्लाक व ग्राम स्तर पर नियमित रूप से बैठकों का आयोजन किया जाय।

इस अवसर पर परामर्शदाता सुशील वर्मा, खण्ड शिक्षाधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी, जिला बाल संरक्षण इकाई से परामर्शदाता व सामाजिक कार्यकर्ता, डीसी. प्रथम संस्था व ग्राम सभा अध्यक्ष एवं आमजन मौजूद रहे।

# राज्य महिला आयोग की सदस्य ने की जनसुनवाई लगाई चौपाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। जनपद में सदस्य उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग सुनीता सैनी ने पहुंच कर गांधी सभागार में जनसुनवाई का आयोजन किया गया।जनसुनवाई के दौरान महिला उत्पीड़न से सम्बंधित 12 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिसमें घरेलू हिंसा, ज़मीनी विवाद एवं छेड़छाड़ से सम्बंधित समस्याओं को सुना उपस्थित अधिकारियों को महिला उत्पीड़न से सम्बंधित समस्याओं का निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। सदस्या द्वारा विकासखण्ड ललौरीखेड़ा में महिला चौपल का आयोजन किया गया एवं आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया गया आगनबाड़ी केन्द्र पर बच्चों से बातचीत की गई। आंगनबाड़ी केंद्र ललौरीखेड़ा में 05 बच्चीयों का कन्या जन्मोत्सव कराया गया एवं 07 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कराई गई साथ ही बाल विकास परियोजना अधिकारी को बच्चों के पोषण पर ध्यान देने हेतू निर्देशित किया गया ऑगनवाडी केंद्र पर सभी व्यवस्थाएं। सन्तोषजन पाई गईं।सदस्या द्वारा जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान गर्भवती महिलाओं से बातचीत की गई इसी क्रम में सखी वन स्टॉप सेन्टर पीलीभीत का औचक निरीक्षण किया गया हैं।सेन्टर पर रोस्टर के अनुसार सभी स्टॉप उपस्थित मिला एवं 04 पीडिताएँ मिली सदस्या द्वारा पीड़िताओं से बातचीत कर पुछा गया कि उन्हें सेंटर पर किसी प्रकार की समस्या तो नही हो रही

### कस्तूरबा गांधी विद्यालय ,जिला अस्पताल, सखी वन स्टॉप सेंटर का किया निरीक्षण देखी व्यवस्थाएं

पीड़िताओं द्वारा सन्तोषजन उत्तर दिया गया वन स्टॉप सेंटर की साफ सफाई एवं अन्य सभी व्यवस्थाएं सन्तोषजन पाई गईं। ततपश्चात सदस्या सुनीता सैनी द्वारा जिला कारागार का निरीक्षण किया गया एवं महिला बन्दियों से वार्ता की गई। ततपश्चात सदस्या द्वारा कस्तूरबा गाँधी ललौरीखेड़ा का औचक निरीक्षण किया गया विद्यालय में वार्डन एवं सभी स्टाफ़ उपस्थित मिला।साफ सफाई एवं सभी व्यवस्थाएं सन्तोष जनक पाई गईं जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दौरान मुख्य विकास अधिकारी,उपयुक्त स्वत रोजगार, डीपीओ मोनिका राना, उपजिलाधिकारी सदर, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला कार्यक्रम अधिकारी, संरक्षण अधिकारी रमनदीप कौर,समाज कल्याण अधिकारी,क्षेत्राधिकारी सदर,एसएचओ महिला थाना,महिला कल्याण विभाग का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा हैं।

# अधिशासी अभियंता कार्यालय पर समस्या को लेकर धरना प्रदर्शन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। अधिशासी अभियंता प्रशांत गुप्ता के ट्रांसफर के बाद से अव्यवस्था हावी हो गई हैं। सबसे अहम बात यह कि अधिशासी अभियंता आए दिन मीटिंग में व्यस्त रहते हैं। जिससे समस्याओं को सुनने वाला कोई नहीं होता है। इसलिए धरना प्रदर्शन करने पर लोग मजबूर हो जाते हैं। मोहल्ला इंदिरा नगर वार्ड नंबर 1 वार्ड नंबर 2 और वार्ड नंबर 3 में कम झमता वाला 100 केवी का ट्रांसफार्मर रखा है। ज्यादा लोड होने की वजह से आए दिन ट्रांसफार्मर फूकने और फाल्ट होने की समस्या बनी रहती हैं। 2 दिन पूर्व ट्रांसफार्मर फूक गया था। जिसकी वजह से लोगों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इसी को लेकर मोहल्ले के दर्जनों लोग अधिशासी अभियंता कार्यालय पर पहुंचे और समस्या का समाधान कराने की मांग करते हुए 200 केवी का ट्रांसफार्मर रखने की मांग की। समस्या का समाधान न होने की वजह से लोगों ने विद्युत डिवीजन कार्यालय पर ही धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है।

### कांवड यात्रा के दृष्टिगत बाबा गुलेश्वरनाथ शिव मंदिर में पहुंचकर डीएम ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने आज बीसलपुर पंहुचकर रामलीला परिसर में बाबा गुलेश्वरनाथ शिव मंदिर में कांवड यात्रा के दृष्टिगत मंदिर परिसर में व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मंदिर में श्रद्धालुओं हेतु की वैरिकेटिंग व्यवस्था तथा निर्माण कार्य को देखा व गुणवत्ता परखी एवं सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने मंदिर परिसर में पौधारोपण कर सभी से अपील करते हुये कहा कि सभी लोग एक पेड़ मॉ ने नाम अवश्य लगाऐं।इस अवसर पर उप जिलाधिकारी बीसलपुर सहित अन्य उपस्थित रहे।

### विद्यायक पुत्र ने क्षेत्र मे पहुंचकर जनता का जाना हाल

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। भाजपा विधायक बाबूराम पासवान के पुत्र ऋतुराज पासवान ने क्षेत्र की जनता के बीच पहुंचकर विभिन्न समस्याओं को सुना व तत्काल निस्तारण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को आदेशित किया ।इस अवसर पर ग्राम प्रधान शिव कुमार,ग्राम प्रधान ओमपाल पासवान, ताराचंद, मुकेश कुमार,करन लाल, उमा शंकर, राम कृष्ण वर्मा, प्रदीप वर्मा,ग्राम प्रधान टीका राम,तहसीलदार कलीनगर वीरेंद्र कुमार, इरफ़ान, शिव राज, प्रेम राज वर्मा सहित विभिन्न लोग उपस्थित रहे हैं।

### 17 जुलाई को आयोजित होगी जिला पंचायत की बैठक

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला पंचायत पीलीभीत में दिनांक 17.07.2025 दिन गुरूवार को समय 12:30 बजे जिला पंचायत पीलीभीत के सभागार में बैठक आयोजित की जायेगी। जिसमें सांसद,विधायक, विधान परिषद सदस्य, ब्लाक प्रमुख,समस्त सदस्य जिला पंचायत एवं जिला स्तरीय अधिकारीगण बैठक में स्वयं प्रतिभाग करने हेतु उपस्थिति होगे अधिक जानकारी के लिए अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत पीलीभीत से सम्पर्क कर सकते हैं।

### नाहिदा खानम बनी अध्यक्ष और राजबहादुर सिंह बने उपाध्यक्ष

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। कलीनगर समिति की नवगठित समिति बी पैक्स देवीपुर की बैठक माधोटांडा समिति आयोजित की गयी जिसमे कमेटी मे सम्मिलित लोगो ने अध्यक्ष उपाध्यक्ष का चुनाव किया। जिसमे दोनों पक्षो मे मतदान बराबर रहने पर गोली डालकर अध्यक्ष का चुनाव किया गया। कलीनगर तहसील क्षेत्र अंतर्गत माधोटांडा समिति से विभाजित होकर बनी नई बी पैक्स देवीपुर के अध्यक्ष उपाध्यक्ष का चुनाव माधोटांडा समिति पर आयोजित बैठक मे किया गया। एआर कोआपरेटिव द्वारा नव गठित समिति मे जो लोग सम्मिलित किये गए उनके द्वारा अध्यक्ष उपाध्यक्ष का चुनाव किया गया। कमेटी मे शामिल अपर जिला सहकारी अधिकारी कलीनगर,एडीओ सहकारिता, शाखा प्रबंधक डीसीबी माधोटांडा व अन्य ग्रामो से चुने गए संचालक नाहिदा ख़ानम, राजबहादुर सिंह, चुन्नी लाल एवं हीरालाल द्वारा अध्यक्ष चुनाव हेतु वोट डाले गए।कुल सात वोटर मे से एडीओ के अनुपस्थित रहने के कारण अध्यक्ष पद के दोनों उम्मीदवारो को 3-3 वोट मिले। जिसके बाद पर्ची डालकर चुनाव किया गया जिसमे नाहिदा ख़ानम ने बाजी मार ली।नवगठित बी पैक्स देवीपुर का नाहिदा ख़ानम को अध्यक्ष व राजबहादुर सिंह को उपाध्यक्ष चुना गया।इस अवसर पर एडीसीओ कलीनगर,शाखा प्रबंधक डीसीबी बैंक राजित राम वर्मा,समिति सचिव भानुप्रताप सिंह व अन्य संचालक मंडल उपस्थित रहा हैं।

### पुलिस ने जिलाबदर अपराधी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मुंशीगंज पुलिस ने एक जिलाबदर अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना मुंशीगंज के प्रभारी निरीक्षक शिवाकांत त्रिपाठी मय हमराह द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर अशोक यादव पुत्र रामचन्द्र यादव निवासी ग्राम सीवनगांव मजरे पनियार थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी उम्र करीब पैंतीस वर्ष को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने उत्तर प्रदेश गुण्डागर्दी नियंत्रण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है।

# चयन वेतनमान भुगतान में हीलाहवाली से शिक्षकों में नाराजगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । राष्टीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष की अगुवाई में शिक्षकों ने चयन वेतनमान भुगतान आदेश आफलाइन एवं प्रोन्नत वेतनमान भुगतान आदेश प्रतिवर्ष स्वीकृत करने के लिये जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। राष्टीय शैक्षिक महासंघ अमेठी के जिलाध्यक्ष विवेक शुक्ला के साथ ही अन्य तमाम शिक्षक नेताओं ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को सौंपे गये ज्ञापन में लिखा है कि विभागीय उच्चाधिकारियों द्वारा चयन वेतनमान आनलाइन स्वीकृत करने के निर्देश प्राप्त हुये हैं परंतु छह माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी अभी तक एक भी आनलाइन चयन वेतनमान स्वीकृत नही हो सका है जहां आनलाइन प्रक्रिया का उ?ददेश्य पारदर्शिता के साथ कार्य को शीघ्र पूर्ण करना होता है वहीं चयन वेतनमान प्रकरण में विलंब से विलंबतम होता जा रहा है जो की निराशाजनक एवं



खेदजनक है। उन्होंने लिखा है कि जनपद का समस्त शिक्षक पूर्ण मनोयोग से कार्य करते हुये जनपद अमेठी को प्रदेश में उच्च स्थान पर स्थापित करने हेतु सदैव तत्पर रहता है। अपने ही कार्य में हो रहे विलंब से जनपद का शिक्षक बहुत ही निराश एवं आक्रोशित है। उन्होंने कहा कि शासनादेश के अनुसार प्रोन्नत वेतनमान प्रति वर्ष देय है जिसका पालन भी जनपद में नहीं हो रहा है। शिक्षकों के अपने पाल्यो की उच्च स्तरीय शिक्षा, मांगलिक कार्यों

### राष्टीय शैक्षिक महासंघ के बैनर तले शिक्षकों ने अपनी मांगों को लेकर बीएसए को सौंपा ज्ञापन

आदि के लिए जीपीएफ ऋण भी नही मिल पा रहा है। राष्टीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष विवेक शुक्ला ने चयन वेतनमान की आफलाइन स्वीकृति प्रदान करते हुये जीपीएफ ऋण एवं प्रोन्नत वेतनमान की समस्या का भी शीघ्र निराकरण कराने की मांग की है।इस मौके पर राष्टीय शैक्षिक महासंघ के जिला मंत्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह बघेल,सत्येन्द्र तिवारी, संतोष तिवारी,अश्वनी द्विवेदी, राघवेन्द्र तिवारी, अजय सिंह, सी बी सिंह, पंकज शुक्ला,अमित पाण्डेय,उबैद अहमद, सचिन श्रीवास्तव,धर्मेन्द्र सिंह, नवनीत त्रिवेदी, विकल्प श्रीवास्तव, आशीष गुप्ता, संतोष शुक्ला, पंकज पाण्डेय, अभिषेक तिवारी, जमील अहमद,अंकित तिवारी, तुषार मिश्रा, सलिल सिंह, अंकुर श्रीवास्तव सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

### हर्ष फायरिंग मामले में नौ के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा

पूरनपुर। नगर के एक होटल मे कुछ दिन पूर्व एक बर्थ डे पार्टी का आयोजन हुआ था। आयोजन मे हर्ष फायरिंग भी हुए थी जिसके आधार पर कोतवाली मे नौ लोगो के खिलाफ़ मुकदमा दर्ज कराया जबकि हर्ष फायरिंग पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा हुआ है। इसके बावजूद भी हर्ष फायरिंग कर दहशत फैला दी पुलिस को मामले की भनक नहीं लग सकी। कई दिन बाद सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद खलबली मच गई। आनन फानन में पुलिस ने चौकी इंचार्ज की ओर से 9 के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तीन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया पूरनपुर निवासी एक युवक ने अपने बेटे के बर्थडे पर नगर के एक होटल मे कार्यक्रम रखा था ।जहां खाने पीने के साथ मौज मस्ती के लिए डीजे की व्यवस्था की गई हर्ष फायरिंग का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ जिसको लेकर खलबली मच गई। वायरल वीडियो में कुछ युवक हाथ में तमंचा लेकर डांस करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इसमें हर्ष फायरिंग भी देखी जा रही है। पार्टी के दौरान होटल में मौजूद अन्य लोग भी वीडियो में मूकदर्शक बने खड़े दिख रहे हैं। आमजन ने ऐसी घटनाओं को लेकर नाराजगी जताई है। मामले में चौकी इंचार्ज अरुण कुमार की ओर से शाहिद खान,आयुष पांडेय,मिक्कू उर्फ प्रज्ज्वल चौधरी, जीशान सहित 9 के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

# लेखपाल की हृदयविदारक मौत पर प्रशासन के विरुद्ध आक्रोश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर/बल्दीराय। जनपद हापुड़ में लेखपाल सुभाष मीणा की दुःखद एवं हृदयविदारक मृत्यु के मामले में प्रशासन के उच्च अधिकारियों के खिलाफ प्रदेशभर के लेखपालो में भारी आक्रोश फैलता जा रहा है। जिला अधिकारी के कथित दमनात्मक और अपमानजनक व्यवहार से तनावग्रस्त होकर लेखपाल की मौत के विरोध में उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ तहसील बल्दीराय इकाई ने तहसील प्रांगण में धरना दिया पश्चात इसके मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा है।

लेखपाल संघ के अध्यक्ष एवं मंत्री ने संयुक्त रूप से तहसीलदार देवानन्द तिवारी बल्दीराय के माध्यम से भेजे गए ज्ञापन में मांग की है। गौरतलब है कि ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि वर्तमान में कई प्रशासनिक अधिकारी पब्लिसिटी की होड़ में अधीनस्थों को सार्वजनिक रूप से अपमानित करते हैं, जिससे कर्मचारियों में मानसिक तनाव, अवसाद और असुरक्षा का वातावरण बन रहा है।

### लेखपाल संघ ने तहसील प्रांगण में दिया धरना

### मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

यह प्रवृत्ति न केवल कर्मचारियों के स्वास्थ्य और पारिवारिक जीवन को प्रभावित कर रही है, बल्कि शासन के कार्यों के निष्पादन में भी बाधक बन रही है। लेखपाल संघ बल्दीराय इकाई ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि हापुड़ की इस अत्यंत संवेदनशील एवं पीड़ादायक घटना का गम्भीरता से संज्ञान लिया जाए और पूरे प्रदेश में कर्मचारियों के सम्मान एवं सुरक्षा हेतु प्रभावी कदम उठाए जाएं। इस बीच बल्दीराय समेत पूरे जनपद के लेखपालों में शोक एवं आक्रोश का माहौल है। संघ की ओर से चेतावनी दी गई है कि यदि उचित कार्रवाई नहीं हुई, तो आगे राज्यव्यापी आंदोलन पर विचार किया जाएगा।ज्ञापन देने वालो में संघ के अध्यक्ष संतराम यादव कमलेश कुमार रवीद्र प्रताप सिंह संदीप तिवारी राम जीत तिवारी योगेश बंदन कुमार ओम प्रकाश नंद किशोर सहित कई लेखपाल मौजूद रहे।

# हापुड़ में लेखपाल की मौत पर भड़के लेखपाल, किया धरना प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। तहसील परिसर में उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ ने हापुड़ की घटना को लेकर धरना प्रदर्शन करते हुए दोषियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित चार सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को सौंपा है। ज्ञापन में बताया कि हापुड़ में जिलाधिकारी का अधीनस्थ के प्रति अपमानजनक एवं दमनात्मक व्यवहार एवं झूठी शिकायत पर कार्रवाई करने के चलते लेखपाल सुभाष मीणा की मृत्यु हो गई। इस घटना को लेकर उत्तर प्रदेश के लेखपालों में रोष व्याप्त है।सार्वजनिक रूप से अपमानित करने एवं दंडित करने की प्रवृत्ति बढ रही है। जिससे कर्मचारी तनाव एवं डिप्रेशन के मध्य नौकरी कर रहे हैं। ऐसे मामलों में रोक लगाने एवं मृतक लेखपाल के परिजनों को आश्रितों को आर्थिक



सहायता प्रदान की जाए। मृतक आश्रित को योग्यता अनुसार सरकारी सेवा में नियुक्ति तत्काल की जाएं। जांच रिपोर्ट शीघ्र प्राप्त कर दोषियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने सहित चार सूत्रीय मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा है।इस मौके पर लेखपाल शिशुपाल सिंह,नरेश चंद्र गंगवार,चंद्र मोहन सक्सेना,अनिल चौधरी,विपिन शर्मा,यासीन,विपिन शर्मा, आशीष निशाद,जितेंद्र कुमार,राहुल गौड,रूपेंद्र कौर,आलोक गंगवार,सोहिता गंगवार, साधना राना,रीमा जायला,शाहबाज वली, वैभव गुप्ता,हरीश चंद्र,चंदमोहन सक्सेना, गौस मोहम्मद सहित कई लेखपाल उपस्थित रहे हैं।

# शिव मंदिरों में भक्तों ने नारों जयकारों के साथ किया जलाभिषेक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। सावन माह के प्रथम सोमवार को भगवान शिव के मंदिरों में पूजन दर्शन के साथ ही जलाभिषेक के लिये भक्तों की लम्बी लम्बी कतारें लगी रही।प्रातः काल से ही हर हर महादेव के नारों जयकारों से मंदिर गुंजायमान रहे।पुराणों और धर्मग्रंथों में इस बात का जिक्र है कि भगवान शिव को पूरे साल में सावन का महीना पसंद है।इस महीने में ही माता पार्वती ने भगवान शिव की घोर तपस्या की थी जिसके बाद भगवान शिव ने उन्हें दर्शन दिये थे।साथ ही साथ माता पार्वती की इच्छा को पूरी कर उन्हें अपनी जीवन संगिनी बनाया था।इस पवित्र महीने में शिवजी की तपस्या और पूजा पाठ करने से भगवान शिव जल्द प्रसन्न होते हैं और हमारी सभी



मनोकामनाओं को पूरा करते हैं।सावन माह के प्रथम सोमवार को विकास क्षेत्र बहादुरपुर के गांव पीढ़ी स्थित तपेश्वर धाम को फूल मालाओं के साथ ही रंग बिरंगी आधुनिक लाइटों से सजाया गया और भगवान शंकर का विशेष श्रंगार भी किया गया था।मंदिरों में शिव भक्तों की कतारें और पूरा शिवालय बाबा भोलेनाथे के जयकारों से गुंजायमान रहा। तपेश्वर धाम में सावन मास के प्रथम सोमवार को काफी संख्या में भक्तों ने जलाभिषेक किया।सावन में शिव भक्त कांवड़िया कांवड़ लेकर गंगा जल लेने जाते हैं और फिर बाबा भोलेनाथ पर अभिषेक करते हैं।यह यात्रा सावन के महीने में काफी रोचक और आनंददायक होती है। विकास क्षेत्र सिंहपुर की ग्राम पंचायत रामपुर पंवारा स्थित दतेहरेश्वर धाम में सुबह से ही भक्तों की भीड़ लगी रही।बाबा उजियार नाथ मंदिर एवं ऊं नाथ मंदिर सेमरौता में भी शिवभक्तों ने जलाभिषेक के साथ ही पूजन किया।कस्बा जायस की प्राचीनतम शिव मंदिरों में दर्शनार्थियों द्वारा जलाभिषेक किया गया। सावन के प्रथम सोमवार पर भक्तों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर स्थानीय पुलिस प्रशासन काफी सतर्क रहा और मंदिर प्रांगण में पुलिस फोर्स मुस्तैदी के साथ डटी रही।

# पोल खोल अभियान के तहत कांग्रेसियों ने डीएम आफिस पर किया प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। आज उत्तर प्रदेश कंांग्रेस कमेटी के निर्देश पर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शकील अंसारी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय द्वारा पोल खोल अभियान के तहत सरकार के भ्रष्ट्राचार व जन समस्याओं को उजागर करने पर प्रदेश अध्यक्ष सहित अन्य नेताओं के ऊपर वाराणसी पुलिस द्वारा फर्जी मुकदमा दर्ज कराए जाने के विरोध में जिलाधिकारी कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन कर महामहिम राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट सुल्तानपुर को सौंपा गया।

शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार दमनकारी नीतियों के तहत जो भी कंांग्रेस का नेता जनहित के



मुद्दों को उठा रहा है उनके ऊपर पूरे प्रदेश में फर्जी मुकदमे दर्ज करवा रही है लेकिन कांग्रेस पार्टी इनके मुकदमों से नहीं डरेगी और जनहित के मुद्दों को और तेजी के साथ उठाएगी। जिला समन्वयक संदीप त्रिपाठी ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष अजय राय सहित तमाम कंांग्रेस जनों पर दर्ज मुकदमें शीघ्र वापस हों नहीं तो प्रदेश स्तर पर बृहद आंदोलन हम कांग्रेस जन करने को मजबूर होंगे। वरिष्ठ कांग्रेस नेता सलाहुद्दीन हाशमी व पूर्व प्रदेश सचिव रणजीत सिंह सलूजा ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार बहुत ही डरी हुई है क्योंकि इनसे प्रदेश संभल नहीं रहा है और जो इनके भ्रष्ट्राचार को उठा रहा है ये उनको फर्जी मुकदमे में फंसाकर डर का माहौल पैदा रहे हैं लेकिन कांग्रेस और तेजी के साथ इनकी जनविरोधी नीतियों को उजागर करती रहेगी। वरुण मिश्र व रियाज अहमद ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने जो कृत्य प्रदेश अध्यक्ष अजय राय जी के साथ किया है वो निंदनीय है और सरकार को फर्जी मुकदमे जल्द वापस लेना पड़ेगा इसके लिए कांग्रेस पूरे प्रदेश में जोरदार आंदोलन करेगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अरुणा त्रिपाठी, मीनू यादव, साफिया, अंजू निषाद, राम कुमारी, हौसला प्रसाद भीम, हामिद राईनी, अवधेश गौतम, असलम अंसारी, इंतजार अहमद, मोहम्मद अतीक, आर बी पांडे, सुब्रत सिंह सहित सैकड़ों कांग्रेस जन मौजूद रहे।

# पर्यावरण में ई-कचरे का गहराता संकट

चुनौतियों और संभावनाओं को इक्कीसवीं सदी को प्लास्टिक और ई-कचरे की समस्या पिछली सदी से विरासत में मिली है। पिछली सदी में भले ही यह बड़ी समस्या नहीं थी, लेकिन इस सदी में इससे संकट लगातार गहराता जा रहा है। प्लास्टिक के सामान और इलेक्ट्रानिक उपकरणों ने भले ही हमारे जीवन को सहूलियत भरा और आरामदायक बनाया है, लेकिन इसके नतीजे भी उतने ही भयावह नजर आने लगे हैं। आज जिस रफ्तार से प्लास्टिक और ई-कचरे का ढेर बढ़ रहा है, उससे साफ है कि ये अब पर्यावरण और मनुष्य दोनों के लिए एक गंभीर चुनौती बन गया है। हालांकि, विश्व के विकसित देशों के मुकाबले भारत में प्लास्टिक की खपत काफी कम है, लेकिन आने वाले कुछ दशकों में इसमें तकरीबन छह छह गुना तेजी 'आने का अनुमान है। माना रहा है कि वर्ष 2060 आते-आते हमारी प्लास्टिक खपत लगभग 16 शहरीकरण करोड़ मीट्रिक टन का आकड़ा छू लेगी। इसकी मुख्य वजह बढ़ता करण होगा। वर्ष 1990 में जहां हमारी प्रति व्यक्ति प्लास्टिक की खपत महज एक किलो थी, वहीं, वर्ष 2021 आते-आते हर व्यक्ति 15 किलो प्लास्टिक का इस्तेमाल कर रहा था। कचरा तकरीबन पांच करोड़ टन प्लास्टिक कचरा हर साल कूड़े के रूप में पर्यावरण में छोड़ दिया जाता है। पिछले साल भारत में नब्बे लाख टन से अधिक प्लास्टिक कचरा निकाला था। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष 2020-21 में अलग-अलग राज्यों का प्लास्टिक कचरा चालीस लाख मीट्रिक टन था। पिछले वर्षों के मुकाबले इसमें 19 फीसद का इजाफा हुआ यह तो सिर्फ दर्ज आंकड़ा हो सकता है वास्तव में चौगुना हो। वर्ष 2024 में प्लास्टिक कचरा निकालने और फेंकने की रफ्तार में 21 फीसद की तेजी आई है। इसकी एक बड़ी वजह कचरे की निपटान व्यवस्था, पुनर्चक्रण और पुनः इस्तेमाल में बुनियादी ढांचे की कमी है। प्लास्टिक कचरे का तकरीबन 40 फीसद हिस्सा कुप्रबंधन चलते कूड़े के ढेर में तब्दील हो जाता है और यह शहरों के नालों से होकर नदी व नहरों से समंदर का रास्ता ले लेता है। वर्ष 2022 में देशभर में 30 से 50 फीसद प्लास्टिक को दोबारा उपयोग में लाने का लक्ष्य भले ही रखा गया हो, लेकिन एक बार इस्तेमाल व्यवस्था के बावजूद समस्या प्लास्टिक को प्रतिबंधित करने और जुर्माने का अभी तक जस की तस है। राज्य सरकारें भी इन खतरों को गंभीरता से लेती नजर नहीं आ रही है। लेकिन अब समस्या केवल प्लास्टिक के कचरे तक सीमित नहीं, बल्कि इसका नया साथी भी आ चुका है और वह है- ई-कचरा यानी वे सारे उपकरण जो किसी न किसी रूप में बिजली संचालित होते हैं और खराब होने बदल दिए जाने की स्थिति में बाहर फेंक दिए जाते हैं। इनमें फोन, टीवी, कंप्यूटर, फ्रिज, वाशिंग मशीन, बैटरी, प्रिंटर व मोबाइल इत्यादि शामिल है। इन उपकरणों को बनाने में जिन धातुओं का इस्तेमाल होता है, उनमें से ज्यादातर जहरीले पदार्थ छोड़ते हैं। भारत की बात करें तो यहां वर्ष 2012 में आठ लाख टन ई-कचरा निकाला था, ये सालाना दस फीसद की तेजी से बढ़ रहा है। दुनिया भर में सालाना पांच करोड़ टन ई-कचरा निकाला जाता है। भारत के कुल ई-कचरे का 70 फीसद हिस्सा केवल दस राज्यों से ही आ जाता है। केवल पैंसठ शहर देश के कुल कचरे में 60 फीसद से ज्यादा की हिस्सेदारी करते हैं। मुंबई इस सूची में आगे है और अन्य में दिल्ली, बंगलुरु, कोलकाता, चेन्नई, अहमदाबाद, हैदराबाद, पूणे, सूरत और नागपुर शामिल हैं। इसके अलावा भारत हर साल दूसरे देशों का ई-कचरा भी खरीदता है। देश में औपचारिक तौर पर ई-कचरे का आयात प्रतिबंधित है, इसके बावजूद हमारे यहां सालाना पचास हजार टन ई-कचरा हर साल आयात होता है। मौजूद आंकड़ों के मुताबिक, संयुक्त अरब अमीरात से सबसे ज्यादा कबाड़ भारत में आयात होता है। वर्ष 2022 में यह 39,800 मीट्रिक टन था। इसके अलावा यमन से हर साल 29,500 मीट्रिक टन कबाड़ का आयात होता है। सरकारी आंकड़ों से पता चलता है कि वर्ष 2019-20 में यह केवल दस लाख मीट्रिक टन था, जो 2023-24 में 1.751 मिलियन मीट्रिक टन हो गया। वर्ष 2019-2020 तक ई-कचरे में 72.54 फीसद की तेजी आई है।

# डिजिटल-क्रांति से ही नकली नोटों पर नियंत्रण संभव

**आज भारत को सिर्फ बाहरी सीमाओं पर नहीं, बल्कि आर्थिक मोर्चे पर भी एक युद्ध लड़ना पड़ रहा है, नकली मुद्रा के खिलाफ, भ्रष्ट व्यवस्था के खिलाफ और राष्ट्रविरोधी मानसिकता के खिलाफ। इसमें विजय तभी संभव है, जब हम सब डिजिटल भारत के निर्माण में सहभागी बनें। नकली मुद्रा का मुद्दा केवल एक आर्थिक अपराध नहीं है। यह एक प्रकार का आर्थिक आतंकवाद है, जिसका उद्देश्य भारत की अर्थव्यवस्था को अस्थिर करना, महंगाई को बढ़ाना, काले धन को बढ़ावा देना और आतंकवाद को वित्त पोषण देना है। ये नकली नोट अधिकतर सीमापार से संचालित तंत्रों द्वारा भारत में भेजे जाते हैं, जो भारत की राजनीतिक स्थिरता, आर्थिक विकास और आंतरिक सुरक्षा को नुकसान पहुंचाना चाहते हैं। इस तरह राष्ट्र के विरुद्ध षड़यंत्र, साजिश एवं बड़े खतरों को अंजाम दिया जा रहा है। क्योंकि नकली नोट बाज़ार में असली नोटों के साथ मिलकर मुद्रा व्यवस्था को प्रभावित करते हैं। आम नागरिक अनजाने में इन्हें ले लेता है और आर्थिक नुकसान उठाता है। यह काले धन और आतंकवाद को पोषित करता है। नकली नोट सरकारी योजनाओं की निष्पक्षता और वितरण प्रणाली को भी प्रभावित करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी की डिजिटल क्रांति न केवल नकली नोटों को नियंत्रित करने का बल्कि राष्ट्र-विरोधी तत्वों को नेस्तनाबूद करने का सशक्त माध्यम है। यह मोदी की दूरदृष्टि एवं नये भारत-विकसित भारत के विजन की विजय है, उनके ही विचारों में डिजिटल लेन-देन केवल तकनीक नहीं, यह राष्ट्र निर्माण का माध्यम है। आज के भारत की अर्थव्यवस्था एक निर्णायक दौर से गुजर रही है। डिजिटल ग्राम योजना, ई-गवर्नेंस, डिजिटल साक्षरता अभियान यानी तकनीक को गाँव और गरीब तक पहुँचाने की पहल है।**

भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) द्वारा हाल ही में जारी एक चौंकाने वाली रिपोर्ट ने न केवल अर्थव्यवस्था को, बल्कि राष्ट्र की सुरक्षा और नागरिकों की जागरूकता को भी झकझोर कर रख दिया है। आरबीआई के गवर्नर द्वारा संसदीय समिति में प्रस्तुत एक रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2024-25 में 500 रूपये के लगभग 1.8 लाख नोट नकली पाए गए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 37 प्रतिशत अधिक हैं। यह संख्या किसी सामान्य अपराध की नहीं, बल्कि राष्ट्र के विरुद्ध एक षड्यंत्र की कहानी कहती है। जो यह दर्शाता है कि कालाबाजारी करने वाले राष्ट्र विरोधी तत्व देश में मुद्रा की मांग का गलत फायदा उठा रहे हैं। विडंबना यह है कि राजस्व खुफिया निदेशालय द्वारा नोट में इस्तेमाल होने वाले आयातित कागज और नकली नोट छापने में शामिल ऑपरेटरों पर लगातार कार्रवाई के बावजूद यह गंभीर समस्या बनी हुई है। यह न केवल नकली मुद्रा के बढ़ते खतरे को रेखांकित करता है, बल्कि राष्ट्रविरोधी तंत्र की सुनियोजित साजिश का भी पर्दाफाश करता है। जबकि 2016 में नोटबंदी के ऐतिहासिक निर्णय के साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह स्पष्ट कर दिया था कि भ्रष्टाचार, कालेधन और नकली नोटों के खिलाफ लड़ाई उनकी प्राथमिकताओं में है। नोटबंदी केवल एक आर्थिक सुधार नहीं, बल्कि डिजिटल अर्थव्यवस्था की नींव रखने वाला साहसी एवं युगांतरकारी कदम था। आज भारत को सिर्फ बाहरी सीमाओं पर नहीं, बल्कि आर्थिक मोर्चे पर भी एक युद्ध लड़ना पड़ रहा है, नकली मुद्रा के खिलाफ, भ्रष्ट व्यवस्था के खिलाफ और राष्ट्रविरोधी मानसिकता के खिलाफ। इसमें विजय तभी संभव है, जब हम सब डिजिटल भारत के निर्माण में सहभागी बनें। नकली मुद्रा का मुद्दा केवल एक आर्थिक अपराध नहीं है। यह एक प्रकार का आर्थिक आतंकवाद है, जिसका उद्देश्य भारत की अर्थव्यवस्था को अस्थिर करना, महंगाई को बढ़ाना, काले धन को बढ़ावा देना और आतंकवाद को वित्त पोषण देना है। ये नकली नोट अधिकतर सीमापार से संचालित तंत्रों द्वारा भारत में भेजे जाते हैं, जो भारत की राजनीतिक स्थिरता, आर्थिक विकास और आंतरिक सुरक्षा को नुकसान पहुंचाना चाहते हैं। इस तरह राष्ट्र के विरुद्ध षड़यंत्र, साजिश एवं बड़े खतरों को अंजाम दिया जा रहा है। क्योंकि नकली नोट बाज़ार में असली नोटों के साथ मिलकर मुद्रा व्यवस्था को प्रभावित करते हैं। आम नागरिक अनजाने में इन्हें ले लेता है और आर्थिक नुकसान उठाता है। यह काले धन और आतंकवाद को पोषित करता है। नकली नोट सरकारी योजनाओं की निष्पक्षता और वितरण प्रणाली को भी प्रभावित करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी की डिजिटल क्रांति न केवल नकली नोटों को नियंत्रित करने का बल्कि राष्ट्र-विरोधी तत्वों को नेस्तनाबूद करने का सशक्त माध्यम है। यह मोदी की दूरदृष्टि एवं नये भारत-विकसित भारत के विजन की विजय है, उनके ही विचारों में डिजिटल लेन-देन केवल तकनीक नहीं, यह राष्ट्र निर्माण का माध्यम है। आज के भारत की अर्थव्यवस्था एक निर्णायक दौर से गुजर रही है। डिजिटल ग्राम योजना, ई-गवर्नेंस, डिजिटल साक्षरता अभियान यानी तकनीक को गाँव और गरीब तक पहुँचाने की पहल है। एक ओर प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश डिजिटल इंडिया की ओर तेजी से बढ़ रहा है, वहीं दूसरी ओर नकली नोटों की बाढ़ एक अदृश्य आतंकवाद बनकर देश की अर्थव्यवस्था, समाज और सुरक्षा को चुनौती दे रही है। निस्संदेह, हाल के वर्षों में, भारत ने नकली नोटों की कालाबाजारी पर अंकुश लगाने व काले धन पर रोक के लिये डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करने के लिये अपनी स्थिति खासी मजबूत की है। सरकार की सोच है कि काले धन पर रोक लगाने के लिए नगद लेन-देन को हतोत्साहित किया जाए। इस संकट की घड़ी में डिजिटल लेन-देन एक बड़ी राहत और समाधान बनकर उभरा है। यूपीआई, भीम मोबाइल वॉलेट्स, नेट बैंकिंग और कार्ड पेमेंट्स जैसे साधन नकली नोटों की समस्या को जड़ से समाप्त करने में सहायक हो सकते हैं। डिजिटल लेन-देन के लाभ ही लाभ है, पूर्ण पारदर्शिता यानी हर लेन-देन का डिजिटल रिकॉर्ड होता है, जिससे भ्रष्टाचार में कमी आती है। कर चोरी, हवाला, और मनी लॉन्ड्रिंग जैसी काली प्रवृत्तियाँ समाप्त होती है। नकली मुद्रा की संभावनाओं पर विराम लगता है, जिससे राष्ट्र-विरोधी तत्वों के षड़यंत्र एवं साजिशें नाकाम होती है। लेन-देन सेकंडों में पूरा होता है और उनमें सरलता भी रहती है। पासवर्ड आधारित सुरक्षा व्यवस्था से लेन-देन सुरक्षित रहता है। सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ लाभार्थियों तक पहुंचता है, पैसा सीधे उनके खातों में पहुँचता है, बिचौलियों की भूमिका समाप्त होती है। जिससे भ्रष्टाचार पर नियंत्रण होता है। प्रधानमंत्री मोदी ने हर मंच पर डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा देने की बात कही है। उन्होंने गाँव-गाँव जाकर लोगों को मोबाइल बैंकिंग, क्यूआर कोड, और कार्ड से भुगतान की शिक्षा देने की मुहिम चलाई है। इसका असर यह है कि आज भारत यूपीआई ट्रांजैक्शन में दुनिया में नंबर 1 है। डिजिटल इंडिया गरीब को ताकत देता है, मिडल क्लास को सुविधा देता है और राष्ट्र को मजबूती देता है। भारत की असली शक्ति अब डिजिटल प्रचलन बन रही है, जहाँ एक बटन से करोड़ों का ट्रांजैक्शन सुरक्षित होता है। मोदी की डिजिटल क्रांति ने भारत को इक्कीसवीं सदी की आर्थिक महाशक्ति बनने की दिशा में मजबूत आधार दे दिया है। हम सबकी जिम्मेदारी है कि इस डिजिटल युद्ध में सहभागी बनें, नकली नोटों को ना कहें, डिजिटल लेन-देन को अपनाएं। यही राष्ट्रभक्ति है, यही समय की माँग है। संदिग्ध नकदी की सूचना तुरंत संबंधित एजेंसियों को दें। नकली नोटों की पहचान करना सीखें और दूसरों को भी जागरूक करें। निश्चित ही जहाँ नकली नोट देश की आत्मा को खोखला करते हैं, वहीं डिजिटल मुद्रा राष्ट्र की नींव को मजबूत करती है। निस्संदेह, यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफ़ेस यानी यूपीआई ने भारत के आर्थिक लेन-देन तंत्र में क्रांति ला दी है। भुगतान के तमाम विकल्पों ने भारतीय नागरिकों के आर्थिक व्यवहार को बहुत आसान बना दिया है। हालांकि, अभी भी ऐसे लोगों की कमी नहीं है जो डिजिटल माध्यम से लेन-देन में परहेज करते हैं। निस्संदेह, नकदी पर उनकी निर्भरता का मूल कारण डिजिटल शिक्षा का अभाव ही है। साथ-ही-साथ डिजिटल भुगतान से जुड़े घपल्ले एवं घोटाले भी है। साथ ही इसके कारणों में भ्रष्टाचार और कर चोरी की नीयत भी शामिल है। ऐसे में सरकार को डिजिटल खाई को पाटने की दिशा में रचनात्मक पहल करनी चाहिए। वहीं दूसरी आर्थिक अनियमितताएं करने वाले तत्वों से भी सख्ती से निबटा जाना चाहिए। हालांकि, दो हजार के नोट अब प्रचलन से बाहर हो चुके हैं, लेकिन उनका कानूनी आधार बना हुआ है। इस दिशा में यथाशीघ्र निर्णय लिया जाना चाहिए। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि नकली मुद्रा के पीछे कुछ संगठित राष्ट्रविरोधी शक्तियाँ सक्रिय हैं। पाकिस्तान स्थित आईएसआई और उसके सहयोगी संगठनों पर पहले भी ऐसे आरोप लगते रहे हैं कि वे नकली भारतीय मुद्रा भारत में भेजकर आतंकवाद और अलगाववाद को आर्थिक समर्थन देते हैं। देश की सरकार ने डिजिटल इंडिया, जनधन योजना, आधार लिंकिंग, और यूपीआई जैसी क्रांतिकारी योजनाओं के ज़रिए नकदी पर निर्भरता घटाने का प्रयास किया है। लेकिन यह लड़ाई अकेली सरकार नहीं जीत सकती। नकदी रहित अर्थव्यवस्था का सरकारी महत्वाकांक्षी लक्ष्य हासिल करने के मार्ग में अभी तमाम बाधाएं विद्यमान है। यह और भी बड़ी चिंता की बात है कि नोटबंदी के आठ साल बाद भी रियल एस्टेट क्षेत्र में काले धन का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल बना हुआ है। निस्संदेह, डिजिटल युग में भी 'नकदी ही राजा है' मानने वालों को रोकने के लिये जांच और कानूनों को सख्ती से लागू करने की जरूरत है। साथ ही इस दिशा में भी गंभीरता से विचार करना चाहिए कि भारतीय अर्थव्यवस्था को कमजोर करने की कोशिश में लगी विदेशी ताकतों की नकली करेंसी के प्रसार में कितनी बड़ी भूमिका है। विगत में पाकिस्तान से ड्रग मनी व आतंकी संगठनों की मदद के लिये नकली करेंसी के उपयोग की खबरें सामने आती रही हैं। **–ललित गर्ग**

# विदेशी संस्कृतियों से प्रभावित होती भारतीय 'नारी'

**राजीव कुमार 'राज'**

भारतीय संस्कृति विश्व की प्राचीन एवं सर्वाधिक समृद्ध संस्कृति है। यद्यपि विश्व में सभी धर्मों एवं संस्कृतियों में नारी को उच्च स्थान दिया गया है फिर भी अन्य देशों की तुलना में भारत में पारिवारिक एवं सामाजिक जीवन में 'नारी' की स्थिति अत्यंत गौरवप्रद है। 'नारी' की स्थिति से किसी देश और समाज के सांस्कृतिक और बौद्धिक स्तर का पता चलता है। जिस देश में धर्म, समाज और पुरुष के नियमों में नारी को बांधकर रखा जाता है उस देश और समाज की स्थिति बदतर मानी जाती है। 'नारी' सम्पूर्ण मानवता की भी जन्मदात्री है क्योंकि मानवता के आधार के रूप में प्रतिष्ठित सम्पूर्ण सद्गुणों की वही जननी है। संसार को आगे चलाने के लिए 'नारी' का आदर्श होना अत्यंत आवश्यक है। 'अर्थववेद' में कहा गया है -'यस्य नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः' अर्थात जहाँ नारी की पूजा होती है वहां देवता निवास करते हैं। यही कारण है कि भारत में प्राचीन काल से ही नर का यह प्रयास रहा कि वह 'नारी' की गरिमा को अक्षुण बनाए रखे। वह जानता है कि यदि दवाया-सताया ना जाए और समान रूप से विकसित होने का अवसर प्राप्त हो तो मानवीय सत्ता के दोनों पक्ष (नर और नारी) समान रूप से समुन्नत होंगे। यद्यपि प्राकृतिक रूप से नर और नारी के मध्य कुछ शारीरिक और मानसिक भिन्नताएं हैंक्र किन्तु यह केवल एक-दूसरे के पक्ष की कमी को पूरा करने के लिए हैं। इसके कारण किसी पक्ष को छोटा या बड़ा नहीं ठहराया जा सकता। 'शतपथ ब्राह्मण' में कहा गया है कि 'नारी', नर की आत्मा का आधा भाग है' अर्थात दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। नारी की संरचना उदारता, करुणा, ममता, श्रद्धा, सेवा जैसे महान आध्यात्मिक तत्वों की बहुलता सहित हुई है जिसके कारण उसे देवी की संज्ञा दी गई है। यही कारण है की प्राचीन काल से लेकर कुछ वर्ष पहले तक भारत में नारी के नाम के साथ 'देवी' शब्द जोड़ने का प्रचलन था, जिससे नारी सत्ता की गरिमा का सहज बोध होता था। किन्तु आज यह आधुनिकता की भेंट चढ़ गया है। ऐतिहासिक दृष्टि से, प्रत्येक कालखंड में प्राचीन काल से लेकर, मध्यकाल होते हुए आधुनिक काल तक भारत में एक लम्बी श्रंखला के रूप में महान विदूषी नारियाँ अपनी विशेषताओं के कारण विश्वविख्यात रही हैंक्रयदि हम वर्तमान समय की 'नारी' की बात करें तो 'आज की नारी' हर क्षेत्र में अपना सर्वोच्च दे रही है। आज प्रशासन, शिक्षा, साहित्य, संगीत, कला, विज्ञान, चिकित्सा, कृषि, व्यवसाय, राजनीति, खेल, मीडिया और युद्ध सहित विविध विधाओं में अपनी कुशलता एवं गुणवत्ता सिद्ध करते हुए, प्रत्येक प्राप्त दायित्व एवं पद को संभालकर उसे सुशोभित कर रही है। परिवार व कैरियर, दोनों के मध्य तालमेल बैठाती आज की नारी से हर क्षेत्र प्रकाशवान हो रहा है। परंपरागत रूप से प्राप्त माँ, बहिन, बेटी, गृहणी, पत्नी, साध्वी आदि आयामों के साथ ही भाभी, सखी और शिक्षिका जैसे नए आयाम इसके साथ और जुड़े हैं। निश्चित रूप से नारी ही संस्कृति की सच्ची संवाहिका का होती है। एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में अचार-विचार, रीति-रिवाज, खान-पान, आध्यात्मिकता, मानवीय मूल्य, संस्कार, पहनावा, अच्छी आदतें आदि नारी के माध्यम से ही हस्तांतरित होते हैं। विरासत से सीखी-समझी, संस्कारों का अद्भुत ढंग से अनुपालन करने वाली अनेक सुशील और उच्च पदों पर आसीन नारियों को हम आज विविध स्थानों पर देख सकते हैं; उनसे आदर्श ग्रहण कर सकते हैं। इसके साथ ही यत्र-तत्र ऐसी नारियों की भी कमी नहीं है जो विदेशी संस्कृति का अंधानुकरण करते हुए, पतित होती हुई, अपनी संस्कृति का हनन करने पर तुली हुई हैं। पाश्चात्य संस्कृति के मोहपाश में अपना विवेक खो बैठीं यह तथाकथित आधुनिक नारियां समस्त नारी लोक में कलंकित हैं। जैसे मेरठ की मुस्कान, गढ़वा (झारखंड) की सुनीता देवी, गिरीहीड की सोनिया खातून, अलवर (राजस्थान) की अनीता राज, मेरठ की कविता राज और इंदौर की सोनम रघुवंशी इत्यादि। जिन्होंने अपने पति को मारने में किसी गैर-मर्द यानी प्रेमी या अन्य का सहारा लिया। यदि हम अपुष्ट आंकड़ों की बात करें तो प्रतिवर्ष देशभर में औसतन 225 पतियों की हत्या, उनकी पत्नियों द्वारा कर दी जाती है। परिणामस्वरूप आज का युवा 'विवाह' नामक पवित्र संस्था को शंका की दृष्टि से देखने लगा हैक्र उसके अंतःकरण में एक अनजाना-सा भय व्याप्त रहने लगा है। दुर्भाग्य से नारी का यह रूप देश के उच्च संभ्रांत परिवारों से लेकर मध्य एवं निम्न वर्गीय परिवारों में भी देखने को मिल रहा हैक्र यह आधुनिक नारी की, स्वयं की उपादेयता पर आज एक बड़ा प्रश्न चिह्न है।

## सेहत मंत्र

# गर्मी के मौसम में खाएं चुटकी भर काला नमक, मिलेंगे यह बेजोड़ फायदे

गर्मी का मौसम हो तो व्यक्ति को अपनी डाइट पर खासा ध्यान देना पड़ता है। इस मौसम में खानपान में बरती गई लापरवाही उसके स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव डालती है। खासतौर से, तपिश भरा यह मौसम पाचनतंत्र को काफी कमजोर बना देता है, जिससे व्यक्ति को पेट संबंधी समस्याएं परेशान करती हैं। लेकिन अगर आप इन सभी समस्याओं से दूर रहना चाहते हैं तो काले नमक को डाइट का हिस्सा बनाएं। यह न सिर्फ पाचनतंत्र को बेहतर बनाएगा, बल्कि आपको गर्मी में होने वाली अन्य कई परेशानियों से भी निजात दिलाने में मदद करेगा।

गर्मी में लोगों को कब्ज, एसिडिटी, पेट या सीने में जलन या पेट फूलना जैसी परेशानियों का सामना अधिक करना पड़ता है। ऐसे में आप काले नमक को अपने खाद्य व पेय पदार्थों में डालकर सेवन करें। इससे आपको पाचन संबंधी विकारों से आराम मिलेगा और भोजन का डाइजेशन भी बेहतर तरह से होगा। गर्मी के मौसम में काले नमक का उपयोग विशेषतौर पर करने का एक महत्वपूर्ण कारण यह है कि यह एक ठंडा नमक है जो शरीर के तापमान को बनाए रखने में मदद करता है। इस तरह आप समर्स डिंक में इसे डालकर पी सकते हैं। वैसे आपको बता दें कि काले नमक का प्रयोग आयुर्वेदिक दवाओं को बनाने में भी इस्तेमाल किया जाता है। इसी से आप इसके औषधीय गुणों का अंदाजा लगा सकते हैं। गर्मी के मौसम में जब तापमान बहुत अधिक बढ़ जाता है तो बहुत से लोगों को सोने में परेशानी होती है या उन्हें नींद ही नहीं आती। ऐसे में काले नमक का सेवन फायदेमंद साबित होता है। क्योंकि काला नमक दो स्लीप हार्मोन मेलाटोनिन और सेरोटोनिन को प्रिजर्व करने में मदद करता है। काला नमक मधुमेह रोगियों के लिए भी बेहद लाभदायक है। यह शरीर के रक्त शर्करा स्तर को विनियमित करने में मदद करता है। इसलिए डायबिटीक पेशेंट को तो हर मौसम में इसका सेवन करना चाहिए।

## धर्म मंत्र

# आठ देवियों की साधना कर आप हासिल कर सकते हैं तंत्र-मंत्र और सिद्धियां

हिन्दू धर्म में वर्ष भर में कई व्रत एवं त्यौहार आते है जो विशेष लाभदायक रहते है लेकिन विशेष शक्तियां प्राप्त करने का पर्व गुप्त नवरात्रि का होता है। इन गुप्त नवरात्रि में तांत्रिक क्रियाएं एवं शक्ति साधना करने का विशेष महत्व होता है। इन्ही गुप्त नवरात्रि का महत्व धार्मिक ग्रंथो एवं पौराणिक कथाओं में भी बताया गया है। माह जुलाई की 3 तारिख से गुप्त नवरात्रि प्रारंभ हो रही है। हिंदू पंचाग के अनुसार आषाढ़ माह में आने वाली गुप्त नवरात्रि इस बार आठ दिन की रहेंगी एवं गुप्त साधनाओं से आषाढ़ माह के आठ दिन पूर्ण होंगे। हम आपको बताएंगे कि इन आठ दिन में आपको किसकी पूजा कर गुप्त साधना पूरी करनी है। गुप्त नवरात्र आषाढ़ शुक्ल प्रति पदा बुधवार दिनांक 3 जुलाई से प्रारंभ हो रहे है जो 10 जुलाई बुधवार को पूर्ण होगें। इन आठ दिनों में पूजा अर्चना कर आप कई प्रकार की साधना प्राप्त कर सकते है। यह तो हम सभी जानते है कि नवरात्रि में देवीयों की पूजा-अर्चना होती है लेकिन गुप्त नवरात्रि में उन्हीं देवियों को पूजा जाता है जो तंत्र-मंत्र और कई प्रकार की सिद्धियां प्रदान करती है। इसलिए इस गुप्त नवरात्रि में 8 देवियों की पूजा-अर्चना कर आप सिद्धियां प्राप्त कर सकते है। 8 दिन की गुप्त नवरात्रि में आप महाकाली, तारा, त्रिपुरा सुंदरी, भुवनेश्वरी, त्रिपुरा भैरवी, मां धुमावती, मां बग्ला मुखी एवं कमलादेवी की पूजा अर्चना एवं साधना करें।

## पर्यटन



# वेनिस: जहां फिजाओं में गूंजता है रोमांस

नॉर्थ ईस्ट इटली का एक छोटा सा शहर है वेनिस, जो लगभग 118 द्वीपों से बना है। एक द्वीप से दूसरे द्वीप के बीच एक छोटी सी नहर ही विभाजन रेखा का काम करती है जिसे पुल से पार कर लिया जाता है। यहां मोटर गाड़ियों के बजाय कश्तियां चलती हैं क्योंकि नहरें ही सड़कों का काम करती हैं। माना जाता है कि वेनिस का निर्माण रोमन सभ्यता के पतन के बाद हुआ था और समय के साथ वेनेशियन कला भी निखरती गई। वेनिस को दिन में देखना जितना आनंद देता है उतनी ही सुहानी है यहां की शाम। दरअसल पहले हमने वेनिस का रात का नजारा ही देखा। वेरोना, जिसे 'सिटी ऑफ रोमियो जूलियट' कहते हैं, में 'जूलियट की बालकनी' देखने और शहर को पैदल घूमने के बाद हम शाम को वेनिस पहुंचे। होटल में चेकइन के बाद कुछ ही देर में हम वेनिस में डिनर के लिए निकल पड़े। वाटर बस से हम चल पड़े मुख्य वेनिस की ओर। रात में समंदर और भी खूबसूरत लग रहा था। केनाल बने समंदर के दोनों किनारों पर सालों पुरानी, हेरीटेज बन गई ईमारतें नजर आ रहीं थीं जो तेरहवीं से अठारहवीं शताब्दी के दौरान वेनिस के रईस परिवारों द्वारा बनाई गई हैं। पीली रोशनी से जगमग करते किनारे और काले दिखते समंदर में बहती बोट, लगभग आधा रास्ता मोबाइल से वीडियो बनाने और इस खूबसूरती को कैद कर लेने में ही निकला। वेनिस एक असली शहर नहीं बल्कि ख्वाबों में रची गई कालाकृति जैसा दिखता है। एक तरफ अद्भुत ईमारतें और दूसरी तरफ बेहद पतली, संकरी गलियां। यहां की एक गली को दुनिया की सबसे पतली गलियों में शुमार किया जाता है। इसकी चौड़ाई 53 सेंटीमीटर है। इन्हीं गलियों को पैदल पार करने के बाद हमारे सामने था वह लोकल रेस्तरां जहां हमें फोर कोर्स डिनर करना था। व्हाइट और रेड वाइन हमारे लिए तैयार थीं। इटेलियन वेटर्स किसी फिल्म के हीरो जैसे नजर आ रहे थे। इस खुशनुमा माहौल में वेनेशियन खाने के तीन मेन्यू, मीट, फिश और वेज थे। हमने वेज मेन्यू ही चुना। इटली आकर वैसे भी पिज्जा, पास्ता, नूडल्स और चीज से हमारी दोस्ती गहरी हो गई थी। हां, यहां के हर खाने में ऑलिव का होना स्वास्थ्य के प्रति संजीदगी दिखाता है।

# सावन के प्रथम सोमवार को शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब

## भंडारा आयोजन की धूम

कैनविज टाइम्स संवाददाता





रामनगर बाराबंकी। पावन सावन मास के प्रथम सोमवार को महादेवा में लोधेश्वर महादेव के जलाभिषेक व दर्शनों हेतु अपार जन समुदाय उमड़ पड़ा।प्रसिद्ध भगौली तीर्थ के प्रसन्ननाथजी के दरबार से आए शिवभक्त कांवरियों के जत्थे ने सोमवार को जलाभिषेक के लिए रविवार शाम छः बजे ही मठ के द्वार पर डेरा डाल दिया था ।रविवार रात्रि बारह बजते ही जैसे सोमवार दिन शुरू हुआ श्रद्धालुओं ने जयघोष लगाना शुरू कर दिया।पुजारीजी के द्वारा प्रथम पूजा के बाद कपाट खुलते ही आरंभ हुआ जलाभिषेक का क्रम निरंतर चलता रहा जोकि देर रात श्रृंगार पूजा पर पूर्ण हुआ इस दौरान लाखों श्रद्धालुओं ने भोले के दरबार में हाजिरी लगाई।पहले सोमवार के मौके पर महादेवा जाने वाले मार्ग पर केसरीपुर वार्ड में द्वितीय विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।जोकि कन्नौज के गंगूपुर क्षेत्र से आए लगभग 200 ग्रामीणों के सहयोग से संपन्न हुआ जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।भंडारे में श्रद्धालुओं के लिए पूरी सब्जी बूंदी बिस्किट आदि का वितरण किया गया।भंडारे में नन्हे कटिहार गुड्डू कटिहार बबलू यादव अमित कुशवाहा आशीष कटिहार टिल्लू तिवारी अशोक तिवारी विवेक कटिहार सहित अन्य सहयोगी शामिल रहे।

इसके अलावा दर्जनों महिलाएं भी समूह में भोजन निर्माण और वितरण कार्य में सक्रिय रूप से लगी रहीं।इसी तरह मेले में कुशवाहा परिवार की ओर से भी एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।इस भंडारे में रसोई प्रबंधन की जिम्मेदारी अरविंद कश्यप संजय सविता ओमकार कुशवाहा राजरानी कुशवाहा आदि ने कुशलतापूर्वक निभाई।मेले में सुरक्षा के दृष्टिगत पर्याप्त पुलिस व पीएसी के जवान व फ्लड टीमें तैनात रहीं वहीं सीसी टीवी कैमरों से अधिकारियों द्वारा पूरे मेला क्षेत्र की निगरानी रखी गई।प्रथम श्रावणी सोमवार को महादेवा में बुंदेलखंड क्षेत्र व पश्चिमी उत्तर प्रदेश सहित पड़ोसी जिलों के आस्थावान शिवभक्तों ने लोधेश्वर जी की चौखट पर माथा टेका।

''सिरौलीगौसपुर'': तहसील क्षेत्र के ग्राम मरकामऊ, पुरनिया, सीहामऊ कटका और महाभारत कालीन कुंतेश्वर महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं ने विशेष पूजा-अर्चना की। दुग्धेश्वर महादेव मंदिर, जागेश्वर महादेव मंदिर में भी भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी।

श्रद्धालुओं ने क्रमबद्ध तरीके से भगवान शिव का जलाभिषेक किया। मंदिरों के बाहर पूजा सामग्री की दुकानें सजी थीं। डीजे की धुन पर भक्ति गीतों के साथ श्रद्धालुओं ने नृत्य किया। 'हर हर महादेव', 'बम बम बोल रहा है काशी' और 'शंकर जी की बूटी' जैसे गीतों पर महिलाएं और पुरुष झूमरहे थे।

### झांसी मंडल में 600 से अधिक पुलिसकर्मियों की लगाई गई ड्यूटी, महिला पुलिसकर्मियों की भी तैनाती

झांसी। सावन माह के पहले सोमवार पर झांसी मंडल के तीनों जिलों के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी और भक्तों ने दर्शन-पूजन के साथ जलाभिषेक किया। मंदिरों के साथ ही कांवड़ यात्रा को लेकर भी श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा गया। सीएम योगी के निर्देश के अनुसार मंदिरों के साथ ही कांवड़ यात्रा की सुरक्षा को लेकर पुलिस महकमे की ओर से खास प्रबंध रहे। सभी मंदिरों और कांवड़ रूटों पर महिला पुलिसकर्मियों की भी तैनाती की गई। झांसी के सिद्धेश्वर मंदिर, मढ़िया महादेव मंदिर, केदारेश्वर मंदिर समेत सभी प्रमुख मंदिरों पर श्रद्धालुओं की भीड़ ने जलाभिषेक किया। सुरक्षा की दृष्टि से झांसी रेंज के तीनों जिलों झांसी, ललितपुर और जालौन में अतिरिक्त पुलिसकर्मियों और अफसरों की तैनाती की गई है। तीनों जनपदों में 148 इंस्पेक्टर और सब इंस्पेक्टर, 319 हेड कांस्टेबल और कांस्टेबल के अलावा 182 होमगार्ड तैनात किए गए हैं। कुल 649 पुलिस स्टाफ कांवड़ यात्रा और शिव मंदिरों की सुरक्षा की दृष्टि से तैनात किए गए हैं। कांवड़ यात्रा और मंदिरों की सुरक्षा की दृष्टि से अलग-अलग स्टाफ की तैनाती की गई है। इनमें आवश्यकतानुसार महिला पुलिसकर्मियों को भी सम्मिलित किया हैं।

झांसी रेंज के डीआईजी केशव कुमार चौधरी ने बताया कि रेंज के तीनों जनपदों में शिव मंदिरों और कांवड़ मार्गों पर सुरक्षा की दृष्टि से पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। सभी मार्गो और मंदिरों पर सुरक्षा-व्यवस्था में महिला पुलिस स्टाफ की भी ड्यूटी लगाई गई है। पुलिस कांवड़ यात्रियों और शिव मंदिरों तक आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा का ध्यान रख रही है।

### इन्हौना कस्बे में अतिक्रमण के खिलाफ एनएचएआई का अभियान आज, हटेगा कब्जा

अमेठी, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा कस्बा इन्हौना में अतिक्रमण के विरुद्ध सख्त रुख अपनाते हुए आज विशेष अभियान चलाया जाएगा। एनएचएआई ने तहसील प्रशासन से अनुमति प्राप्त कर इस कार्यवाही को अंजाम देने की पूरी तैयारी कर ली है। यह कार्रवाई एनएच-731 पर कस्बा इन्हौना के मुख्य बाज़ार क्षेत्र में की जाएगी, जहां लंबे समय से फुटपाथ और सड़कों पर दुकानदारों और स्थानीय लोगों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है। रूट पेट्रोलिंग ऑफिसर आदित्य चतुर्वेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्रवाई प्रोजेक्ट मैनेजर वीर भान सिंह के निर्देशन में की जा रही है। उन्होंने बताया कि कस्बे में लगातार बढ़ रहे अतिक्रमण की शिकायतें मिल रही थीं, जिसके आधार पर उच्च अधिकारियों से निर्देश प्राप्त हुए। इस क्रम में तहसील प्रशासन से आवश्यक अनुमति ली गई और स्थानीय पुलिस बल की मांग की गई, जिसे स्वीकृति मिल चुकी है।

# इन्हौना कस्बे में अतिक्रमण के खिलाफ एनएचएआई का अभियान आज, हटेगा कब्जा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा कस्बा इन्हौना में अतिक्रमण के विरुद्ध सख्त रुख अपनाते हुए आज विशेष अभियान चलाया जाएगा। एनएचएआई ने तहसील प्रशासन से अनुमति प्राप्त कर इस कार्यवाही को अंजाम देने की पूरी तैयारी कर ली है। यह कार्रवाई एनएच-731 पर कस्बा इन्हौना के मुख्य बाज़ार क्षेत्र में की जाएगी, जहां लंबे समय से फुटपाथ और सड़कों पर दुकानदारों और स्थानीय लोगों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है। रूट पेट्रोलिंग ऑफिसर आदित्य चतुर्वेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्रवाई प्रोजेक्ट मैनेजर वीर भान सिंह के निर्देशन में की जा रही है। उन्होंने बताया कि कस्बे में लगातार बढ़ रहे अतिक्रमण की शिकायतें मिल रही थीं, जिसके आधार पर उच्च अधिकारियों से निर्देश प्राप्त हुए। इस क्रम में तहसील प्रशासन से आवश्यक अनुमति ली गई और स्थानीय पुलिस बल की मांग की गई, जिसे स्वीकृति मिल चुकी है। स्थानीय नागरिकों के अनुसार, फुटपाथ पर दुकानदारों द्वारा सामान फैलाकर कब्जा कर लिया गया है जिससे आम राहगीरों को चलने में दिक्कत होती है। गंदगी और यातायात अवरोध एक सामान्य समस्या बन चुकी है। एनएचएआई के अनुसार, अतिक्रमण के कारण सड़क की सफाई एवं रख-रखाव कार्य भी बाधित होता है।

**अतिक्रमण हटाने की अपील, अन्यथा वसूला जाएगा खर्च**

प्रोजेक्ट मैनेजर वीर भान सिंह ने स्पष्ट किया है कि जो लोग स्वयं अपना अतिक्रमण हटा लेंगे उन्हें राहत दी जाएगी, लेकिन यदि जबरन हटाना पड़ा तो उस प्रक्रिया में आने वाला खर्च भी संबंधित व्यक्ति से वसूला जाएगा। उन्होंने जनता से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सभी लोग स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाएं ताकि किसी तरह की असुविधा या कड़ाई की आवश्यकता न पड़े। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य इन्हौना कस्बे में सुचारू यातायात व्यवस्था बहाल करना, आम

### दुष्कर्म के आरोपित की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत, परिजनों ने किया हंगामा

वाराणसी। दुष्कर्म के आरोप में जिला कारागार में बंद आशुतोष सिंह (25) की सोमवार को कबीरचौरा स्थित मंडलीय शिव प्रसाद गुप्त अस्पताल में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। इस घटना के बाद अस्पताल पहुंचे आशुतोष के परिजनों ने जमकर हंगामा किया। उनका आरोप था कि जेल में उचित इलाज नहीं मिलने के कारण उनकी जान चली गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने परिजनों को समझाकर वहां से हटा दिया।

# तीव्र गति ऑटो बस से टकराया चालक समेत दो की दर्दनाक मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। लखनऊ बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर रामनगर थाना अंतर्गत कटियारा गांव के पास सोमवार को बस व आटो की भिड़ंत में दो लोगों की दर्दनाक मौत हुई। जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हुआ।मृतकों की पहचान ऑटो चालक मोहम्मद आलम निवासी नहामऊ एवं विजय के रूप में हुई है।घायल युवक प्रद्युम्न की गंभीर होने से उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है।सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हादसे के बाद रोडवेज बस का चालक मौके से फरार हो गया पुलिस ने बस को कब्जे में किया।इस दुर्घटना से मृतकों के गांव में शोक की लहर है,और परिजन सहित लोग गहरे सदमे में हैं।

स्मरणीय है कि आज सावन मास का पहला सोमवार होने के चलते बाराबंकी से रामनगर व महादेवा मंदिर मार्ग को सेफ जोन घोषित किया गया था।इस मार्ग पर बड़े वाहनों की आवा-जाही पर रोक थी। बड़ा सवाल है कि आटो इस मार्ग पर आया कहां से। हाईवे पर ई-रिक्शा व आटो निर्धारित तादाद से अधिक यात्री बैठा कर वह भी बेतरतीबी चलते हैं।स्थानीय नागरिकों ने इस हादसे को लेकर गहरी नाराजगी जताई है।और केंद्र सरकार से एनएच 927 के फोरलेन निर्माण कार्य में तेजी लाने की मांग की है।

**बहराइच मार्ग जान लेवा एन एच**

**प्रशासन धृतराष्ट्र**

बहराइच बाराबंकी मार्ग पर हादसे एक बड़ी समस्या बन गए हैं । राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की निष्क्रियता के चलते इस भारी आवाजाही वाले मार्ग पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंधन नहीं किए गए है।यातायात संकेतों का पूर्ण अभाव है। आए दिन हादसे हो रहे हैं, किसी के घर का चिराग गुल हो जाता है तो किसी के बुढ़ापे की लाठी टूट

## प्रशासन पर भारी एनएचआइ प्रबंधन

जाती है, परंतु प्राधिकरण है कि उसे तनिक भी परवाह नहीं।

रामनगर से बाराबंकी मार्ग पर तीन थानों का अधिकार क्षेत्र है। कोतवाली पुलिस की संरक्षण में कालातीत एवं अनफिट वाहन निर्धारित अधिक यात्री भरकर फर्राटा भरते हैं। जो थाना मसौली के ठीक सामने से होकर रामनगर अंचल पहुंचते हैं। इस समय महादेवा मेला के दृष्टिगत प्रशासन द्वारा इस मार्ग को सेफ जोन घोषित किया गया है, निजी वाहनों को इस मार्ग से गुजरने नहीं दिया जा रहा। कार सवार स्थानीय लोग भी दस पंद्रह किलोमीटर दूरी तय कर अपने निज घर पहुंच पाते हैं। शायद उन्हें पुलिस की जेब गर्मा कर काम, का फार्मूला पता नहीं होता।

# संदिग्ध दशा में विवाहिता की मौत हत्या का आरोप

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी । थाना सफदरगंज के सैदनपुर गांव में सोमवार सुबह 23 वर्षीय हिना का शव उसके घर मे फांसी के फंदे पर लटकता मिला। हिना की शादी मोहम्मद आरिफ के साथ करीब दो वर्ष पूर्व हुई थी। वह मड़ियांव, लखनऊ की रहने वाली थी।हिना का 8 महीने का बच्चा भी है।जानकारी अनुसार हिना का निकाह 2024 में बाराबंकी के सैदनपुर निवासी मोहम्मद आरिफ के साथ हुआ था।आरोप है कि पति मोहम्मद आरिफ, सास मुन्नी, ससुर सैय्यद अली, देवर साजिद, साहिल व मुन्ना, ननद वसीमा और चचेरे देवर उस्मान व सुभान दहेज की मांग को लेकर हिना को प्रताड़ित करते थे पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

इस संबंध में थानाध्यक्ष अमर कुमार चौरसिया ने बताया कि मृतका के भाई की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर करवाई की जा रही है।

# भारत में उच्च शिक्षा की ऊंचाइयां और संभावनाएं 2025 विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। जहांगीराबाद एजुकेशनल ट्रस्ट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स, जहांगीराबाद फोर्ट, बाराबंकी में सेंटर फॉर डेवलपमेंट पॉलिसी एंड प्रैक्टिस के संयुक्त तत्वावधान में ''भारत में उच्च शिक्षा की ऊंचाइयां और संभावनाएं 2025'' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान के निदेशक मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) विकास सैनी द्वारा किया गया। अपने उद्घाटन संबोधन में उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत उच्च शिक्षा में हो रहे बदलावों और नवाचारों पर विस्तार से प्रकाश डाला।संस्थान के चेयरमैन श्री मंज़ूर गौरी ने कहा कि भारत आज वैश्विक ज्ञान-आधारित अर्थव्यवस्था में निर्णायक भूमिका निभाने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा इस दिशा में एक मजबूत स्तंभ है और हमें अपने युवाओं को भविष्य की जरूरतों के अनुसार तैयार करना होगा।संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए डॉ. ज़हीर इशहाक क़ाज़ी ने कहा कि वर्तमान युग ज्ञान और अनुसंधान का है। उन्होंने कहा कि भारत में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं, किंतु चुनौतियां भी कम नहीं हैं। उन्होंने नवाचार, शोध और कौशल विकास पर विशेष बल देने की आवश्यकता बताई।कार्यक्रम में अनेक प्रतिष्ठित शिक्षाविदों ने अपने विचार साझा किए। श्री संजय कौल, श्री आशीष गुप्ता, श्री मो. इमरान खान, श्री राशादुल्लाह खान, श्री सैयद अनवारुल हुदा तथा मिस अंजना दिवाकर ने नई शिक्षा नीति , डिजिटल लर्निंग, स्किल डेवलपमेंट, वैश्विक सहयोग जैसे विविध विषयों पर सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत किए।पैनल चर्चा में मिस अरफ़ा खान शेरवानी, प्रो. अब्दुल शाबान, श्री आशीष गुप्ता एवं श्री मो. इमरान ने भाग लिया। संगोष्ठी में संस्थान के शिक्षकों मिस नदिया अंसार, डॉ. मो. फुरकान, डॉ. इम्तियाज़, श्री फहद बिन जाहिद, डॉ. दबीर, डॉ. काज़िम एवं डॉ. कलीम द्वारा शोध पत्र प्रस्तुत किए गए।कार्यक्रम का संचालन मिस जुवेरिया द्वारा किया गया। समापन सत्र में रजिस्ट्रार डॉ. मसर्रत अली खान ने ट्रस्टी श्री सैयद अनीसुद्दीन, ट्रस्टी श्री शफी मोहम्मद समेत सभी विशिष्ट अतिथियों, वक्ताओं, शिक्षकों एवं सहयोगी स्टाफ का आभार व्यक्त किया।

### गम और गुस्से के बीच टली चिता—परिजन बोले, पहले इंसाफ चाहिए''

**संदिग्ध अवस्था में युवक का शव बरामद, हत्या की आशंका**

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र के ग्राम कजियापुर मजरा मोहम्मदपुर बाहु में रविवार को संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत के मामले ने सोमवार को उस समय तूल पकड़ लिया, जब पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचा और परिजनों ने अंतिम संस्कार से इनकार कर दिया। उनका कहना था कि जब तक नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती, वे शव का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। रविवार सुबह 30 वर्षीय श्यामू यादव पुत्र स्वर्गीय मनीराम को गांव के ही तीन युवक बुलाकर ले गए थे। कुछ देर बाद श्यामू अचेत अवस्था में गांव के बाहर खड़ंजे पर पड़ा मिला। श्यामू को परिजन तत्काल सीएचसी बड़ागांव ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। श्यामू के बड़े भाई सोहनलाल ने गांव के ही द्वारिका उर्फ नक्का, बदोसराय थाना क्षेत्र के रमसहाय निवासी सुशील और मौजा निवासी कल्लू वर्मा पर श्यामू की गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी।

सोमवार दोपहर करीब 3 बजे जब पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचा, तो परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर दाह संस्कार रोक दिया। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक शमशाद अली व चौकी प्रभारी अभिनंदन पांडे मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों को समझा-बुझाकर शांत कराया और एफआईआर की प्रति उपलब्ध कराते हुए आश्वस्त किया कि आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। आश्वासन के बाद परिजन अंतिम संस्कार के लिए तैयार हुए। गांव में अब भी माहौल गमगीन है, और परिजन न्याय की मांग पर अडिग हैं।

### दहेज की दरिंदगी ने ले ली एक और बेटी की जान

**गर्भवती रूचि ने तड़प-तड़प कर कहा अलविदा...**

निंदूरा, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। ससुराल की चौखट लांघे अभी चार महीने ही हुए थे, सपना देखा था एक सुखद संसार का, मगर होनी को कुछ और ही मंजूर था। कुर्सी थाना क्षेत्र के ओदार गांव में 22 वर्षीय गर्भवती विवाहिता रूचि की संदिग्ध हालात में मौत ने पूरे इलाके को झकझोर दिया है। परिजनों का आरोप है कि रूचि को लगातार दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था और आखिरकार उसे मौत के मुंह में धकेल दिया गया।धरसंडा गांव निवासी नीरज गौतम ने बताया कि उसकी बहन रूचि का विवाह 6 मार्च को सुभाष गौतम से हुआ था। विवाह के कुछ ही दिन बाद से ससुराल वालों ने उसका जीना दुश्वार कर दिया। पति, सास, ससुर, जेठ और जेठानियां सभी दहेज की मांग को लेकर उसे शारीरिक व मानसिक यातनाएं देने लगे। दो माह की गर्भवती होने के बावजूद किसी ने उस पर रहम नहीं किया।नीरज की मानें तो रविवार की रात अचानक ससुराल पक्ष से फोन आया कि रूचि ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब परिजन मौके पर पहुंचे, तो शव पलंग पर पड़ा मिला, गले और चेहरे पर गंभीर चोटों के निशान थे, जो एक अलग ही कहानी बयान कर रहे थे। भाई का दावा है कि रूचि ने आत्महत्या नहीं की, बल्कि उसकी हत्या की गई है। कुर्सी थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मृतका के भाई की तहरीर पर जांच शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक रूप से मामला फांसी का प्रतीत हो रहा है, लेकिन सच क्या है, इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा।एक और बेटी ससुराल की दीवारों में घुटकर चली गई... क्या हमारा समाज अब भी चुप रहेगा?

### खंभे में करंट प्रवाह से बकरी मरी

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सोमवार को मोहसंड कस्बा निवासी बकरी पालक राम नरेश गौतम की एक बकरी गांव में एक विद्युत पोल के स्टे में उतरे करेंट की चपेट में आ गई और बकरी की मौत हो गई। बकरी को उठाते समय राम नरेश की पत्नी को भी झटका लगा परंतु वह बाल बाल बची। कुर्सी विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता विकास शुक्ला ने बताया कि मामला जानकारी में आया है।मौके पर जांच के लिए लाइनमैन को भेजा है।

### बिटिया को न्याय, दोषी को ताउम्र सलाखें

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विशेष अपर सत्र न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) सुभाष चंद्र तिवारी की अदालत ने एक दलित नाबालिग बालिका से दुष्कर्म के गंभीर मामले में दोषी पाए गए व्यक्ति को आजीवन कारावास और ?50,000 के अर्थदंड की सजा सुनाई है। यह घटना जैदपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की है। घटना के समय पीड़िता घर पर अकेली थी, तभी आरोपी ने उसे जबरन एकांत स्थान पर ले जाकर अमानवीय कृत्य किया। परिजनों द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी।

# इसौली विधानसभा में सम्पर्क मार्गों के बदहाली को नजरन्दाज कर रहे जनप्रतिनिधि

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बल्दीराय/सुल्तानपुर। इसौली विधानसभा में जनप्रतिनिधियों के विकास के पोल खोल रहीं सम्पर्क मार्गो की दुर्दशा, जनता के लिए बड़ी समस्या बन गयी है। विकास की ढोल पीट रहे जनप्रतिनिधियों की, क्षेत्र में उपस्थिति महज कुछ विशेष लोगों तक ही है, जनप्रतिनिधियों के नजरन्दाजी के चलते आम जनता के समस्याऐं जस की तस बनी हुई हैं। इसौली विधानसभा के तहसील बल्दीराय के इसौली में आने वाले कई सम्पर्क मार्ग खस्ताहाल हैं। सड़कों में गड्ढे, यात्रियों के मुसीबत बन गए हैं । बरसात होते ही इन सड़कों पर चलना ,खतरा मोल लेने जैसा है। विशेषतया इन्ही रास्तों से छात्र व छात्राएं, बीमार तीमार प्रतिदिन विद्यालय आने जाने को मजबूर हैं। सांसद और विधायक जनता के इन बड़ी समस्यायों से जैसे कोई सरोकार ही नही है। देखा जाय तो सतहरी ग्रामसभा के बलराज के पुरवा बड़ी नहर से बिसावां तक रास्ता, देहलीबाजार से टेडरसा तक, पीरोसरैया से पूरे भीखी पांडेय ब्रमहौली तक, पीरोसरैया नहर से पडरे तक, सतहरी से खारा तक, लँगड़ीबाजार से बड़का बिसावां होते हुए छोटका बिसावां तक तथा देहलीबाजार से वलीपुर सड़कों में बड़े बड़े खरनाक गड्ढे जनप्रतिनिधियों के विकास के बड़े ह्लदावाह्ल के पोल खोल रहे हैं। उपरोक्त समपर्क मार्गों को बनवाने/मरम्मत के लिए किसी भी जनप्रतिनिधि ने आवाज नही उठायी। जबकि बरसात सिर पर है और यात्रियों को इन्ही रास्तों पर ,जान जोखिम में डालकर यात्रा करना पड़ेगा। इन्ही सड़कों से जिला के प्रशासनिक अधिकारियों का भी आना जाना होता है। इसौली विधानसभा क्षेत्र के उत्तरी भाग के लोगों के साथ सौतेले व्यवहार से जनता में आक्रोश है। क्षेत्र के चंदौर के रणजीत सिंह, पडरे प्रधान प्रति0 अरशद, देहलीबाजार प्रधान विशाल शुक्ल, विसावां काली सहाय सिंह, आनंद तिवारी, हेमन्त सिंह, मनुज यादव, पडरे राम लोचन सरोज, ऐंजर प्रदीप सिंह, विजय पांडेय, मो0इस्लाम आदि लोगों ने जनहित में जिला प्रशासन उपरोक्त बदहाल सड़कों के अतिशीघ्र निर्माण/मरम्मत की मांग की है।

# चोरी की लत पड़ी भारी, दो भाइयों की अब छह महीने की बाराबंकी से विदाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## लोनीकटरा पुलिस की कार्रवाई से अपराधियों में हड़कंप

त्रिवेदीगंज बाराबंकी, 14 जुलाई। कहते हैं कि आदत से मजबूर होना एक बात है, लेकिन जब वह आदत कानून तोड़ने वाली हो, तो फिर मजबूरी नहीं, सजा बन जाती है। ऐसा ही हुआ थाना लोनीकटरा क्षेत्र के दो ऐसे 'अभ्यस्त अपराधियों' के साथ, जिनकी नजर दूसरों की तिजोरियों, बक्सों और अलमारियों पर ही रहती थी – मगर अब खुद उनके लिए जनपद की सीमा पार करना अनिवार्य कर दिया गया है। थाना लोनीकटरा अंतर्गत ग्राम रबड़हिया का पुरवा निवासी संदीप कुमार रावत पुत्र मेवालाल एवं प्रदीप कुमार रावत पुत्र रामफ़ेर पर चोरी व सेंधमारी जैसे मामलों में पूर्व में अभियोग पंजीकृत किए जा चुके थे। दोनों की आपराधिक गतिविधियों की सूची इतनी लंबी हो चली थी कि मोहल्ले के बुजुर्ग अब इन्हें नाम से नहीं, केस नंबर से पहचानने लगे थे। पुलिस अधीक्षक श्री अर्पित विजयवर्गीय के निर्देश पर इन दोनों 'तिजोरी प्रेमियों' को चिह्नित कर इन पर उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई हेतु प्रस्ताव जिलाधिकारी को प्रेषित किया गया। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी द्वारा आदेश पारित किया गया, जिसके अंतर्गत दोनों अपराधियों को जनपद बाराबंकी की सीमाओं से आगामी छह माह के लिए निष्कासित कर दिया गया है। इस आदेश की मुनादी वरिष्ठ उपनिरीक्षक संतोष राय द्वारा कराते हुए तामीला की गई, जिससे यह स्पष्ट हो जाए कि अब बाराबंकी की सीमा में इनका प्रवेश उतना ही निषिद्ध है जितना किसी फिल्मी चोर का बैंक में प्रवेश। आलोचनात्मक दृष्टि से कहा जाए, तो इन दोनों ने अपराध को शौक की तरह अपनाया, जैसे कोई कबूतरबाज क्रिकेटर हर मैच में आउट होने का अभ्यास करता है। लेकिन बाराबंकी प्रशासन ने अब इनके इस 'अपराधी टूरिज्म' को गंभीरता से लिया और इन्हें एक अनौपचारिक ''वन-वे टिकट'' थमा दिया – न कोई विदाई गीत, न पगड़ी सम्मान। यदि इन अपराधियों ने इस निष्कासन आदेश का उल्लंघन किया, तो उनके विरुद्ध धारा 10, गुंडा नियंत्रण अधिनियम के अंतर्गत कठोर कार्रवाई की जाएगी। सवाल यह नहीं है कि संदीप और प्रदीप अब कहां जाएंगे, सवाल यह है कि बाकी चोरों को यह कब समझ आएगा कि अपराध अब 'घरेलू शौक' नहीं रहा, बल्कि अब प्रशासन इसे पारिवारिक परंपरा के बजाय गंभीर खतरा मानने लगा है। अब वक्त आ गया है कि जो चोरी करते हैं, वो सुधारगृह नहीं तो कम से कम सीमाओं से बाहर तो भेजे ही जाएं।

# लॉर्ड्स की लड़ाई में हार गई टीम इंडिया

## इंग्लैंड ने तीसरे टेस्ट मैच में भारत 22 रनों से हराया

एजेंसी

लॉर्ड्स। इंडिया और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जा रही है। एंडरसन तेंदुलकर ट्रॉफी का तीसरा मैच सोमवार 14 जुलाई को समाप्त हुआ, जो लंदन के लॉर्ड्स स्टेडियम में खेला गया। इस मुकाबले में इंग्लैंड की टीम ने बाजी मारी और सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली। इस मुकाबले में भारतीय टीम ने शानदार खेल दिखाया। एक तरह से टीम इंडिया लड़ाई लड़कर आखिरी के कुछ पलों में मुकाबला हारी। हालांकि, अपनी दूसरी पारी में भारतीय टीम थोड़ी सी नर्वस नजर आई और मुकाबला 22 रनों के अंतर से हार गई। सीरीज का चौथा मुकाबला अब मैनचेस्टर में 23 जुलाई से खेला जाएगा। इस मैच के हीरो इंग्लैंड के लिए जो रूट थे, जिन्होंने पहली पारी में शतक जड़ा था और दूसरी पारी में 40 रन बनाए थे।



इस मुकाबले में इंग्लैंड की टीम के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी थी। इंग्लैंड की टीम अपनी पहली पारी में जो रूट के शतक, जैमी स्मिथ के अर्धशतक और ओली पोप और बेन स्टोक्स की 44-44 रनों की पारी की बदौलत 387 रन बनाने में सफल हुई। भारत के लिए जसप्रीत बुमराह ने पांच विकेट निकाले थे, जबकि 2-2 विकेट मोहम्मद सिराज और नितीश कुमार रेड्डी को मिले थे। एक सफलता रविंद्र जडेजा के खाते में आई थी।

इसके बाद भारतीय टीम अपनी पहली पारी में बल्लेबाजी करने उतरी और 387 रन बना सकी। भारत के लिए 100 रन केएल राहुल, 74 रन ऋषभ पंत और 72 रन रविंद्र जडेजा ने बनाए। इंग्लैंड के लिए 3 विकेट क्रिस वोक्स को मिले थे। 2-2 विकेट जोफ्रा आर्चर और बेन स्टोक्स ने चटकाए। इस तरह पहली पारी का स्कोर बराबर रहा। अब इंग्लैंड की बारी थी, जिन्हें बड़ा लक्ष्य भारत के सामने रखना था, लेकिन भारत ने इंग्लैंड को 192 रनों पर रोक दिया।

इंग्लैंड के लिए दूसरी पारी में 40 रन जो रूट ने बनाए थे और कप्तान स्टोक्स ने 33 रनों की पारी खेली थी। भारत के लिए 4 विकेट वॉशिंगटन सुंदर ने निकाले थे, जबकि 2-2 विकेट जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज ने निकाले। इस तरह भारत के सामने 193 रनों का लक्ष्य था, जो मुश्किल नहीं था, लेकिन जिस तरह की शुरुआत भारत ने हासिल की, उससे लग गया था कि मैच भारत के हाथ से निकल गया है।

193 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत का पहला विकेट 5 रन पर गिरा, जबकि दूसरा विकेट 41 रन पर गिरा। इसके बाद भी लगा कि मैच अभी भारत के पास है, लेकिन शुभमन गिल और नाइट वॉचमैन आकाश दीप चौथे दिन के खेल के आखिर में आउट हो गए और भारत पर दबाव आ गया। पांचवें दिन ऋषभ पंत, केएल राहुल और वॉशिंगटन सुंदर पहले ही घंटे में आउट हो गए। इसके बाद एक साझेदारी रविंद्र जडेजा और नितीश रेड्डी के बीच हुई, लेकिन वे लंच से ठीक पहले आउट हो गए। लंच के बाद के सेशन में एक विकेट गिरा और फिर आखिरी सेशन की शुरुआत में आखिरी विकेट गिर गया।

# सिराज पर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया

एजेंसी

लंदन। भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज पर यहां लार्ड्स में तीसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट का विकेट लेने के बाद आक्रामक प्रतिक्रिया के लिए सोमवार को मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया और उनके खाते में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया। इस टेस्ट में चार विकेट लेने वाले सिराज को खिलाड़ियों और उनके सहयोगी स्टाफ से जुड़ी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 के उल्लंघन का दोषी पाया गया जो किसी अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान बल्लेबाज को आउट करने के बाद उसके खिलाफ दिखाई गई आक्रामक प्रतिक्रिया से संबंधित है। सिराज ने रविवार को इंग्लैंड की दूसरी पारी में डकेट को 12 रन पर आउट करने के बाद उनके प्रति आक्रामक रवैया अपनाया तथा अपना कंधा उनके कंधे से भी टकराया। आईसीसी ने एक बयान में कहा, ''भारतीय तेज गेंदबाज



मोहम्मद सिराज पर लॉर्ड्स में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच के दौरान आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन के बाद मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। बयान में कहा गया है, '' सिराज ने विकेट लेने के बाद फॉलो-थ्रू में बल्लेबाज के करीब जाकर जश्न मनाया और जब डकेट पवेलियन लौटने लगे तो उनके शरीर को स्पर्श भी किया। जुर्माने के अलावा सिराज के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ दिया गया है। यह उनका 24 महीने की अवधि में दूसरा अपराध था, जिससे उनके डिमेरिट अंकों की संख्या दो हो गई है। जब कोई खिलाड़ी 24 महीने की अवधि में चार या अधिक डिमेरिट अंक तक पहुंच जाता है तो उन्हें निलंबन अंक में बदल दिया जाता है और खिलाड़ी पर प्रतिबंध लगा दिया जाता है।

# वाशिंगटन फ्रीडम को हराकर एमआई न्यूयॉर्क ने जीता मेजर लीग क्रिकेट का खिताब

एजेंसी

वॉशिंगटन। एमआई न्यूयॉर्क ने वाशिंगटन फ्रीडम को रोमांचक मुकाबले में पांच रन से हराकर मेजर लीग क्रिकेट 2025 का खिताब जीता।

अमेरिका के डलास में ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम में सोमवार को खेले गये फाइनल मुकाबले में एमआई न्यूयॉर्क ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट पर 180 रन बनाए। क्विंटन डिकॉक ने सबसे अधिक 77 रनों की पारी खेली। मोनांक पटेल ने भी तेज 28 रन जोड़े। कुंवरजीत सिंह की 13 गेंदों में नाबाद 22 रनों की तेज पारी एमआई न्यूयॉर्क के स्कोर को 180 तक पहुंचाने में अहम साबित हुई। वाशिंगटन फ्रीडम के पास खिताब बचाने का अच्छा अवसर था क्योंकि ग्लेन मैक्सवेल और ग्लेन फिलिप्स आखिरी ओवर में क्रीज पर थे, लेकिन 22 साल के अमेरिकी गेंदबाज रशील उगारकर ने दबाव में शानदार गेंदबाजी की और आखिरी ओवर में 12 रन बचाते हुए एमआई न्यूयॉर्क को दूसरी बार चैंपियन बना दिया। वाशिंगटन की शुरुआत अच्छी नहीं रही। पहले ही ओवर में शून्य स्कोर पर ट्रेंट बोल्ट ने मिचेल ओवेन और एंड्रीस गाउस को आउट कर दिया। इसके बाद रचिन रविंद्र ने 41 गेंदों में 70 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली। जैक एडवर्ड्स ने भी 22 गेंदों में 33 रन बनाए। दोनों बल्लेबाजों के बीच 84 रनों की साझेदारी हुई, जिससे वाशिंगटन की उम्मीदें जिंदा रहीं। मगर उगारकर और नोस्थुश केनजिगे ने अहम विकेट लेकर मैच का रुख पलट दिया। वाशिंगटन फ्रीडम के लिए लॉकी फर्ग्यूसन सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 21 रन देकर तीन विकेट लिये। मेजर लीग क्रिकेट अमेरिका की टॉप टी-20 टूर्नामेंट है।

# मार्क मार्केज़ ने जीता जर्मन मोटोजीपी, भाई एलेक्स पर चैंपियनशिप बढ़त को किया और मजबूत

एजेंसी

सैक्सनरिंग। डुकाटी राइडर मार्क मार्केज़ ने एक बार फिर साबित कर दिया कि उन्हें 'किंग ऑफ सैक्सनरिंग' क्यों कहा जाता है। अपने 200वें मोटोजीपी रेस में हिस्सा लेते हुए मार्केज़ ने रविवार को जर्मन ग्रां प्री का खिताब जीत लिया। यह एक ऐसी रेस थी, जो अंत तक सिर्फ 10 राइडर्स के पूरा कर पाने के चलते ''सर्वाइवल टेस्ट'' बन गई। यह सैक्सनरिंग पर मार्क की नौवीं मोटोजीपी जीत थी, जिसके साथ ही उन्होंने अपने भाई एलेक्स मार्केज़ पर चैंपियनशिप की बढ़त को 83 अंकों तक पहुंचा दिया। एलेक्स ने दूसरी पोजिशन हासिल की, जबकि मार्क के डुकाटी टीममेट फ्रांसेस्को बगनैया तीसरे स्थान पर रहे और अब वह चैंपियनशिप में 147 अंक पीछे हैं। एलेक्स ने इस रेस में पांचवीं ग्रिड पोजिशन से शुरुआत की थी और यह उनका 100वां मोटोजीपी रेस था। खास बात यह रही कि वह अभी भी डच ग्रां प्री में हाथ में आई फ्रैक्चर और सर्जरी से उबर ही रहे हैं, इसके बावजूद उन्होंने दमदार प्रदर्शन किया। रेस के दौरान कई राइडर्स पहले मोड़ (टर्न-1) पर क्रैश हुए, जिनमें वीआर46 रेसिंग के फाबियो डी जियानन्तोनियो और एप्रिलिया के मार्को बेज़ेकी जैसे दावेदार शामिल थे, जो उस समय दूसरे स्थान पर चल रहे थे। हालांकि दिन पूरी तरह मार्क मार्केज़ के नाम रहा। उन्होंने अपने चहेते ट्रैक पर जीत का जश्न कुछ खास अंदाज में मनाया – बाइक पर खड़े होकर, डांस करते हुए उन्होंने चेकर फ्लैग पार किया। यह लगातार चौथा वीकेंड रहा जब उन्होंने स्प्रिंट और मुख्य रेस दोनों जीते। मार्क ने कहा, ''सैक्सनरिंग पर एक और जीत हासिल करना बेहद खास है। शुरुआत से ही मुझे आत्मविश्वास था, क्योंकि हम लगातार तीन जीत के साथ यहां आए थे। अब हम कह सकते हैं कि आधा सीजन पूरा हो चुका है, लेकिन अगले हिस्से में भी हमें पूरी तरह फोकस रहना होगा। शनिवार को उन्होंने सीजन की सातवीं पोल पोजिशन हासिल की थी और भीगी हुई ट्रैक पर स्प्रिंट रेस भी जीती थी, हालांकि पहले मोड़ पर गलती हुई थी। लेकिन मुख्य रेस में उन्होंने बेहतरीन शुरुआत की और टर्न-1 में लीड पकड़ ली, पीछे थे बेज़ेकी और डी जियानन्तोनियो। जैसे-जैसे रेस आगे बढ़ती गई, मार्क ने अपना अंतर बनाना शुरू कर दिया। वहीं पीछे बेज़ेकी और जियानन्तोनियो आपस में जगह बदलते रहे और एलेक्स व पेड्रो अकॉस्टा चौथे स्थान के लिए संघर्ष करते रहे। लेकिन अंततः बाज़ी मार्क मार्केज़ के नाम रही, जो इस समय मोटोजीपी के सीजन में जबरदस्त लय में नजर आ रहे हैं।



# भारतीय धाविका याराजी की हुई एसीएल सर्जरी, वर्ल्ड चैंपियनशिप 2025 में खेलना संदिग्ध

नई दिल्ली। भारतीय एथलेटिक्स की स्टार और 100 मीटर हर्डल्स की एशियाई चैम्पियन ज्योति याराजी ने अपने दाएं घुटने में एंटीरियर क्रूशिएट लिगामेंट (एसीएल) की चोट के चलते सर्जरी करवाई है। इस बात की पुष्टि खुद याराजी ने रविवार को इंस्टाग्राम के जरिए की। याराजी को यह चोट एक प्रशिक्षण सत्र के दौरान लगी थी। उन्होंने इंस्टाग्राम पर जानकारी साझा करते हुए कहा, ''मैं यह बताते हुए खुश हूं कि शुक्रवार को मैंने डॉ. दिनशॉ परडीवाला के साथ सफलतापूर्वक अपने दाएं घुटने की एसीएल सर्जरी करवाई। उन्होंने आगे कहा, ्रपिछले कुछ हफ्ते मेरे लिए काफी मुश्किल रहे हैं, क्योंकि यह चोट मुझे उस चीज़ से दूर कर रही है जिसे मैं सबसे ज़्यादा पसंद करती हूं। गौरतलब है कि याराजी ने एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 12.96 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता था।

# थोक महंगाई दर जून में घटकर 20 माह के निचले स्तर -0.13 फीसदी पर रही

एजेंसी



नई दिल्ली। खाद्य वस्तुओं एवं ईंधन की कीमतों में गिरावट के साथ-साथ विनिर्मित उत्पादों की लागत में कमी आने से थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित थोक महंगाई दर जून महीने में घटकर -0.13 फीसदी रही है, जो इसका 20 महीने का निचला स्तर है। इससे पिछले महीने मई में थोक महंगाई दर 0.39 फीसदी रही थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया कि डब्ल्यूपीआई पर आधारित ये दर मई महीने में 0.39 फीसदी और जून 2024 में 3.43 फीसदी रही थी। जून महीने में थोक महंगाई दर में कमी की मुख्य वजह खाद्य पदार्थों, खनिज तेलों, मूल धातुओं के विनिर्माण, कच्चे पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस आदि की कीमतों में नरमी रही है। आंकड़ों के मुताबिक जून में खाद्य वस्तुओं की कीमतों में 3.75 फीसदी की गिरावट आई है, जबकि पिछले महीने मई में इसमें 1.56 फीसदी की गिरावट आई थी। आंकड़ों के मुताबिक जून में सब्जियों की कीमतों में 22.65 फीसदी की भारी गिरावट दर्ज की गई, जबकि मई में यह 21.62 फीसदी थी। इसी तरह विनिर्मित उत्पादों के मामले में थोक महंगाई दर जून महीने में 1.97 फीसदी रही, जबकि मई में यह 2.04 फीसदी रही थी। इसके अलावा ईंधन और बिजली क्षेत्र की थोक महंगाई दर जून में 2.65 फीसदी रही, जो मई में 2.27 फीसदी रही थी। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने पिछले महीने मुद्रास्फीति में नरमी के बीच नीतिगत ब्याज दर में 0.50 फीसदी की भारी कटौती करके रेपो रेट 5.50 फीसदी कर दिया था। आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए खुदरा महंगाई में नरमी का अनुमान 4 फीसदी से घटाकर 3.7 फीसदी कर दिया था। रिजर्व बैंक ने अपने जारी अनुमान में पहली तिमाही में 2.9 फीसदी, दूसरी तिमाही में 3.4 फीसदी, तीसरी में 3.9 फीसदी और चौथी तिमाही में 4.4 फीसदी कर दिया था।

# हीरो मोटोकॉर्प 2025-26 की दूसरी तिमाही में जर्मनी, फ्रांस, स्पेन, ब्रिटेन के बाजार में उतरेगी

एजेंसी

नयी दिल्ली। दोपहिया वाहन बनाने वाली कंपनी हीरो मोटोकॉर्प तेजी से वैश्विक विस्तार कर रही है और उसकी योजना 2025-26 की दूसरी तिमाही में जर्मनी, फ्रांस, स्पेन और ब्रिटेन के बाजार में अपनी उपस्थिति बढ़ाने की है। कंपनी के चेयरमैन पवन मुंजाल ने यह बात कही है। मुंजाल ने कंपनी की 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट में शेयरधारकों को संबोधित करते हुए कहा कि हीरो मोटोकॉर्प ''भविष्य में निवेश कर रही है- भारत और उससे आगे। उन्होंने आगे कहा कि कंपनी अपने मंच, जिसमें 'स्टार्टअप के लिए हीरो' पहल भी शामिल है, के जरिये अगली पीढ़ी के उद्यमियों को प्रोत्साहन दे रही है और उन्हें अनुसंधान एवं विकास की सुविधा तथा बाजार तक पहुंच दे रही है। मुंजाल ने कहा कि 2024-25 में कंपनी ने 'इलेक्ट्रिक परिवहन में अपनी अग्रणी स्थिति को और मजबूत किया है। उन्होंने कहा, ''एक साहसिक वैश्विक विस्तार योजना के तहत हीरो मोटोकॉर्प वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में जर्मनी, फ्रांस, स्पेन और ब्रिटेन में अपनी उपस्थिति का विस्तार करेगी। उन्होंने कहा, ''वित्त वर्ष 2024-25 में, हमने ग्राहक अनुभव, गुणवत्ता और पैमाने पर विशेष ध्यान देकर दक्षिण एशिया से लेकर लातिनी अमेरिका तक के अंतरराष्ट्रीय बाजारों में 43 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि हासिल की। मुंजाल ने आगे कहा कि इस साल के अंत में यूरोप और ब्रिटेन में प्रवेश करने का फैसला कंपनी की इंजीनियरिंग उत्कृष्टता और नवोन्मेषण समर्थित वैश्विक महत्वाकांक्षा को दर्शाता है।

# संक्षिप्त समाचार

## एमआई न्यूयॉर्क ने वाशिंगटन फ्रीडम को हराकर एमएलसी ट्रॉफी जीती

**डलास (अमेरिका)।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक के शानदार अर्धशतक की मदद से एमआई न्यूयॉर्क ने यहां ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम में खेले गए फाइनल में वाशिंगटन फ्रीडम को पांच रन से हराकर तीन साल में अपनी दूसरी मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) ट्रॉफी जीती। डी कॉक की 46 गेंदों पर छह चौकों और चार छक्कों की मदद से खेली गई 77 रन की पारी की बदौलत आईपीएल फ्रेंचाइजी मुंबई इंडियंस के स्वामित्व वाली एमआई न्यूयॉर्क ने 20 ओवर में सात विकेट पर 180 रन का चुनौती पूर्ण स्कोर बनाया। इसके जवाब में न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज रचिन रविंद्र के तेज तर्रार 70 रन (41 गेंद) और उनके हमवतन ग्लेन फिलिप्स के नाबाद 48 रन के बावजूद वाशिंगटन फ्रीडम की टीम चार विकेट पर 175 रन ही बना सकी। यह मुंबई इंडियंस का विश्व स्तर पर 13वां और 2025 में तीसरा खिताब है। इससे पहले इस साल की शुरुआत में एमआई केपटाउन की टीम एसए20 और मुंबई इंडियंस की महिला टीम महिला प्रीमियर लीग में चैंपियन बनी थी।

## अदिति 28वें स्थान पर रहीं, ग्रेस किम ने खिताब जीता

**ऐक्स-लेस-बेन्स (फ्रांस)।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक अंतिम दौर में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई और दो ओवर 73 का स्कोर बनाकर यहां अमुंडी एवियन चैंपियनशिप में संयुक्त 28वें स्थान पर रहीं। अदिति का कुल स्कोर अंडर 279 रहा। वह शीर्ष 10 खिलाड़ियों में जगह नहीं बना सकी लेकिन इस प्रतियोगिता में उन्होंने अपना दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। वह एक साल पहले इस प्रतियोगिता में संयुक्त 17वें स्थान पर रही थीं। अदिति ने लगातार नौ पार के साथ शुरुआत की और फिर लगातार चार बोगी कीं, जिससे शीर्ष 10 में जगह बनाने की उनकी उम्मीदें धूमिल हो गईं। उन्होंने 17वें और 18वें होल पर बर्डी लगाकर वापसी की, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली दूसरी भारतीय खिलाड़ी दीक्षा डागर कट में जगह नहीं बना पाई थी। ऑस्ट्रेलिया की ग्रेस किम ने एवियन रिसोर्ट गोल्फ क्लब में प्लेऑफ में विश्व की दूसरे नंबर की खिलाड़ी जीनो थिटिकुल को हराकर अपना पहला मेजर खिताब जीता।

## पिछले कुछ वर्षों में क्रिकेट थोड़ा अधिक दोस्ताना हो गया है: ट्रेस्कोथिक

**लंदन।** इंग्लैंड के सहायक कोच मार्कस ट्रेस्कोथिक का मानना है कि दुनिया भर में फ्रेंचाइजी टूर्नामेंटों के कारण क्रिकेट अधिक दोस्ताना हो गया है और लॉर्ड्स टेस्ट में भारत और मेजबान टीम के बीच चल रही कड़ी प्रतिस्पर्धा खेल के लिए अच्छी है। भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरे टेस्ट मैच के दौरान दोनों टीम के खिलाड़ियों के बीच शाब्दिक जंग देखने को मिली लेकिन किसी तरह का तनाव पैदा नहीं हुआ और ट्रेस्कोथिक का मानना है कि यह खेल के लिए अच्छा है। ट्रेस्कोथिक ने रविवार को चौथे दिन के खेल के बाद कहा, ''प्रतिस्पर्धी बने रहने से निश्चित रूप से स्थिति में मदद मिलती है। इससे श्रृंखला का माहौल अच्छा बनता है। पिछले कुछ वर्षों में क्रिकेट थोड़ा ज़्यादा दोस्ताना हो गया है क्योंकि खिलाड़ी दुनिया भर में फ्रेंचाइज़ी टूर्नामेंटों में एक साथ खेलते हैं। कभी-कभी खेल में कुछ नया करना अच्छा होता है। उन्होंने कहा, ''दोनों टीमें खेल को लेकर जुनूनी हैं और उनके बीच माहौल गर्म होना स्वाभाविक है। लेकिन दोनों टीमें जानती हैं कि एक सीमा है जिसे आप पार नहीं कर सकते और इसलिए श्रृंखला का माहौल अच्छा बना हुआ है।

## महिला विश्व कप: दिव्या, हम्पी अंतिम-16 में

**बातुमी (जॉर्जिया)।** महिला ग्रैंडमास्टर दिव्या देशमुख और ग्रैंडमास्टर बनने वाली देश की पहली महिला खिलाड़ी कोनेरू हम्पी ने यहां विपरीत अंदाज में फिडे महिला विश्व कप शतरंज टूर्नामेंट के अंतिम-16 में जगह बनाई। दिव्या को अंतिम 16 में पहुंचने के लिए आधा अंक की जरूरत थी जो उन्होंने सर्बिया की टेओडोरा इंजाक के खिलाफ ड्रॉ खेल कर हासिल कर लिया लेकिन हम्पी को पोलैंड की कुलोन क्लॉडिया को हराने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी। भारत की जहां दो खिलाड़ियों ने अंतिम 16 में अपनी जगह पक्की कर ली है वहीं तीन अन्य भारतीय खिलाड़ी डी हरिका, वंतिका अग्रवाल और आर वैशाली भी अंतिम-16 में जगह बना सकती हैं, लेकिन यह सब टाईब्रेकर में उनके प्रदर्शन पर निर्भर करेगा। ग्रैंडमास्टर हरिका ने यूनान की त्सोलाकिडोउ स्टावरौला के साथ लगातार ड्रॉ खेलकर खुद को प्री-क्वार्टर फाइनल की दौड़ में बनाए रखा, जबकि वंतिका रूस की कैटरीना लागनो पर पहले दौर की जीत के बाद दूसरे दौर में हार गई जिससे स्कोर बराबर हो गया। इस प्रतियोगिता में विजेता को 50,000 अमेरिकी डॉलर की इनामी राशि मिलेगी। इसके अलावा शीर्ष तीन में रहने वाली खिलाड़ी अगले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करेंगी।

# भारतीय दल वॉशिंगटन पहुंचा, सोमवार से शुरू होगी व्यापार वार्ता: अधिकारी

एजेंसी

नयी दिल्ली। वाणिज्य मंत्रालय का दल प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर एक और दौर की वार्ता के लिए वॉशिंगटन पहुंच गया है। यह वार्ता सोमवार को शुरू होने वाली है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। भारत के मुख्य वार्ताकार एवं वाणिज्य विभाग में विशेष सचिव राजेश अग्रवाल बुधवार को दल का हिस्सा बनेंगे। चार दिन की यह वार्ता बृहस्पतिवार को संपन्न होगी। अधिकारी ने बताया कि प्रस्तावित बीटीए के लिए भारत के उप-मुख्य वार्ताकार बीटीए के पहले चरण पर बातचीत के लिए वॉशिंगटन पहुंच गए हैं। कृषि और दुग्ध उत्पादों पर शुल्क में रियायत की अमेरिकी मांग पर भारत ने अपना रुख कड़ा कर लिया है। दुग्ध क्षेत्र में मुक्त व्यापार समझौते में भारत ने अबतक अपने किसी भी व्यापारिक साझेदार को कोई शुल्क रियायत नहीं दी है। यह यात्रा इस दृष्टि से महत्वपूर्ण है क्योंकि अमेरिका ने अतिरिक्त आयात शुल्क (भारत के मामले में यह 26 प्रतिशत है) को एक अगस्त तक टाल दिया है। भारत, इस्पात तथा एल्युमीनियम (50 प्रतिशत) और मोटर वाहन (25 प्रतिशत) क्षेत्रों पर शुल्क में ढील की भी मांग कर रहा है। भारत ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के मानदंडों के तहत इनके विरुद्ध जवाबी शुल्क लगाने का अपना अधिकार भी सुरक्षित रखा है। दोनों देश प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के पहले चरण के लिए बातचीत इस साल सितंबर-अक्टूबर तक पूरी करना चाहते हैं। इससे पहले वे एक अंतरिम व्यापार समझौते को आकार देने के प्रयास कर रहे हैं। चालू वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-मई की अवधि में अमेरिका को भारत का वस्तु निर्यात 21.78 प्रतिशत बढ़कर 17.25 अरब डॉलर हो गया, जबकि आयात 25.8 प्रतिशत बढ़कर 8.87 अरब डॉलर रहा।

# सर्राफा बाजार में चमका सोना, चांदी में बदलाव नहीं

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोने की कीमत में तेजी नजर आ रही है। वहीं चांदी के भाव में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। कीमत में तेजी आने के कारण आज देश के कई सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना एक बार फिर 1,00,000 रुपये के स्तर पर पहुंच गया है। वहीं कुछ राज्यों के सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 99,880 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 91,550 रुपये से लेकर 91,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी बदलाव नहीं होने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज भी 1,15,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,00,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 91,700 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की



आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 99,880 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 91,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 99,900 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,600 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 99,880 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 91,550 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 99,880 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 91,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,00,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 91,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 91,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,00,000 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 91,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोना के भाव में तेजी आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 99,880 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 91,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# इसी रफ्तार से चले तो 35 प्रतिशत एसडीजी ही हो पाएगा हासिल : संयुक्त राष्ट्र

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोगों के जीवन को बेहतर बनाने और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रकृति के संरक्षण के लिए दुनिया ने दस साल पहले सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को अपनाया था। इन लक्ष्यों को साल 2030 तक हासिल करना है, लेकिन संयुक्त राष्ट्र द्वार सोमवार को जारी रिपोर्ट में बताया गया है कि कई क्षेत्रों में प्रगति के बावजूद अगले पांच साल में ज्यादातर लक्ष्य हासिल होते नहीं दिख रहे हैं।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटरेस ने यह रिपोर्ट लॉन्च की। उन्होंने रिपोर्ट की प्रस्तावना में कहा है कि अब दुनिया के 50 प्रतिशत से अधिक लोग सामाजिक सुरक्षा के दायरे में आ चुके हैं जो एक दशक पहले की तुलना में 10 फीसदी अधिक है। बाल विवाह और बाल मृत्यु दर में भी कमी आई है और अब ज्यादा संख्या में बच्चे स्कूली शिक्षा पूरी कर रहे हैं, खास कर बालिकाएं। विभिन्न देशों की संसदों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व भी 22 प्रतिशत से बढ़कर 27 प्रतिशत हो गया है। बिजली और रसोई गैस तक पहुंच बढ़ी है। इंटरनेट कनेक्टिविटी दोगुनी हो गई है।



गुटरेस ने कहा कि इसके बावजूद युद्ध, जलवायु परिवर्तन में तेजी, भू-राजनीतिक तनावों तथा आर्थिक झटकों के कारण 2030 तक लक्ष्यों को हासिल करने में बाधा आ रही है। दुनिया में 70 करोड़ लोग अत्यंत गरीबी और भुखमरी के शिकार हैं। कार्बन डाई-ऑक्साइड का स्तर 20 लाख साल के उच्चतम स्तर पर है और 2024 अब तक का सबसे गर्म वर्ष रहा। शांति और सुरक्षा की स्थिति में सुधार के बदले यह और खराब हो गई जिसके कारण 12 करोड़ लोग अपने घरों से पलायन के लिए मजबूर हुए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि कुल 169 एसडीजी में से वैश्विक ट्रेंड डाटा की निगरानी करते हुए 139 के आंकड़े एकत्र किए जा सकते हैं। इनमें से मात्र 35 प्रतिशत की प्रगति ही सही रफ्तार से जारी है और 2030 तक लक्ष्य हासिल होते दिख रहे हैं। वहीं 48 प्रतिशत लक्ष्यों की दिशा में प्रगति धीमी है जबकि 18 प्रतिशत के मामलों में स्थिति 2015 से भी खराब हो गई है। संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि व्यापार-तनाव और अनिश्चितताओं के कारण 2025 में दुनिया की विकास दर घटकर 1.5 प्रतिशत रह जाएगी। बेरोजगारी अपने निम्नतम स्तर पर होने के बावजूद श्रम बाजार में युवाओं को चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। दुनिया के आधे से अधिक कामगार अनौपचारिक रोजगार कर रहे हैं जिनकी संख्या लगातार बढ़ रही है। सबसे बड़ी चिंता का विषय जलवायु परिवर्तन बना हुआ है। ग्लोबल वॉर्मिंग की लक्षित 1.5 प्रतिशत की सीमा पिछले साल ही हम पार कर चुके हैं और विश्व जलवायु संगठन के अनुसार अगले पांच साल में 2024 का रिकॉर्ड टूटने की आशंका 80 प्रतिशत है। गुटरेस ने कहा कि रिपोर्ट में एसडीजी के सिर्फ आंकड़े हैं, लेकिन यह वास्तव में सक्रियता दिखाने की चेतावनी देती है, खासकर छह महत्वपूर्ण क्षेत्रों में - खाद्य प्रणाली, ऊर्जा, डिजिटल कनेक्टिविटी, शिक्षा, रोजगार तथा सामाजिक सुरक्षा, और जलवायु तथा जैव विविधता के मामलों में।

## नये वैश्विक व्यापार परिदृश्य का स्वरूप तय कर रहा भारत: अरविंद विरमानी

एजेंसी

नयी दिल्ली। नीति आयोग के सदस्य अरविंद विरमानी ने सोमवार को कहा कि भारत न सिर्फ वैश्विक अर्थव्यवस्था में अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है, बल्कि उसे नया स्वरूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

नीति आयोग द्वारा जारी तीसरे 'ट्रेड वॉच क्वार्टरली' की प्रस्तावना में डॉ. विरमानी ने लिखा है, ल्ल वैश्विक अर्थव्यवस्था में मौजूदा बदलावों और व्यापार के अलाइनमेंट में तेजी से आ रहे बदलावों के बीच भारत स्थिरतापूर्वक खुद को न सिर्फ एक भागीदार के रूप में मजबूत कर रहा है, बल्कि नये वैश्विक व्यापार ढांचे का स्वरूप तय करने वाली ताकत बन रहा है। उन्होंने कहा कि जहां वैश्विक व्यापार में आंशिक रूप से आर्थिक विलगाव देखा जा रहा है, भारत इससे लाभ पाने की संभावना वाले देश के रूप में उभर रहा है। रिपोर्ट में वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर 2024) में देश के व्यापार की समीक्षा की गयी है। इसमें बताया गया है कि तिमाही के दौरान वस्तु निर्यात तीन प्रतिशत बढ़कर 108.7 अरब डॉलर पर और आयात 6.5 फीसदी बढ़कर 187.5 अरब डॉलर पर पहुंच गया। सेवा क्षेत्र का निर्यात 17 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 52.3 अरब डॉलर हो गया जिससे व्यापार घाटा कम करने में मदद मिली। यह इस बात का संकेत है कि वैश्विक स्तर पर सेवा-अर्थव्यवस्था में भारत की स्थित मजबूत हो रही है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत 2024 में डिजिटल माध्यमों से दी गयी सेवाओं में 269 अरब डॉलर के साथ दुनिया का पांचवां सबसे बड़ी निर्यातक रहा। साल 2014 से हाई-टेक वस्तुओं का निर्यात भी बढ़ा है। रिपोर्ट जारी करते हुए डॉ. विरमानी ने कहा कि भारत का बढ़ता व्यापार अर्थव्यवस्था की बढ़ती मजबूती की ओर इशारा करता है जो प्रतिस्पर्धात्मकता, नवाचार और अमेरिका सहित महत्वपूर्ण बाजारों में उपस्थिति बढ़ाने के रणनीतिक प्रयासों में बढ़ोतरी की ओर इशारा करता है। रिपोर्ट में अमेरिका के साथ बढ़ते व्यापार, और कर ढांचे तथा भारत पर इसके प्रभाव पर विशेष रूप से फोकस किया गया है।

## सुप्रीम कोर्ट 'उदयपुर फाइल्स' मामले पर शीघ्र सुनवाई को सहमत

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने हिंदी फिल्म 'उदयपुर फाइल्स-कन्हैयालाल लाल टेलर मर्डर' के रिलीज पर रोक लगाने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर शीघ्र सुनवाई के लिए सोमवार को सहमति व्यक्त की।

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने याचिकाकर्ता के अधिवक्ता गौरव भाटिया के शीघ्र सुनवाई के अनुरोध पर कहा कि इस मामले को एक या दो दिन में सूचीबद्ध किया जाता सकता है। अधिवक्ता ने 'विशेष उल्लेख' के दौरान गुहार लगाते हुए कहा कि फिल्म रिलीज के लिए तैयार थी लेकिन उच्च न्यायालय ने उससे 12 घंटे पहले रोक लगा दी। फिल्म के निर्माता ने दिल्ली उच्च न्यायालय के 10 जुलाई के आदेश को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है, जिसमें रिलीज पर रोक लगा दी गई थी। उच्च न्यायालय ने जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष अरशद मदनी और अन्य की याचिकाओं पर सुनवाई के बाद फिल्म की निर्धारित रिलीज (11 जुलाई) से एक दिन पहले रोक संबंधी आदेश पारित किया था। उच्च न्यायालय के समक्ष याचिकाओं ने दलील देते हुए आरोप लगाया था कि फिल्म सांप्रदायिक रूप से भड़काऊ है।

साथ ही, यह मुस्लिम समुदाय को बदनाम करती है। उच्च न्यायालय ने याचिकाकर्ताओं से कहा कि वे केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) प्रमाणपत्र के खिलाफ केंद्र सरकार के समक्ष पुनर्विचार याचिका दायर कर सकते हैं। उच्च न्यायालय ने कहा कि फिल्म में संशोधन करने पर केंद्र के फैसले तक उसकी की रिलीज पर रोक जारी रहेगी।

## बिहार में अब केवल 11.82 प्रतिशत मतदाताओं के गणना-फार्म मिलने बाकी: चुनाव आयोग

एजेंसी

नयी दिल्ली। चुनाव आयोग ने सोमवार को कहा कि बिहार में मतदाता सूचियों की विशेष गहन समीक्षा (एसईआर) अभियान में मृत, स्थायी रुप से स्थानांतरित और एक से अधिक जगह पर पंजीकृत मतदाताओं को छोड़ कर 88.18 प्रतिशत मतदाताओं के भरे गणना-फार्म समीक्षा कार्य में लगे अधिकारियों को मिल चुके हैं, अब केवल 11.82 प्रतिशत मतदाता ही अपने भरे हुए गणना-फार्म (ईएफ) जमा करने के लिए शेष हैं।

आयोग के अनुसार वर्तमान सूची के 1.59 प्रतिशत मतदाता मृत पाये गये हैं, 2.2 प्रतिशत स्थायी रूप से स्थानांतरित हो गये हैं, 0.73 प्रतिशत मतदाताओं के नाम एक अधिक जगह दर्ज हैं। फार्म 25 जुलाई तक जमा कराये जा सकते हैं। आयोग की विज्ञप्ति में कहा गया है, बिहार के 7,89,69,844 मतदाताओं में से 6,60,67,208 (83.66 प्रतिशत) के ईएफ एकत्र किए जा चुके हैं। अब तक (सूची में दर्ज) 1.59 मतदाता मृत पाये गये हैं, 2.2 प्रतिशत स्थायी रूप से स्थानांतरित हो गये हैं और 0.73 प्रतिशत व्यक्ति एक से अधिक स्थानों पर मतदाता के रूप पंजीकृत पाये गये हैं। आयोग का निष्कर्ष है कि इस तरह अब तक 88.18 प्रतिशत मतदाताओं के ईएफ जमा हो चुके हैं या उनकी मृत्यु हो गयी है या वे एक ही स्थान पर अपना नाम बनाए हुए हैं या अपने पिछले निवास स्थान से स्थायी रूप से स्थानांतरित हो गये हैं। आयोग ने कहा कि इस प्रक्रिया में उसके ऐप ईसीआईनेट पर 5.74 करोड़ से अधिक गणना फॉर्म अपलोड किये जा चुके हैं। आयोग ने कहा है कि अब तक जिन 11.82 प्रतिशत मतदाताओं के फार्म प्राप्त नहीं हुये हैं, उनमें से कई ने आने वाले दिनों में दस्तावेजों के साथ अपने गणना फॉर्म जमा करने के लिए समय मांगा है। आयोग यह सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है कि हर मतदाता अपना गणना-फार्म भर का जमा कराये और कोई भी पात्र मतदाता छूट न जाये। आयोग ने कहा है कि जो मतदाता अस्थायी रूप से राज्य से बाहर चले गये हैं, उनके लिए समाचार पत्रों में विज्ञापन और ऐसे मतदाताओं से सीधे संपर्क के माध्यम से यह सुनिश्चित करने के लिए प्रयास किये जा रहे हैं कि वे समय पर अपना ईएफ भर सकें और उनका नाम एक अगस्त, 2025 को प्रकाशित होने वाले ड्राफ्ट ईआर में भी शामिल हो।

## संसद के कामकाज में एआई का प्रवेश

एजेंसी

नई दिल्ली। संसद के मानसून सत्र में लोकसभा के कामकाज में आर्टिफीशियल इन्टेलीजेंस(एआई) आधारित डिजीटलीकरण का अगला चरण लागू किया जाएगा, जिसमें दो नई भाषाओं में अनुवाद की सेवा और सांसदों की उपस्थिति डिजीटली दर्ज करना शामिल है।

लोकसभा सचिवालय के अधिकारियों ने आज बताया कि इस सत्र से लोकसभा में सांसदों को हाजिरी लगाने के लिए रजिस्टर में हस्ताक्षर करने के अलावा में सदन में उनके लिए आवंटित सीट पर मल्टीमीडिया माध्यम से बायोमेट्रिक ढंग से (अंगूठे या उंगली के निशान से) अथवा पिन नंबर दर्ज करके हाजिरी लगाने की सुविधा उपलब्ध होगी। आने वाले समय में रजिस्टर पर हस्ताक्षर की परंपरा को बंद करके केवल डिजीटल माध्यम से हाजिरी लगाने का प्रक्रिया अपनायी जाएगी। अधिकारियों ने यह भी बताया कि लोकसभा में इस समय 17 भाषाओं में अनुवाद की सेवा उपलब्ध है। सांसदों को सदन में जिस भाषा में बोलना होता है, उसके बारे में एक निश्चित अवधि पहले टेबल ऑफिस को नोटिस दिया जाता रहा है। अब नोटिस की जरूरत नहीं होगी। पहले क्षेत्रीय भाषा में दिये गये उद्‌बोधन का अंग्रेज़ी में और फिर अंग्रेज़ी से हिन्दी या अन्य भाषाओं में अनुवाद होता था। लेकिन अब आर्टिफीशियल इन्टेलीजेंस के माध्यम से किसी भी भाषा से किसी भी भाषा में सीधे अनुवाद की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। उन्होंने कहा कि संसद के मानसून सत्र से सिंधी समेत दो भाषाओं को और जोड़ा जा रहा है। अधिकारियों ने कहा कि मौजूदा व्यवस्था में संसद के दोनों सदनों में रिपोर्टर बैठे होते हैं जो आशुलिपि के माध्यम से सांसद के हूबहू वक्तव्य को दर्ज करते हैं।



अब एआई की मदद से सांसदों के वक्तव्य को तकनीक के सहारे दर्ज करने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि हाल में पंचायतीराज संस्थाओं के प्रतिनिधियों के लिए हरियाणा के मानेसर में आयोजित कार्यक्रम और आदिवासी पंचायत प्रतिनिधियों के साथ लोकसभा अध्यक्ष की बैठक में उनकी बातचीत को एआई टूल के माध्यम से प्रतिलेख तैयार किया गया था जो बहुत कामयाब एवं त्रुटिरहित रहा। इस सत्र में इस प्रयोग को रिपोर्टरों के समानान्तर किया जाएगा और यदि यह सफल रहा तो भविष्य में इसे पूर्ण रूप से क्रियानवित किया जाएगा। इस तरह से सांसदों के वक्तव्यों का प्रतिलेख अविलंब उपलब्ध हो सकेगा जो मौजूदा व्यवस्था में उपलब्ध कराने में घंटों लग जाते हैं। इससे मीडिया में रिपोर्टिंग भी आसान और त्वरित हो सकेगी। वर्तमान में संसद के डिजीटलीकरण में आवश्यक दस्तावेज, प्रश्नों के उत्तर, विधेयक की प्रतियां, विभिन्न समितियों की रिपोर्ट आदि सांसदों को अब डिजिटल प्रारूप में उन्हें उपलब्ध कराये गये आईपैड पर भेजे जाते हैं। अनेक संसदीय प्रक्रियाओं को ऑनलाइन किया जा चुका है। अनेक सांसद विभिन्न अवसरों पर चर्चा में भाग लेने के लिए अपने नोट्स आईपैड पर ले कर आते हैं।

## नेशनल हेराल्ड मामले में फैसला 29 को

नयी दिल्ली। दिल्ली की एक विशेष अदालत नेशनल हेराल्ड से संबंधित धन शोधन के एक मामले में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी,लोक सभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और अन्य के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के आरोपों का संज्ञान के संबंध में 29 जुलाई को फैसला सुनाएगी। राउज एवेन्यू स्थित विशेष अदालत के न्यायाधीश विशाल गोगने ने सोमवार को फैसला सुरक्षित रखते हुए कहा कि ईडी के आरोपों का संज्ञान लेना चाहिए या नहीं, इस पर 29 जुलाई को कोई आदेश पारित किया जाएगा। केंद्रीय जांच एजेंसी ने श्रीमती गांधी और लोक सभा में विपक्ष के नेता अलावा, सुमन दुबे, सैम पित्रोदा, यंग इंडियन, डॉटेक्स मर्चेंडाइज़ और सुनील भंडारी को आरोपी बनाया है। ईडी का आरोप है कि एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) (नेशनल हेराल्ड प्रकाशक) की संपत्ति अवैध रूप से हासिल करने के लिए एक आपराधिक साजिश रची गई और एजेएल के शेयर कानून को ताक पर रखकर यंग इंडियन को हस्तांतरित किए गए।

## गांधी के प्रपौत्र का अपमान भाजपा को महंगा पड़ेगा : कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने सोमवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आरएसएस अब गांधीवादी विचारों की हत्या पर उतर आये हैं और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति के समक्ष सर झुकाने वाले भाजपा-आरएसएस ने बापू के प्रपौत्र का अपमान भी कर दिया है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने आज यहां एक बयान में कहा,ल्लआरएसएस के इशारे पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन(राजग) सरकार अब महात्मा गांधी के प्रपौत्र तुषार गांधी के अपमान पर उतर आई है। नीलहे किसानों के शोषण और दमन के ख़िलाफ़ गांधीजी के संघर्ष ने जिस चंपारण का नाम दुनिया के नक्शे पर ला दिया, उसी धरती पर तुषार गांधी को सामुदायिक भवन से निकाल दिया गया। उन्होंने कहा कि महात्मा की मूर्ति के सामने सिर झुकाने का ढोंग करने वाली भाजपा तथा जनता दल (यूनाइटेड) नेताओं को गांधीवादियों की बैठक तक मंज़ूर नहीं। सरकार के इशारे पर तुषार गांधी के लिए अभद्र और अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया गया। तुषार गांधी ने जनादेश की चोरी रोकने के लिए परिवर्तन यात्रा शुरू की है, चुनावी धांधली पर बेशर्मी से उतरी भाजपा-जदयू सरकार बौखला कर लोकतंत्र की हत्या पर उतारू हो गई है। महात्मा गांधी के अहिंसक संघर्ष से 135 वर्ष से चली आ रही शोषण की खेती खत्म हो गई थी, वैसे भी 20 साल से चल रही दमनकारी सरकार का अंत निकट आ गया है।

# पेज एक का शेष

### जलनिकासी, राहत...

की आशंका वाले संवेदनशील इलाकों में पहले से ही पर्याप्त प्रबंध कर लिए जाएं। राहत और बचाव दलों को सतर्क रखा जाए और नाव, सर्च लाइट, जीवन रक्षक उपकरण, मेडिकल किट जैसी सभी आवश्यक सामग्रियां पूरी तत्परता के साथ तैयार रहें। तटवर्ती क्षेत्रों में एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों को सक्रिय मोड में रखा जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी स्थिति में जनहानि या पशुहानि न हो, इसके लिए प्रशासन पूर्ण सतर्कता और संवेदनशीलता के साथ कार्य करे। संकट की घड़ी में प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित करने, उन्हें भोजन, पेयजल, चिकित्सा आदि मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने में कोई लापरवाही न हो। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारी और नगर निकाय प्रमुखों को अपने क्षेत्रों में जलभराव और बाढ़ की स्थिति की भौतिक समीक्षा करने और 247 नियंत्रण कक्षों के माध्यम से निरंतर निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि जनसामान्य को मौसम, वर्षा और जलस्तर से जुड़ी अद्यतन जानकारी समय-समय पर दी जाए। इसके लिए स्थानीय मीडिया, सोशल मीडिया और आपदा प्रबंधन ऐप का उपयोग प्रभावी ढंग से किया जाए, ताकि लोग पहले से सतर्क और सावधान रह सकें। उन्होंने पशुपालन, कृषि और राजस्व विभाग को भी निर्देश दिए गए कि बारिश और जलभराव से फसलों, पशुधन या संपत्ति को जो नुकसान हुआ है, उसका त्वरित आंकलन कर राहत और मुआवजा वितरण की प्रक्रिया तत्काल प्रारंभ की जाए।

### किसानों को खाद...

खाद की प्रदेश के भीतर कालाबाजारी अथवा पड़ोसी देशों में तस्करी के प्रयासों के विरुद्ध ज़ीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने के निर्देश देते हुए कहा कि जो भी व्यक्ति या संगठन किसानों के हक पर डाका डालने का प्रयास करेगा, उसके खिलाफ कठोरतम दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि थोक एवं खुदरा विक्रेताओं के स्टॉक की नियमित जांच की जाए, और गड़बड़ी मिलने पर लाइसेंस निरस्त करने से लेकर एफआईआर तक की कार्यवाही की जाए। मुख्यमंत्री ने किसानों को समय पर खाद की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए कृषकों से संवाद और प्रचार-प्रसार की व्यवस्था को भी सशक्त करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि किसानों को पता होना चाहिए कि खाद कहां और किस मूल्य पर उपलब्ध है, इसके लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म, कृषि विभाग की वेबसाइट, और स्थानीय मीडिया का समुचित उपयोग किया जाए। उन्होने यह भी कहा कि किसान हमारी प्राथमिकता हैं। उनके हितों की रक्षा और समस्याओं के समाधान के लिए प्रदेश सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। खाद की उपलब्धता, गुणवत्ता और कीमत पर पूरी निगरानी रखी जाएगी, ताकि अन्नदाता को कोई असुविधा न हो।

### कांवड़ यात्रा में विघ्न...

की जाए। महिला श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए उन्होंने विशेष निर्देश दिए कि महिला कांवड़ियों की सुरक्षा और सुविधा के पुख्ता इंतजाम हों तथा महिला पुलिस बल की प्रभावी तैनाती की जाए। उन्होने कहा कि संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर वहां ड्रोन कैमरों और सीसीटीवी के माध्यम से 24 घंटे निगरानी की जाए। उन्होंने खुफिया तंत्र को पूरी सक्रियता से कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी प्रकार की घुसपैठ या अराजकता की कोशिश को समय रहते रोका जा सके। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि कांवड़ यात्रा में विघ्न डालने वालों से सख्ती से निपटा जाए और उनके खिलाफ तत्काल कठोर कार्रवाई की जाए। योगी ने कहा कि यात्रा मार्गों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से जरूरी सूचनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाए और शिव भजनों का प्रसारण सुनिश्चित हो, जिससे श्रद्धालु भावनात्मक और आध्यात्मिक रूप से जुड़ाव महसूस करें। मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं के स्वागत के लिये प्रमुख अवसरों पर हेलिकॉप्टर से पुष्पवर्षा कराने की व्यवस्था करने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी प्रमुख स्थलों पर चिकित्सा शिविर, प्राथमिक उपचार केंद्र और एम्बुलेंस सेवाएं पूरी तरह सक्रिय रहें, ताकि किसी भी आपात स्थिति से तत्काल निपटा जा सके। खाद्य पदार्थों की शुद्धता को लेकर मुख्यमंत्री ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन तथा स्थानीय प्रशासन को निर्देशित किया कि वे खानपान सामग्री की गुणवत्ता और शुद्धता की नियमित जांच सुनिश्चित करें। योगी ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की कि वे कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धा, मर्यादा और अनुशासन का पालन करें। उन्होंने कहा कि सभी शिवभक्त पवित्र नदियों से जल लेकर भोलेनाथ का जलाभिषेक करें और इस दौरान प्रशासन से पूर्ण सहयोग बनाए रखें। राज्य सरकार श्रद्धालुओं की सेवा, सुविधा और सुरक्षा के लिये पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

### अशीम हरियाणा...

1985 तक वे आंध्र प्रदेश सरकार में वाणिज्यिक कर मंत्री (कैबिनेट मंत्री) रहे। 1978 से 2014 के बीच वे सात बार आंध्र प्रदेश विधान सभा के सदस्य रहे। प्रोफ़ेसर अशीम कुमार घोष : प्रो. अशीम कुमार घोष एक वरिष्ठ राजनीतिज्ञ और शिक्षाविद हैं। वे पश्चिम बंगाल भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं। 1944 में हावड़ा में जन्मे घोष ने कोलकाता के विद्यासागर कॉलेज से राजनीति विज्ञान में स्नातक की उपाधि प्राप्त की। बाद में वे कई वर्षों तक राजनीति विज्ञान के प्रोफ़ेसर रहे। प्रो. घोष 1991 में भाजपा में शामिल हुए। वे 1999 से 2002 तक पश्चिम बंगाल भाजपा के अध्यक्ष रहे। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने बंगाल में पार्टी की जमीनी स्तर पर उपस्थिति बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्हें 2003 से 2005 तक त्रिपुरा के लिए भाजपा का पर्यवेक्षक भी नियुक्त किया गया।

कविंदर गुप्ता : कविंदर गुप्ता जम्मू-कश्मीर से आने वाले एक प्रमुख भाजपा नेता हैं। वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के भी लंबे समय से सदस्य हैं। वे लगातार तीन बार (2005-2010) जम्मू के मेयर चुने गए। यह शहर में एक रिकॉर्ड है। उन्होंने महबूबा मुफ्ती के नेतृत्व वाली पीडीपी-भाजपा गठबंधन सरकार में उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी।

### आईएसएस से रवाना...

लिए चयनित संभावित क्रू में भी शामिल हैं। वह इस क्रू में एक मात्र ऐसे सदस्य बन गये हैं, जिनके पास अब अंतरिक्ष यात्रा का अनुभव है, जो मिशन के लिए महत्वपूर्ण है। मिशन की लॉन्चिंग 25 जून को हुई थी और मिशन 26 जून को आईएसएस पहुंचा था। इसके मंगलवार अपराह्न 3.01 बजे धरती पर वापस लौटने की उम्मीद है। ग्रुप कैप्टेन शुभांशु शुक्ला राकेश शर्मा के 41 साल बाद अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय हैं। भारतीय मूल की अमेरिकी नागरिक कल्पना चावला और सुनीत विलियम्स नासा के मिशनों में आईएसएस पर जा चुकी हैं।

### 'बिना रुकावट के...

की मुलाकात के बाद से भारत-चीन संबंधों में लगातार सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि इस यात्रा में चर्चा सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ेंगी। उन्होंने कहा कि भारत-चीन संबंधों के सामान्य बने रहने से दोनों देशों को फायदा होगा। डा। जयशंकर ने कहा कि 'अत्यंत जटिल अंतर्राष्ट्रीय स्थिति' को देखते हुए दोनों देशों के पड़ोसी और बड़ी अर्थव्यवस्था होने के मद्देनजर भारत और चीन के बीच विचारों तथा दृष्टिकोणों का खुला आदान-प्रदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने उम्मीद जतायी कि इस यात्रा के दौरान उनकी बातचीत इसी के अनुरूप रहेगी। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय राजनयिक संबंधों की स्थापना की 75 वीं वर्षगांठ का उल्लेख करते हुए डॉ। जयशंकर ने कहा कि कैलाश मानसरोवर यात्रा फिर से शुरू होने की भारत में व्यापक रूप से सराहना की जा रही है। कैलाश-मानसरोवर यात्रा कोविड-19 महामारी और उसके बाद भारत-चीन के बीच तनाव के कारण पांच वर्ष के बाद इस वर्ष फिर से शुरू हुई है।डा। जयशंकर तियानजिन में एससीओ के विदेश मंत्रियों की परिषद की बैठक में भाग लेने के साथ-साथ द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे। पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर 2020 के सैन्य गतिरोध के बाद डा। जयशंकर की यह पहली चीन यात्रा है। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल भी पिछले महीने एससीओ सुरक्षा परिषद सचिवों की 20वीं बैठक में भाग लेने के लिए चीन आए थे। श्री डोभाल ने चीन के विदेश मंत्री वांग यी के साथ भी बातचीत की और सभी तरह के आतंकवाद से निपटने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने क्षेत्र में समग्र शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों का मुकाबला करने की आवश्यकता पर बल दिया। श्री डोभाल ने चीन के उपराष्ट्रपति हान झेंग से भी मुलाकात की थी।

### 'चिकित्सा अनुसंधान...

में यह विश्वास मैंने खुद देखा है। यही इस संस्थान की सबसे बड़ी पूंजी है। मुख्यमंत्री ने चिकित्सकों और अधिकारियों से आह्वान किया कि वे नकारात्मकता को दूर रखें और समय के साथ स्वयं को अपडेट करें। सीएम योगी ने कहा कि व्यक्ति हो या संस्थान, अगर समय की गति के साथ नहीं चलते, तो कालचक्र उन्हें भुला देता है। लेकिन जो आगे बढ़ते हैं, वही प्रेरणा बनते हैं। इससे पहले उन्होने केजीएमयू में विधिवत पूजन-अर्चन और मंत्रोच्चार के साथ सभी सात परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने लोकार्पित परियोजनाओं का निरीक्षण किया व डॉक्टरों से बातचीत कर जानकारी ली। योगी ने एक-एक वॉर्ड में जाकर भर्ती मरीजों का हालचाल जाना और उनको मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। योगी ने केजीएमयू में 105 करोड़ रुपये की लागत से न्यू कॉर्डियोलॉजी विंग की शुरुआत की। वहीं 375 करोड़ की लागत से जनरल सर्जरी विभाग का छह मंजिला नवीन भवन,सात मंजिला ट्रॉमा सेंटर विस्तार एवं पेशेंट यूटिलिटी कॉम्प्लेक्स, सेंटर फॉर ऑर्थोपेडिक सुपरस्पेशियलिटी, डायग्रोस्टिक लैब एवं पेशेंट रिलेटिव एकमोडेशन फैसिलिटी ब्लॉक, नवीन प्रशासनिक भवन, न्यू गेस्ट हाउस का विस्तार का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, स्वास्थ्य एंव चिकित्सा राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य पार्थसारथी सेन शर्मा, केजीएमयू की कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद समेत कई गणमान्य, केजीएमयू प्रशासन से जुड़े अधिकारी व चिकित्सक मौजूद रहे।

### अन्याय रोकने को ...

जया पुरोहित एक 80 वर्ष की वृद्ध महिला हैं। वह की बीमारियों से पीड़ित हैं। जिस कारण वह कोर्ट में उपस्थित नहीं हो पा रही हैं और उनके द्वारा प्रस्तुत राजीनामा सत्यापित नहीं हो पा रहा है। हाईकोर्ट ने इस मामले को गंभीरता से लिया तथा कहा कि कोर्ट को खुद साक्ष्य एकत्र करने की दिशा में जरूरी कदम उठाने चाहिए, जिससे अन्याय से बचा जा सके। हाईकोर्ट अब इस केस की सुनवाई 28 जुलाई को करेगी।

# पंजाब कैबिनेट में पवित्र ग्रंथों की बेअदबी के खिलाफ विधेयक मंजूर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब में हो रही धार्मिक ग्रंथों की बेअदबी की घटनाओं का संज्ञान लेते हुए सख्त कानून बनाने के प्रस्ताव को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। उम्मीद की जा रही है कि सरकार आज ही इसे विधानसभा में पेश करेगी। कैबिनेट ने पंजाब रेगुलेशन ऑफ क्रशर यूनिट्स एंड स्टॉकिस्ट्स एंड रिटेलर रूल्स-2025 को भी हरी झंडी दे दी है। सोमवार को विधानसभा की कार्यवाही शुरू होने से पहले मुख्यमंत्री भगवंत मान की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की आपात बैठक बुलाकर बेअदबी कानून को मंजूरी दे दी गई। इस बिल का नाम 'पंजाब पवित्र ग्रंथों के खिलाफ अपराध रोकथाम विधेयक-2025' होगा। इस बिल को सरकार आज ही विधानसभा में पेश कर सकती है। इसमें धार्मिक ग्रंथों और स्थलों की बेअदबी करने वालों को उम्रकैद की सजा देने का प्रावधान किया गया है।दरअसल, पंजाब में बेअदबी की कई घटनाएं लगातार हो रही हैं। इसके खिलाफ एक सख्त कानून बनाने की मांग उठ रही



थी मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि सरकार ऐसा कानून लाना चाहती है, जो स्थायी हो और आने वाले समय में भी मजबूती से लागू रहे। इसलिए इसमें किसी तरह की कमजोरी नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि फिलहाल बेअदबी जैसे मामलों के लिए भारतीय न्याय संहिता की धारा 298 और 299 के तहत अधिकतम 3 साल की सजा का प्रावधान है। पंजाब सरकार इस सजा को कम से कम 10 साल और उम्रकैद तक बढ़ाने का प्रस्ताव रख रही है। सरकार चाहती है कि कानून में ऐसे प्रावधान जोड़े जाएं जिससे सिर्फ दोषी ही नहीं, उसके परिवार की भी जिम्मेदारी तय की जा सके। मकसद यह है कि कोई दोबारा इस तरह की हरकत के बारे में सोच भी न पाए। उन्होंने बताया कि इस संदर्भ में मंत्रिमंडल ने 'पंजाब पवित्र ग्रंथों के खिलाफ अपराध रोकथाम विधेयक-2025' को मंजूरी दे दी है। इस विधेयक में पवित्र श्री गुरु ग्रंथ साहिब, भगवद गीता, पवित्र बाइबल, कुरान शरीफ और अन्य पवित्र ग्रंथों की बेअदबी करने वाले दोषियों के लिए आजीवन कारावास सहित कठोर सजा का प्रावधान किया गया है। इस कानून के लागू होने से राज्य में सामुदायिक सद्भावना, शांति, एकता और भाईचारे की डोर को मजबूत करने की कोशिशों को और बल मिलेगा। इस कदम से जघन्य अपराध के दोषियों के लिए कठोर सजा सुनिश्चित करके समाज विरोधी और राष्ट्र विरोधी गतिविधियों को रोकने में और ताकत मिलेगी। उल्लेखनीय है कि अब तक ऐसा कोई विशेष कानून मौजूद नहीं था, जो पवित्र ग्रंथों के खिलाफ अपराधों को सीधे तौर पर संबोधित करता हो, जिसके परिणामस्वरूप अपराधी अक्सर गंभीर कार्रवाई से बच निकलते थे। इस विधेयक का उद्देश्य सभी धर्मों और समुदायों से जुड़े बेअदबी के मामलों में सजा का प्रावधान करके इस कानूनी खालीपन को भरना है। इस प्रस्तावित कानून के तहत बेअदबी का दोषी पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति को 10 साल से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा का सामना करना पड़ सकता है। इस अपराध की कोशिश करने वालों को भी तीन से पांच साल की कैद की सजा का सामना करना पड़ सकता है, जबकि अपराध के लिए उकसाने वालों को अपराध के अनुसार सजा मिलेगी। मंत्रिमंडल ने आज 'पंजाब रेगुलेशन ऑफ क्रशर यूनिट्स, एंड स्टॉकिस्ट्स एंड रिटेलर रूल्स-2025' को भी मंजूरी दे दी है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि क्रशर यूनिट, सामग्री विक्रेता और खुदरा विक्रेता निर्धारित ढांचे के भीतर काम करें। ये नियम पंजाब रेगुलेशन ऑफ क्रशर यूनिट्स, एंड स्टॉकिस्ट्स एंड रिटेलर रूल्स-2025 के अनुसार तैयार किए गए हैं, जो क्रशर यूनिटों द्वारा अवैध रूप से खनन की गई रेत और बजरी की खरीद को रोकने के लिए लागू किया गया था। नए नियम अधिनियम के प्रभावी, पारदर्शी और जवाबदेह ढंग से लागू करने की सुविधा के लिए विस्तृत प्रक्रियाओं, निर्धारित फॉर्म, समय-सीमाओं, अधिकारियों और अनुपालन विधियों को परिभाषित करते हैं। इनका उद्देश्य कार्यप्रणाली में अस्पष्टता को खत्म करना, रॉयल्टी चोरी और अवैध खनिज व्यापार को रोकना और पर्यावरण की दृष्टि से टिकाऊ और कानूनी रूप से अनुकूल व्यापारिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करना है। इसके अलावा, इन नियमों से पूरे राज्य में पारदर्शिता बढ़ाने और अवैध खनन गतिविधियों को रोकने की उम्मीद है।

# मतदाता पुनरीक्षण कार्य का डीएम ने किया निरीक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

भागलपुर। बिहार में चल रहे विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत भागलपुर में भी बीएलओ के द्वारा घर-घर जाकर मतदाता सूची में सुधार और अद्यतन का कार्य किया जा रहा है। इसी सिलसिले में सदर अनुमंडल कार्यालय परिसर में एक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जहां पूरे अभियान की निगरानी की जा रही है। सोमवार को भागलपुर के जिला पदाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी ने इस कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से कार्य की प्रगति की जानकारी ली और जरूरी निर्देश दिए। इस मौके पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी विकास कुमार सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

# दिल्ली में 'प्रतिरूप' प्रदर्शनी : एशिया की सांस्कृतिक एकता को दर्शाते मुखौटे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। एशिया की सांस्कृतिक विविधता और आध्यात्मिक एकता का अद्वितीय चित्रण करती 'प्रतिरूप : एशिया की सांस्कृतिक समन्विति में मुखौटे' नामक विशेष प्रदर्शनी इन दिनों राष्ट्रीय शिल्प संग्रहालय, दिल्ली में दर्शकों को आकर्षित कर रही है। यह प्रदर्शनी 23 जुलाई तक चलेगी और इसमें भारत, कोरिया, वियतनाम, श्रीलंका, तिब्बत, थाईलैंड, चीन और म्यांमार से लाए गए पारंपरिक मुखौटों को प्रदर्शित किया गया है। विगत शनिवार को प्रदर्शनी का उद्घाटन यूनेस्को की संस्कृति प्रमुख जुन्ही हान और भारत सरकार के राष्ट्रीय स्मारक प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रो. केके बासा ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर यूनेस्को दिल्ली के निदेशक टिम कर्टिस, ओडी कला केंद्र, ओडिशा के संस्थापक पीके दाश, विख्यात कलाकार जतिन दास, संगीत नाटक अकादमी की पूर्व सचिव हेलेन आचार्य तथा अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। प्रदर्शनी का आयोजन राष्ट्रीय शिल्प संग्रहालय, पूर्वाशा फोक एंड ट्राइबल आर्ट म्यूज़ियम, और ओड़ी आर्ट सेंटर, ओडिशा के संयुक्त प्रयास से किया गया है। प्रदर्शनी का संयोजन राष्ट्रीय शिल्प संग्रहालय की उपनिदेशक निधि कामरा और ओडी कला केंद्र की अंतरराष्ट्रीय क्यूरेटर एवं एशियाई लोक एवं परंपरा संस्कृति अनुसंधान संस्थान (सीआरआईएएफटी) की निदेशक पार्क येओन ओक के निर्देशन में किया गया है। प्रदर्शित मुखौटे केवल सौंदर्यशास्त्र का प्रतिनिधित्व नहीं करते, बल्कि वे धार्मिक अनुष्ठानों, आत्मिक विश्वासों, लोकनाट्य परंपराओं और पारंपरिक रंगमंच की जीवंतता का प्रतीक हैं। हर मुखौटा एक कहानी कहता है–एक ऐसी कहानी जो समय और सीमाओं से परे, पूरे एशिया की साझा सांस्कृतिक विरासत को जोड़ती है।

# पहली सोमवारी पर लाखों शिवभक्त ने किया जलाभिषेक, शिवालयों में लगी भक्तों की कतार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार के सभी शिवालयों में श्रावण मास की पहली सोमवारी पर हर-हर महादेव की गूंज सुनाई दी। वैशाली के हरिहर नाथ मंदिर, मुजफ्फरपुर के गरीबनाथ मंदिरों में सोमवार को रात 12 बजे से ही महादेव का जलाभिषेक के लिए भक्त पहुंचे। उत्तर बिहार के बाबा धाम कहे जाने वाला मुजफ्फरपुर स्थित बाबा गरीब नाथ धाम में प्रशासनिक सुरक्षा के बीच पहली सोमवारी को करीब दो लाख से ऊपर शिव भक्तों ने जलाभिषेक किया।

मंदिर के पुजारी महंत अभिषेक पाठक ने कहा कि पहली सोमवारी पर दो लाख से ऊपर श्रद्धालुओं ने जलभाभिषेक किया है, और लगातार श्रद्धालुओं का आना जारी है। आपको बताते चले की मुजफ्फरपुर के बाबा गरीब नाथ धाम में जलाभिषेक के लिए शिव भक्त वैशाली के पहलेजा घाट से जल उठाकर पैदल करीब 70 किलोमीटर का दूरी तय कर मुजफ्फरपुर बाबा गरीब नाथ धाम पहुंचते हैं और अपने विभिन्न मन्नतों के हिसाब से बाबा गरीब नाथ को



जलाभिषेक करते हैं। पटना के धनरूआ स्थित बुढ़वा महादेव स्थान में छह फीट का शिवलिंग हैं। सावन की पहली सोमवारी को श्रद्धालुओं ने शिव जी को जलाभिषेक किया। बुढ़वा महादेव स्थान के अलावे रामनाथेश्वर स्थित शिवमंदिर से लेकर श्रीरामजानकी ठाकुरवाड़ी मंदिर समेत सभी शिवालयों में भक्तों का तांता लगा रहा। बुढ़वा महादेव का इतिहास काफी पुराना है। कहा जाता है कि खुदाई के दौरान यह 5 फीट का शिवलिंग प्राप्त हुआ था। इसमें माता गौरी और भगवान शिव की आकृति थी। इस मंदिर के पुजारी दयाशंकर पांडे की माने तो महादेव यहां खुद से अवतरित हुए हैं। छपरा में भगवान भोलेनाथ का एक ऐसा हजारों वर्ष पुराना मंदिर है जो धर्मनाथ धनी के नाम से जाना जाता है। इस मंदिर में भगवान भोलेनाथ अपने आप जमीन से अवतरित हुए थे। इस शिवलिंग को मनोकामना लिंग भी कहा जाता है। सरयू नदी के किनारे स्थित भगवान भोलेनाथ की इस मंदिर में प्रत्येक सोमवार को और शिवरात्रि तथा सावन के सभी सोमवार को हजारों की संख्या में भक्त यहां जुटते है।



भगवान भोलेनाथ का अलौकिक सिंगार किया जाता है। छपरा के कटरा मोहल्ले में स्थित यह प्राचीन मंदिर में बाबा भोलेनाथ के दर्शन के लिए देश प्रदेश और विदेश से भी श्रद्धालु यहां आते हैं। बिहार में भागलपुर जिले में स्थित सुल्तानगंज अजगैबीनाथ धाम स्थित उत्तरवाहिनी गंगा से जलभरकर श्रद्धालु देवघर के लिए पहली सोमवारी को रवाना हुए हैं। सावन की पहली सोमवारी को आज 2 लाख से ज्यादा कांवड़ियों ने यहां से जल उठाया है। रविवार को कृष्णगढ़ नियंत्रण कक्ष के अनुसार रात दस बजे तक 1,67,409 कांवरिया बाबाधाम को रवाना हुए थे। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए गंगा घाटों पर बैरिकेडिंग और लाइटिंग आदि की विशेष व्यवस्था की गयी है। 100 से अधिक महिला डाकबम भी बाबाधाम के लिए रवाना हुई है। 4000 से अधिक पुरुष कांवरिया डाकबम गए हैं। यह रविवार की रात 10 बजे का आंकड़ा है। सीतामढ़ी में रामायण काल में बना हलेश्वर महादेव मंदिर भारत नेपाल के श्रद्धालुओं के लिए का आस्था का केंद्र है। सावन की पहली सोमवारी को यहां 40000 हजार कांवड़ियों ने जलाभिषेक किया। इस मंदिर के निर्माण के बारे में बताया जाता है कि त्रेता युग में जब राजा जनक की नगरी जनकपुर में अकाल पड़ा था तब ऋषि मुनियों के कहने पर राजा जनक ने अपने राज्य के हलेश्वर स्थान पर महादेव की स्थापना कर हलेश्वरी यज्ञ किया था। उसके बाद वहीं से राजा जनक ने हल चलाया था। तब से आज तक हजारों और लाखों की संख्या में पड़ोसी देश नेपाल और बिहार के कई जिलों से लोग हलेश्वर स्थान पहुंचकर महादेव को जलाभिषेक करते हैं।

## अवरूद्ध रास्ते चुनाव प्रचार में उम्मीदवारों के राह में बने रोड़ा

गोपेश्वर। चमोली जिले में हो रही भारी बारिश के कारण ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कें और पैदल मार्ग क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। इससे त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में प्रचार में जुटे उम्मीदवारों और उनके समर्थकों प्रचार-प्रसार के लिए गांव तक पहुंचना मुश्किल भरा बना हुआ है। बड़े भौगोलिक क्षेत्र वाले 26 जिला पंचायत सदस्य के वार्ड वाले चमोली जिले उम्मीदवारों को ग्रामीण मतदाताओं तक पहुंच बनाने के लिए खासा पसीना बहाना पड़ रहा है। पहाड़ों में हो रही लगातार बारिश के चलते गांवों के पैदल रास्ते क्षतिग्रस्त होने के साथ ही फिसलन भरे बने हुए है। जिला पंचायत का एक वार्ड तो 20 से 25 गांवों को मिलाकर बना है। ऐसे में उम्मीदवारों को नदी घाटियों को पार कर ग्रामीण इलाकों के पैदल रास्तों से गुजरना पड़ रहा है। महिला मको तो और भी दिक्कतें झेलनी पड़ रही है। खासकर उफनते नदी नालों को पार करने में।

# सावन के पहले सोमवार पर शिवालयों में उमड़ा शिवभक्तों का सैलाब

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। श्रावण मास के पहले सोमवार को तीर्थनगरी के शिवालयों में शिव भक्तों की भीड़ उमड़ी। शिव भक्तों ने अपने आराध्य का जलाभिषेक व बहुविधि पूजन-अर्चन कर सुख-समृद्धि की कामना की। ब्रह्ममुहूर्त से शुरू हुआ जलाभिषेक का सिलसिला अनवरत जारी रहा। भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस प्रशासन की ओर से शिवालयों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। मान्यता है कि श्रावण मास भगवान शिव को अत्यधिक प्रिय है। इसी कारण से इस मास में शिव आराधना का विशेष फल बताया गया है। श्रावण के पहले सोमवार को सबसे अधिक भीड़ कनखल स्थित श्री दक्षेश्वर महादेव मंदिर में देखने को मिली। मान्यता है कि भगवान शिव सावन के पूरे महीने अपनी ससुराल कनखल स्थित दक्षेश्वर प्रजापति मंदिर में ही



निवास करते हुए यहीं से सृष्टि का संचालन और लोगों का कल्याण करते हैं। दक्षेश्वर महादेव मंदिर समेत अन्य शिवालयों में भी भोले के भक्त भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए पहुंचे। भगवान शिव की ससुराल कनखल के दक्षेश्वर महादेव मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की कतार लगी रहीं। दक्षेश्वर महादेव मंदिर के पुजारी विनोद शास्त्री का कहना है कि सावन के महीने में शिव की अराधना का खास महत्व माना जाता है। क्योंकि सोमवार का दिन भोलेनाथ को बहुत पसंद होता है। कहा जाता है कि शिव को सावन में सोमवार के दिन जलाभिषेक करने से वो भक्तों से जल्द ही प्रसन्न हो जाते हैं। भगवान शंकर ने दक्षेश्वर महादेव के रूप में एक माह स्वयंभू लिंग के रूप में रहने का वचन दिया था। सावन में उनके द्वारा किये गए वादे के अनुरूप भगवान शंकर दक्षेश्वर महादेव यानी अपनी ससुराल हरिद्वार में रहते हैं। भगवान शंकर ने देवताओं और मां लक्ष्मी को वरदान दिया था कि सती की कमी को पूरा करने के लिए वे सावन के माह में यही निवास करेंगे और वे यहां कटे हुए सिर के रूप में विराजमान हैं। जो भी यहां सावन में शिव का जलाभिषेक करता है, भगवान शंकर उसकी सभी मनोकामनाएं पूरी करते हैं। दक्षेश्वर महादेव मंदिर के अतिरिक्त तीर्थनगरी के श्री तिलभाण्डेश्वर महादेव मंदिर, जहां भगवान तिल-तिल कर शुक्ल पक्ष में बढ़ते हैं और कृष्ण पक्ष में तिल-तिल कर घटते हैं, में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही।

# पहली सोमवारी पर सुल्तानगंज में श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब

कैनविज टाइम्स संवाददाता

भागलपुर। सावन के पहली सोमवारी को लेकर जिले के विभिन्न शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने बड़े ही नेम निष्ठा के साथ भगवान भोलेनाथ की पूजा की। उधर सुल्तानगंज के नमामि गंगा घाट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, असम, झारखंड, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल सहित देश के कोने-कोने से शिवभक्त बाबा भोलेनाथ को जल अर्पित करने के लिए सुल्तानगंज पहुंचे हैं। सुबह से ही श्रद्धालु पवित्र उत्तरवाहिनी गंगा में आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। फिर अपने कंधे पर गंगाजल से भरे कांवर लेकर देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम की ओर पैदल यात्रा शुरू कर रहे हैं। पूरा सुल्तानगंज बोल बम के नारों से गुंज रहा है। अजगैवीनाथ मंदिर और नमामि गंगे घाट भगवामय हो चुके हैं। हर तरफ जय भोलेनाथ, हर हर महादेव और बोल बम की गूंज सुनाई दे रही है। श्रद्धालुओं में अपार उत्साह देखा जा रहा है। कई भक्त तो सैकड़ों किलोमीटर दूर से नंगे पांव आए हैं। कई दिव्यांग श्रद्धालु भी विशेष साधनों के सहारे कांवर यात्रा पर निकले हैं। प्रशासन ने भी कांवरिया की सुविधा के लिए विशेष तैयारियां की हैं। घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गई है। मेडिकल कैंप और राहत शिविर लगाए गए हैं। पुलिस, एनडीआरएफ और वॉलंटियर्स की टीम तैनात की गई है, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। स्थानीय दुकानदारों और स्वयंसेवी संस्थाओं ने भी सेवा शिविर लगाकर श्रद्धालुओं को शरबत, चाय, भोजन और प्राथमिक उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई है।

# पुलिस ने नकली नोटों से 40 लाख की ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया, चार गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दक्षिण जिला की स्पेशल स्टाफ ने एक बड़े ठग गिरोह का भंडाफोड़ किया किया है। आरोपित लोगों को नकदी के बदले बैंक में जमा पैसे एक्सचेंज करने का झांसा देकर लाखों की ठगी करते थे। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान निखिल, प्रिंसपाल, परवेज और असगर खान उर्फ अख्तर खान उर्फ बंटी के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके कब्जे से 1.25 करोड़ रुपये की डमी करेंसी (जिन पर मनोरंजन बैंग लिखा था। एक कैश काउंटिंग मशीन, 7.5 लाख नकद, 4.50 लाख बैंक में फ्रीज राशि और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। दक्षिणी जिले के डीसीपी अंकित चौहान के अनुसार छह जुलाई को एक व्यक्ति ने सीआर पार्क में शिकायत दी कि वह एक प्रॉपर्टी खरीदना चाहता था और




इसके लिए अपने परिचितों से पैसे जुटाए थे। चार जुलाई को उसकी मुलाकात कुछ लोगों से हुई जिन्होंने खुद को बैंक में जमा धनराशि को नकद में बदलने वाले बताए। एक फ्लैट में उसे बुलाकर नकदी दिखाकर विश्वास में लिया और उससे 40 लाख रुपये अपने खाते में ऑनलाइन ट्रांसफर करवा लिए। बदले में उसे एक बैग में नकदी दी गई जो कैश काउंटिंग मशीन में गिनी भी गई थी। लेकिन जब उसने बैग खोला तो उसमें केवल ''मनोरंजन बैंक'' के नकली नोट थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए स्पेशल स्टाफ की टीम का गठन किया गया। इंस्पेक्टर गिरीश चंद्र की देखरेख में पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज, व्हाट्सएप कॉल डिटेल्स, बैंक ट्रांजेक्शन की गहराई से विश्लेषण किया गया। नौ जुलाई को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने सैदुलाजाब स्थित एक फ्लैट से तीन आरोपित निखिल, प्रिंस पाल और परवेज को गिरफ्तार किया गया। अगले दिन असगर खान को भी उसी फ्लैट से दबोचा गया।मुख्य आरोपित असगर खान ने बताया कि उसे यह ठगी का तरीका एक नसीम नामक व्यक्ति ने सिखाया था। गिरोह का हर सदस्य एक निश्चित भूमिका निभाता था। क्लाइंट को ह्यलाइनरङ्क के माध्यम से लाया जाता, फ्लैट किराए पर लिया जाता और नकली नोटों की साजिश वहां रची जाती। कैश गिनने के दौरान असली नोटों को बेडशीट के नीचे बने छेद से गिराकर उनकी जगह डमी नोट रख दिए जाते थे।

## मामूली कहासुनी में मिस्त्री ने पेट्रोल फेंका, आग लगने से पीड़ित घायल

नई दिल्ली। दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के आरके पुरम थाना क्षेत्र में रविवार रात एक बाइक मिस्त्री ने मामूली विवाद के चलते एक व्यक्ति पर पेट्रोल डालकर उसे आग के हवाले कर दिया। पीड़ित व्यक्ति को झुलसी हुई अवस्था में ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। घायल की पहचान वसंत गांव निवासी राहुल चौहान (40) के रूप में हुई है। राहुल पेशे से नगर निगम (एमसीडी) में सफाई कर्मचारी हैं। दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के डीसीपी अमित गोयल के अनुसार रविवार रात करीब 9:30 बजे पुलिस को पीसीआर कॉल के माध्यम से सूचना मिली कि सेक्टर-8 की मार्केट में एक व्यक्ति को पेट्रोल डालकर आग लगा दी गई है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पहुंची। घटनास्थल पर पाया कि एक व्यक्ति बुरी तरह झुलसा हुआ था। उसे तत्कालत इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर में भिजवाया गया। हादसे के वक्त वह अपने चचेरे भाई सिद्धांत राज और दो अन्य लोगों के साथ सेक्टर-8 मार्केट में एक मारुति बलेनो कार के अंदर बैठे हुए थे। कार बाजार की एक बाइक रिपेयरिंग की दुकान के पास खड़ी थी। पीड़ित के भाई सिद्धांत राज ने पुलिस को बताया कि कार जिस दुकान के पास खड़ी थी।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063